रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.5⁰ न्यून. 22.0⁰
रांची: अधिक. 30.3⁰ न्यून. 22.7⁰

रांची, रविवार
22 जून 2025
वर्ष-26, अंक-140, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## तीन कोचिंग संस्थानों ने 7वीं रैंक प्राप्त केशव को बताया अपने यहां पढ़ने वाला छात्र

# एक साथ तीन कोचिंग संस्थानों में पढ़ा केशव मित्तल!

- भ्रामक विज्ञापन से अभिभावक परेशान आखिर सच्चाई क्या है
- शिक्षा मंत्रालय के गाइडलाइंस को नहीं मानते हैं कोचिंग संस्थान

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** सोशल मीडिया में चर्चा है कि रांची के समाचार पत्रों में एक ही छात्र का एक पेज में एलेन कोचिंग संस्थान और दूसरे पेज में मोशन कोचिंग संस्थान में पढ़ने के दावे का विज्ञापन छपा है, जबकि दो दिन बाद नारायण कोचिंग संस्थान में पढ़ने का विज्ञापन छपता है। इससे कोचिंग संस्थान का मजाक उड़ाया जा रहा है। वहीं, फर्जीवाड़ा करने का बड़ा आरोप भी लग रहा है।










एक प्रमुख समाचार पत्र एशिया न्यूज ने कोचिंग संस्थानों के भ्रामक प्रचार पर सवाल उठाया है, वहीं झारखंड के अभिभावकों में भ्रम है कि आखिर सच्चाई क्या है। दरअसल, पंजाब के बरनाला जिले के 17 वर्षीय केशव मित्तल नीट यूजी 2025 के टॉपर हैं, जिन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 22,70,000 छात्रों के बीच में ऑल इंडिया रैंक में 7वां स्थान प्राप्त किया है। तीनों कोचिंग संस्थान इसे अपना छात्र बता रहे हैं और प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एक साथ तीन कोचिंग संस्थानों में पढ़ा है केशव मित्तल?

कोचिंग संस्थानों पर आरोप लगते रहे हैं कि वे भ्रामक विज्ञापनों के सहारे अरबों का कारोबार करते हैं। विज्ञापन के भ्रमजाल में अभिभावक आ जाते हैं और अपनी बड़ी पूंजी दांव पर लगा देते हैं। बाद में जब उन्हें वस्तुस्थिति का पता चलता है कि वे गलत प्रचार में फंसकर अपने बच्चे का दाखिला करवा दिए हैं, तो उन्हें समझ नहीं आता है कि वे अब क्या करें। जबकि, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक दावा करने के मामले में 49 बड़े कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया था और शेष पेज 11 पर

### शिक्षा मंत्रालय का गाइडलाइन है, कोचिंग संस्थान भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेंगे

शिक्षा मंत्रालय ने अपनी गाइडलाइंस में यह भी सिफारिश की है कि कोई भी कोचिंग संस्थान किसी भ्रामक विज्ञापन को प्रकाशित नहीं करेगा। पैरेंट्स या स्टूडेंट्स से यह वादा नहीं किया जाएगा कि इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने से रैंक आने की गारंटी होगी या फिर बहुत अच्छे नंबर आ ही जाएंगे। कोचिंग सेंटर को अपनी वेबसाइट पर टीचर्स से जुड़ी सारी जानकारी देनी होगी। फीस, फीस रिफंड पॉलिसी की जानकारी देनी होगी। साथ ही, 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं किए जाने का निर्देश दिया गया है।

### एलेन इंस्टीच्यूट रांची ने कहा, देशभर में 64 केंद्र है, किसी में पढ़ा होगा केशव

एलेन इंस्टीच्यूट जाकर राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने केशव मित्तल और उनके कोचिंग संस्थान में पढ़ने के बारे में पूछा तो एलेन इंस्टीच्यूट रांची के इंचार्ज एवं शिक्षक उदय कुमार ने कहा कि केशव मित्तल गुजरात का छात्र है। देश भर में एलेन के 64 केंद्र हैं, इनमें से किसी में वह पढ़ा होगा।

---

## एक नजर

### जवान की अपनी सर्विस राइफल की गोली से मौत

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग साइडिंग में शनिवार को एक हादसे में स्टेट इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स (एसआईएसफ) के जवान मिथलेश यादव की मौत हो गई। एसआईएसफ के डिप्टी एसपी साजिद के अनुसार, मिथलेश यादव ड्यूटी पर तैनात थे। वे पैर फिसलने से गिर पड़े और इस दौरान उनकी सर्विस राइफल से अचानक गोली चल गई। गोली उन्हीं को लगी, जिससे मौके पर ही मिथलेश की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, मिथलेश यादव झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले थे। मृतक के बड़े भाई अमरेश कुमार यादव भी इसी कंपनी में कार्यरत हैं और वर्तमान में बड़कागांव में तैनात हैं। उन्हें बताया गया कि बारिश के कारण फिसलने से मिथलेश गिरे और गोली चलने से उनकी जान चली गई। कैंप कमांडेंट और मृतक के भाई ने इसे एक दुर्घटना बताया है। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग पुलिस और एसआईएसएफ अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान, बोले

# सीएम सोरेन का सपना है 'स्वस्थ झारखंड', योग उसका पहला कदम

- कहा, योग केवल एक कसरत नहीं, जीवन को बदलने वाली भारतीय विद्या है
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बिरसा मुंडा फन पार्क में किया गया योगाभ्यास

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना है कि झारखंड एक स्वस्थ राज्य बने, और स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, योग न केवल हमें ऊर्जावान बनाता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, शांति और सामंजस्य भी लाता है। यदि हर नागरिक प्रतिदिन कुछ मिनट योग करे, तो न केवल उसका जीवन, बल्कि पूरा समाज स्वस्थ और समृद्ध बन सकता है।

डॉ अंसारी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया और उपस्थित जनसमूह को योग के लाभ और महत्व के बारे में जागरूक किया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योगप्रेमियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ डीके शाही और गण्यमान्य व्यक्तित्वों ने भाग लिया।



### योग से मन, शरीर व आत्मा के बीच संतुलन बनता है

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा, योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाता है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दे रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि योग हमारी परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे हमें नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पूर्वी जेल रोड, रांची में आम लोगों के लिए राज्य स्तरीय योग केंद्र संचालित है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य के 745 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगभग 1000 योग प्रशिक्षक कार्यरत हैं। शेष पेज 11 पर



### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए : सीपी सिंह



कार्यक्रम में रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन चुका है। झारखंड सरकार का यह प्रयास सराहनीय है और हमें योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

*प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।*

***हेमंत सोरेन,*** *सीएम (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)*





*अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और समग्र रूप से स्वस्थ रखने की एक प्रभावशाली पद्धति है। यह शरीर को ऊर्जा, विचारों को स्पष्टता और जीवन को स्थिरता देता है। आइए, योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें।*

***राज्यपाल,*** *(सोशल मीडिया 'एक्स' पर)*



*आप सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो हमें प्रकृति के करीब ले जाती है और आंतरिक चेतना को जागृत करती है।*

***बाबूलाल मरांडी,*** *नेता प्रतिपक्ष (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)*

## थाने के पास से 30 लाख के आभूषण लूटे, अपराधी फरार



- लेस्लीगंज के सोनमहल बाजार में बाइक सवार उड़ा ले गया बैग, पुलिस पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर शनिवार की शाम एक बड़ी लूट की वारदात हुई। सोनमहल बाजार स्थित सोनमहल आभूषण एवं बर्तन दुकान से अपराधी सोने-चांदी के आभूषण से भरा बैग लेकर फरार हो गया। दुकान के मालिक अरुण कुमार सोनी के मुताबिक, बैग में करीब 30 लाख रुपये के आभूषण थे। घटना शाम करीब 7 बजे की है, जब अरुण सोनी दुकान बंद कर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने आभूषण से भरा बैग अपनी बाइक में रखकर गाड़ी स्टार्ट करने लगे, तभी हैंडल में गंदगी देख पानी लेने पास चले गए। इसी दौरान घात लगाए अपराधी ने बैग निकाल लिया और मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधी पल्सर बाइक पर सवार था और तेज रफ्तार में भाग निकला।

हैरानी की बात यह है कि यह घटना थाना से मात्र कुछ कदम की दूरी पर हुई, जहां पुलिस की मौजूदगी लगभग रोज रहती है। इसके बावजूद अपराधी आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शेष पेज 11 पर


## सीबीआई ने घूस लेते बैंक अधिकारी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

**गिरिडीह।** सीबीआई की टीम ने गिरिडीह में बैंक ऑफ इंडिया की पचंबा कल्याणडीह शाखा के ग्रामीण स्वरोजगार ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक सह वरीय शाखा प्रबंधक अभिषेक कमल को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ दबोचा है। जानकारी के अनुसार धनबाद सीबीआई के अधिकारी ने शुकवार देर रात केंद्र के निदेशक अभिषेक कमल को गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार, टीम में करीब दर्जन भर अधिकारी शामिल थे। शुक्रवार शाम को ही सीबीआई धनबाद डीएसपी पाठक के नेतृत्व मे गिरिडीह पहुंचे थे। ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक अभिषेक कमल को केंद्र के अंदर संचालित कैंटीन संचालक से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, कैंटीन संचालक के टेंडर में सहयोग करने के लिए केंद्र के निदेशक सह बैंक ऑफ इंडिया के वरीय प्रबंधक अभिषेक कमल ने 20 हजार रुपए की मांग की थी। इसके बाद कैंटीन संचालक ने मामले कि जानकारी धनबाद सीबीआई को दी। सीबीआई के अधिकारी गिरिडीह के पचंबा कल्याडीह ग्रामीण स्वरोजगार केंद्र पहुंच कर कार्रवाई में जुट गए और देर रात कैंटीन संचालक से 20 हजार रुपए नकद रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया।

## भारतीय सेना को शत-शत नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




**डॉ अंजेश कुमार**
**नामकुम**

यह सही है कि युद्ध संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय देश के राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं, लेकिन उसकी रणनीति को बनाना और धरातल पर उतारने का कार्य हमारी तीनों सेनाएं करती हैं। जिस तरह सटीक निशाने के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत नौ आतंकी ठिकानों पर आक्रमण कर सफलतापूर्वक उसे नष्ट किया गया, विश्व में उसका दूसरा उदाहरण बहुत कम मिलता है। इस अभियान को इतनी गोपनीयता एवं कुशलतापूर्वक किया गया कि दुश्मनों को इसकी तनिक भी भनक नहीं लगी। पूरी दुनिया में सेना के द्वारा किए गए इस पराक्रम को प्रशंसा मिली है। आज आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है तथा जिस मजबूती से हमारी सेना ने इसके विरुद्ध कदम उठाया है, उसके लिए हम सभी देशवासी उनके आभारी है। खतरनाक पहाड़ी स्थिति और विपरीत जलवायु परिस्थितियों पल प्रतिकार की आशंका के बीच सीना ताने सेना के हमारे जवान जिस तरह बहादुरी से अपने कार्य को अंजाम देते हैं, यह सामान्य व्यक्ति नहीं समझ सकता। हम आज अपने घरों में सुरक्षित है, घर के बाहर भी अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, तो इसके पीछे सीमा पर हमारी सुरक्षा के लिए खतरनाक मौसम और वितरित परिस्थितियों में हर पल तैनात हमारी सेना के जवान और अधिकारी हैं।


शेष पेज 11 पर

## इंडिया | मशीनों पर बढ़ती निर्भरता से सामान्य ज्ञान भूलते भारतीय



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत का मजाक उड़ाने वालों की भीड़ को सुदूरवर्ती गांवों और व्यापारी परिवारों के बारे में जानना चाहिए जो कहावतों और धार्मिक पुस्तकों से मौसम, बीमारी, नीति और गिनती,पहाड़ा, सवैया, अढ़ैया जैसे कण्ठाग्र ज्ञान से बिना लिखे-पढ़े बड़े हिसाब मुंहजबानी करते थे और यह अनुभव का खजाना पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता आया है पर इस प्राकृतिक ज्ञान को कैलकुलेटर के बाद मशीनों और अब एआई ने बर्बाद करना शुरू कर दिया है। मशीन पर निर्भरता से गिनने की क्षमता,उच्च स्तर पर पढ़ने-लिखने की क्षमता तो घट ही रही है, हम मामूली हिसाब करना भूल रहे हैं जो गांव के अनपढ़ तक उंगलियों पर किया करते हैं । इससे रोजगार, शिक्षा और कला का भविष्य संकट में पड़ रहा है। हमें लग रहा है हमारी गति बढ़ रही है जबकि मशीनें हमे लील रहीं हैं।चैटजीपीटी को ढाई साल पहले जारी किया गया था,कृत्रिम मेधा (एआई) मनुष्यों की तरह लिख सकता है, जिससे यह डर पैदा होता है कि मशीन द्वारा तैयार पाठ पर बहुत अधिक निर्भर रहने से हमारी रचनात्मक क्षमता कम हो जाएगी। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेजों में धोखाधड़ी करने के लिए एआई उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे नौकरियों, शिक्षा और कला के भविष्य को एक साथ कमजोर करने की क्षमता है। फरवरी में एआई इंजीनियर आंद्रेज कारपैथी ने एक्स पर बताया था कि वह एक नए प्रकार का सॉफ्टवेयर विकसित करने में लगे हुए थे, जिसे उन्होंने 'वाइब कोडिंग' नाम दिया। चैटबॉट को दिए गए मौखिक संकेतों के अलावा कुछ भी उपयोग किए बिना वह डाटा पर तदर्थ प्रयोग कर रहे थे और 'कीबोर्ड को मुश्किल से छूते थे।' उन्होंने कहा कि इससे वह यह भूल गए कि कोड भी मौजूद है और उन्होंने कठिन काम एआई पर छोड़ दिया। कारपैथी की पोस्ट वायरल हो गई और कई अन्य लोगों ने भी माना कि वे भी ऐसा ही कर रहे हैं। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि वाइब कोडिंग ठीक से नहीं चल रही है। कारपैथी के प्रॉम्प्ट से जो कोड बनता है, उसे अपूर्ण और ठीक न किए जाने वाली गलतियों भरा बताया गया है। गूगल ने दावा किया है कि 2024 में कंपनी के सभी कोड का 25 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा एआई ने लिखा है और हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट ने भी ऐसी ही संख्या बताई है, क्योंकि उसने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जिनमें कई सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी शामिल हैं। अमेजन ने भी सुव्यवस्थित एआई कोडिंग प्रथाओं को अपनाया है, जिसके बारे में कर्मचारियों का कहना है कि इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में मौलिक परिवर्तन आता है तथा बौद्धिक प्रयास से परिभाषित कार्य कठिन औद्योगिक बन जाता है।पिछले एक दशक से कंप्यूटर विज्ञान की अमेरिका में सबसे ज्यादा मांग थी । रिपोर्टों से पता चलता है कि प्रमुख एआई कंपनियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरियों के लिए भर्ती दर 2024 के दौरान लगभग 3,000 प्रतिमाह से गिरकर लगभग शून्य हो गई है। यदि नौकरियों की मांग नहीं होने के कारण कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई ही बंद हो गई तो शिक्षा से लेकर रोजगार तक की पूरी प्रक्रिया ध्वस्त हो सकती है।हैरानी की बात नहीं है कि परीक्षा पास कर मिलने वाली नौकरियों से पहले चैटबॉट तकनीकी नौकरियों को खतरे में डाल सकता है। वह परीक्षाओं और प्रश्नपत्रों पर बहुत से मानक प्रश्नों के उत्तरों की जानकारी देने में बहुत अच्छा है और बहुत सारा मात्रात्मक कार्य बहुत ही सरल कोड का इस्तेमाल करके कर सकता है।एआई इसमें इस्तेमाल होने वाले बुनियादी मात्रात्मक कौशल के लिए संभावित रूप से बहुत बड़ा खतरा है। चिंता की बात यह है कि एक समाज के रूप में हम निरक्षर ही नहीं, बल्कि गणितीय कौशल में भी अक्षम हो जाएंगे। लगता है कि एआई एक और खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ा रहा है और यह संकट शिक्षा के सबसे बुनियादी तत्वों पर है-पढ़ना, लिखना और अंकगणित के सवाल हल करना। इसलिए आज के युवाओं को चाहिए कि वे भाषा और गणित का अध्ययन करें। बाजारों में अप्रत्याशित परिणामों से निपटने के लिए तकनीकी कौशल पर्याप्त नहीं, इसलिए गणित और भाषा का व्यापक ज्ञान ही इससे निपटने का एकमात्र तरीका होगा। एआई के युग में अपनी संस्कृति को समझने के लिए हमें उच्च स्तरीय गणित की कक्षाओं और साहित्य तथा भाषा विज्ञान के गहन अध्ययन की आवश्यकता होगी।हो सकता है कि छात्र को जिस महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि की आवश्यकता है, वह 'डॉन क्विक्जोट' पर एक पाठ्यक्रम से प्राप्त हो, भले ही यह सुनने में कितना भी विचित्र क्यों न लगे। बाजार को सब कुछ सस्ता या फ्री में चाहिए पर जब हमारे अस्तित्व पर ही संकट हो जाए तो हमें अपने मौलिक ज्ञान को बचा कर रखना चाहिए क्योंकि भारत और पश्चिमी देशों में मौलिक अंतर यह है कि हम आज भी कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था के बलबूते टिके हैं और जब दुनिया मंदी से जूझ रही थी तब भी हम बचत और अपनी भारतीयता के बूते मजबूती से टिके थे ।



### राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास कार्यक्रम में लिया भाग, कहा

# संपूर्ण विश्व को भारत का एक अनुपम उपहार है योग

- कार्यक्रम में राजभवन परिवार के सदस्यों एवं आमंत्रित स्कूली बच्चों ने किया योग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को कहा कि योग भारत की ओर से संपूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है।

राज्यपाल गंगवार शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन के बिरसा मंडप में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस योगाभ्यास



कार्यक्रम में राजभवन परिवार के सदस्यों एवं आमंत्रित स्कूली बच्चों ने सक्रियता से भाग लिया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि योग जीवन को संतुलित करने की कला है और इसके अभ्यास से हम स्वस्थ शरीर, शांत चित्त एवं ऊर्जावान जीवन की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली। 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता मिलना भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि योग बच्चों और युवाओं के लिए केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मबल और अनुशासन का भी माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन योग करें और समाज में योग के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हैं राष्ट्र की वित्तीय रीढ़ : राज्यपाल



- राज्यपाल ने आईसीएआई रांची शाखा के राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) रांची शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन रांची के करमटोली स्थित सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में किया गया था।

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि हर्ष का विषय है कि आईसीएआई देश की एक प्रतिष्ठित संस्था है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को पारदर्शी, अनुशासित और उत्तरदायी बनाने में अनुकरणीय योगदान दिया है। यह संस्था केवल कर सलाहकार नहीं, बल्कि ऐसे वित्तीय प्रहरी तैयार करती है जो राष्ट्र की आर्थिक नींव को सुदृढ़ बनाते हैं। राज्यपाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को वित्तीय पारदर्शिता, आर्थिक अनुशासन और सुशासन के स्तंभ बताते हुए कहा कि रांची शाखा की सक्रियता ने झारखंड में कर-जागरूकता, वित्तीय विवेक और नैतिक व्यवसायिकता को सुदृढ़ करने की दिशा प्रयासरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते भारत का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में आईसीएआई और उससे जुड़े पेशेवरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक है।

राज्यपाल गंगवार ने यह भी कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों और मानवशक्ति से समृद्ध राज्य है, परंतु संसाधनों का सुशासन, पारदर्शी प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने आईसीएआई जैसी संस्थाओं से राज्य सरकार एवं उद्योगों के साथ भागीदारी के नए रास्ते तलाशने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन व्यवसाय और शासन के बीच संवाद का मंच बनते हैं, जिससे नीतियां जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचती हैं। उन्होंने युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से कहा कि आप केवल आर्थिक सलाहकार नहीं हैं, आप राष्ट्र की वित्तीय रीढ़ हैं। आपके व्यवहार में ईमानदारी, समयपालन और सामाजिक जिम्मेदारी की झलक अवश्य होनी चाहिए।

### मंत्री चमरा लिंडा ने की आदिवासी कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक, कहा

# छात्रवृत्ति योजना के लिए छात्रों का शीघ्र चयन करें

- आदिवासी कार्य मंत्री ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी कार्य मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को विभागीय सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त एवं आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन एवं लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने को लेकर कई अहम निर्देश जारी किए गए।

मंत्री लिंडा ने शिक्षा क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग से युवाओं को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी।

बैठक में मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं के शीघ्र चयन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। इस योजना के अंतर्गत विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल योजना को तेजी से लागू करते हुए सभी जिलों में शीघ्र साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के प्रयासों को तेज करने की बात कही।



### ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर संचालन के लिए त्वरित कदम उठाएं

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मंत्री लिंडा ने 16 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं संचालन के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा कर उन पर क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## योग भारत की प्राचीनतम धरोहर है : अन्नपूर्णा देवी

- देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के परिसर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची/देवघर।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को देवघर में कहा कि योग भारत की प्राचीनतम धरोहर है, जिसे आज विश्व ने अपनाया है। वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के परिसर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रही थीं।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज पूरा विश्व 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि योग करने से लोग निरोग होते है।

सभी को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे, जिला उपायुक्त, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत किया।

## 'सारंडा का बदलता परिदृश्य' को समझाने के लिए आज जुटेंगे दिग्गज

- विधायक और पर्यावरणविद सरयू राय के नेतृत्व में रांची प्रेस क्लब में होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सारंडा बचाओ अभियान, नेचर फाउंडेशन और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 22 जून को रांची प्रेस क्लब में 'सारंडा का बदलता परिदृश्य' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होगा। सारंडा बचाओ अभियान के संयोजक और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय इस सेमिनार के अध्यक्ष होंगे। मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज न्यायमूर्ति एस.एन. पाठक होंगे।

यहां जारी विज्ञप्ति में युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने बताया कि सेमिनार में स्वागत भाषण झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. एम.के. जमुआर देंगे जबकि विषय प्रवेश पर्यावरणविद राकेश कुमार सिंह कराएंगे। श्री शरण ने बताया कि सेमिनार में पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल.आर. सिंह, पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एच.एस. गुप्ता, पूर्व अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक धीरेंद्र कुमार, झारखंड सरकार के खनन विभाग के पूर्व उप निदेशक अरुण कुमार और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रो. डी.एस. श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुरेश सिंह मौजूद रहेंगे। सम्मानित अतिथि के रुप में झारखंड सरकार के खनन विभाग के उप निदेशक संजीव कुमार मौजूद रहेंगे।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया योग शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून दिन शुक्रवार को शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में योग शिविर लगाया गया ।जिसमें शाखा सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। योग शिविर का आयोजन योगा ट्रेनर आयुष कुमार* जी के देखरेख किया गया। योग प्रशिक्षक ने कई तरह के योग आसन सिखाएं और कहा कि योग से मानसिक और शारीरिक शक्ति का विकास होता हैं और साथ ही साथ हमारी बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। शाखा अध्यक्ष



पूजा अग्रवाल जी ने सभी बहनों से कहा कि हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। आजकल के जमाने में हम लोग जंक फूड खाते हैं उससे होने वाले नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए हमें योग रोजाना करना चाहिए।

## योग दिवस पर गवर्नमेंट टूल रूम में कराया गया योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे रांची में योग दिवस का आयोजन किया गया । जिसमे संस्थान की छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच योग का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से आये हुए टीम जिसका नेतृत्व सुश्री सुषमा यादव के दिशा निर्देश में



किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:00 बजे संस्थान के प्रांगण में सामूहिक प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा की "योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और एक सकारात्मक जीवन की कुंजी है। ऐसे आयोजन हमारे छात्रों को संतुलित और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं।

**योग दिवस** | प्रदेश भाजपा ने मंडल स्तर पर मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# विश्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत की प्रतिष्ठा है योग दिवस : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को मंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास कर योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।




रांची जिलांतर्गत चुटिया मंडल में योगाभ्यास के बाद अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक विरासत है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों ने इसे विश्व पटल पर प्रतिष्ठापित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व बंधुत्व का भाव रखती है। भारत के ऋषि-मुनियों ने 'सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्व संतु निरामया' का उद्घोष हजारों वर्ष पूर्व किया था।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस वर्ष का थीम ही है 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य।' यह 'सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्व संतु निरामया' पर ही आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना काल में भी इस मंत्र को सार्थक किया। कोरोना के टीके विश्व के अनेक देशों में भारत ने भेजे। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया, स्वस्थ इंडिया बनाने में योग का बहुत बड़ा योगदान होगा। मरांडी ने लोगों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि योग एक ऐसी विधा है, जो केवल तन को ही निरोगी और स्वस्थ नहीं बनाती, बल्कि चारों पुरुषार्थ 'धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष' को सिद्ध करने में सहायक सिद्ध होती है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि योग साधना है, योग विज्ञान है, योग हमारी विरासत है, परंपरा है। उन्होंने कहा कि आज दुनियां भर में योग की स्वीकृति भारत की सनातन संस्कृति परंपरा की स्वीकृति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित योगाभ्यास से जुड़ने का आह्वान किया।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड में तीन दिनों के बाद मौसम हुआ साफ

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में शनिवार को मौसम साफ रहा। बारिश नहीं होने से आम जनजीवन को राहत मिली। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार की सुबह से मौसम आंशिक रूप से साफ हुआ। बाद में बादल हटने से हल्की धूप भी निकली। इधर, मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं, कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की भी आशंका है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के मांडर में 210.2 मिमी रिकॉर्ड की गई।

### तंयता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे : थाना प्रभारी



**रातू ।** रातू राजमहल में 27 जून को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को राजपुत्री माधुरी मंजरी की अध्यक्षता में रातू गढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया एवं थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने कहा कि रथ यात्रा को सुचारू तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन की ओर से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। प्रशासन पुरी तन्यमता के साथ अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करेगी।

### अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ ने सुदेश को दी जन्मदिन की बधाई



**रांची।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो के जन्म दिन पर आज अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर जाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने सुदेश महतो को पुष्प गुच्छ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। प्रतिनिधिमंडल में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष रेखा वर्मा एवं मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद शमिल थे।

### तालाब निर्माण में बरती गई अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के पिठौरिया स्थित अंधेरी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में बड़ा घोटाला सामने आया है। लघु सिंचाई विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस कार्य में ठेकेदार और इंजीनियर की लापरवाही से महज एक महीने में तालाब क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने 1 जून 2025 को कंप्लेन नंबर 3064 के साथ रांची उपायुक्त से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य स्थल पर योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे यह समझना मुश्किल हो रहा है कि कितने क्षेत्रफल में अंधेरी तालाब का जीर्णोद्धार किया जाना है, इसकी प्रक्रिया क्या है और प्राक्कलन राशि कितनी है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर जांच होती तो यह घटना नहीं होती।ग्रामीणों के अनुसार, यह तालाब किसानों के लिए वरदान समान है और सिंचाई का एक अच्छा स्रोत है। अब ग्रामीण ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और रांची उपायुक्त से अनुरोध कर रहे हैं कि वे इस मामले में संज्ञान लें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

### एफजेसीसीआई की टीम करेगी वियतनाम का दौरा




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई)द्वारा 24 से 30 जून तक वियतनाम का अंतर्राष्ट्रीय दौरा करेगी। इस व्यवसायिक दौरे में टेक्सटाइल, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ट्रांसपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी समेत विभिन्न सेक्टर्स से जुडे. 21 सदस्यीय दल शामिल हैं। झारखंड चैंबर द्वारा किये जा रहे व्यवसायिक दौरे पर चर्चा हेतु आज चैंबर भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि वियतनाम में भारतीय राजदूतावास के अलावा इंडियन बिजनेस चेंबर इन वियतनाम, वियतनाम एसोसियेशन ऑफ फॉरेन इंवेस्टेड इंटरप्राइजेज, वियतनाम चेंबर ऑफ कॉमर्स कई स्थानीय कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ झारखण्ड चैंबर की बैठकें आयोजित हैं। कार्यक्रम संयोजक शैलेष अग्रवाल ने अवगत कराया कि 24 जून को सुबह 10 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उद्योग एवं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव चैंबर प्रतिनिधिमंडल को फ्लैग ऑफ करेंगे। सह सचिव विकास विजयवर्गीय और नवजोत अलंग ने संयुक्त रूप से अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि हमारा उद्देश्य इस व्यवसायिक यात्रा से प्रदेश में उद्योग-व्यापार की संभावना को तलाशना है। वियतनाम भारत के लिए एक महत्वपूर्ण और व्यापारिक निवेश भागीदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई अवसर मौजूद हैं खासकर कृषि, आईटी, टेक्सटाइल, स्पाईस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स जैसे क्षेत्रों में। हमारे प्रदेश से वियतनाम में एक्सपोर्ट की वर्तमान संभावनाओं की हम गहरी समीक्षा करेंगे ताकि हमारे प्रदेश के उद्यमी लाभान्वित हो सकें। पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा ने चैंबर की इस व्यवसायिक यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राज्य में व्यापार-उद्योग की संभावनाओं को गति देने के उद्देश्य से चैंबर द्वारा वर्षों से विभिन्न देशों की व्यवसायिक यात्रा की जाती रही है।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी की हुई बैठक

# मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह 12 जुलाई को

**रांची के महाराजा अग्रसेन भवन में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

**6 जुलाई को धनबाद में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेंगे रांची के सदस्य**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में शनिवार को महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में हुई। इसमें मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से किए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही, भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के एक वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसमें निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के लिए विकास अग्रवाल और विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया। वहीं, बैठक में छह जुलाई को धनबाद में आयोजित होनेवाले झारखंड प्रांतीय अधिवेशन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन का सदस्यता अभियान बृहद स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया ने किया। रांची जिला के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में रवि शंकर शर्मा, किशन साबू, पवन कुमार पोद्दार, नरेंद्र गंगवाल, मनोज चौधरी, विनोद कुमार जैन, कौशल राजगढ़िया, रमेश शर्मा, अंजय सरावगी, राजेंद्र कुमार केडिया, निर्भय शंकर हरित, प्रमोद शाश्वत, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती, महेंद्र जैन, निर्मल बुधिया, अनिल अग्रवाल, ज्योति बजाज, नरेश बंका, विशाल पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, विकास अग्रवाल, रमाशंकर बगड़िया, अजय खेतान, राजेश भरतिया, अमित बजाज, आशीष डालमिया, सुमित महलका, सनी टिंबरेवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### प्रांतीय अधिवेशन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल करेंगे पदभार ग्रहण

जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि छह जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसॉर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में नवनिर्वाचित झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित कई गण्यमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने रांची से भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को प्रांतीय अधिवेशन मे भाग लेने का आग्रह किया।

# तेज रफ्तार जीवन शैली में योग आंतरिक शांति व स्वास्थ्य का मूलमंत्र : डॉ वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के एसएस मेमोरियल कॉलेज (सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय) में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया गया। भारत की प्राचीनतम जीवन पद्धति 'योग' को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। **इस वर्ष के योग दिवस के थीम 'योग :** युवा सशक्तिकरण एवं वैश्विक स्वास्थ्य' को ध्यान रखते हुए सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय ने परिसर में एक सुव्यवस्थित योग सत्र, जागरूकता व्याख्यान एवं योग प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो तन, मन और आत्मा का समन्वय स्थापित करता है। आज का दिन न केवल एक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी है। योग, भारत की वैदिक परंपरा की धरोहर है, जो आज वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुकी है। विद्यार्थियों को इसे जीवनशैली में अपनाना चाहिए। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में योग ही आंतरिक शांति और स्वास्थ्य का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योगा विभाग के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक संतोषी कुमारी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योगासन, ध्यान, सूर्य नमस्कार ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित कई आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रशिक्षक ने प्रत्येक आसन के लाभों, तकनीक और सावधानियों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने अनुशासित रूप से पूरे सत्र में भाग लिया।

### योग दिवस पर दलादली चौक के समीप किया गया योगाभ्यास



**रांची।** रिंग रोड, रातू, सिमलिया के दलादली चौक के समीप मां भगवती हनुमान मंदिर परिसर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शिविर लगाकर योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक चंदन कुमार सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को योग सिखाया। लोगों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। मौके पर झारखंड भाजपा के पूर्व चुनाव प्रबंधन प्रमुख मृत्युंजय कुमार शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, रातू पश्चिमी भाजपा के मंडल अध्यक्ष परमेश्वर गोप, रांची ग्रामीण जिला के उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, सुधाकर चौबे, ग्रामीण जिला प्रभारी संजीव तिवारी, उमेश्वर ओझा, पुलिस निरीक्षक बिनोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि आज अपने देश में हीं नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आज पूरे विश्व भर में स्वास्थ्य और सानंद रहने की सुखद परंपरा अंतर्गत घर-घर में योग क्रियाएं की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व चुनाव प्रबंधन प्रमुख मृत्युंजय कुमार शर्मा ने कहा, 'खुद को बदलो फिर युग बदलेगा, योग से खिलता हर दिन निकलेगा।' भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भारत फिर से किन्हीं वर्गों में विश्व गुरु बने या ना बने, परंतु योग के क्षेत्र में भारत विश्व गुरु जरूर बना है। वक्ताओं ने कहा कि योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। योग शरीर और मन को एक साथ लाता है। यह तीन मुख्य तत्वों से बना है, गति, स्वास्थ्य और ध्यान। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है।

## आईएचएम में योग दिवस पर योग सप्ताह का हुआ सफल समापन

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह का सफल समापन हुआ। आईएचएम में 'योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' थीम पर योग दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार, योग विशेषज्ञ डॉ परिणिता सिंह एवं योग प्रशिक्षक संजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद योग विशेषज्ञ के योग के महत्व एवं उसके इतिहास पर व्याख्यान के उपरांत योग प्रशिक्षक ने सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम तथा योग निद्रा जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मी एवं छात्रों ने पूर्ण मनोयोग से इन आसनों को किया और योग की महत्ता को अनुभव किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। संस्थान का प्रांगण सुबह-सुबह ही योगमय हो गया, जब छात्र, शिक्षक और कर्मचारी एक साथ योगासन में लीन रहें। डॉ परिणिता सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने योग सत्र के दौरान कराए गए योगासन को प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए सभी को प्रेरित भी किया।

## पहली बारिश में ही वाटर लॉगिंग से डूबे हजारों घर

# रांची की पहली बारिश में बहा सिस्टम पंचशील चौक बना जलप्रलय का केंद्र

**सईंया भये कोतवाल तो डर काहे का, निगम का कलर्क ही अतिक्रमण करे तो कारवाई कहां होगी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पहली बारिश ने राजधानी के नेशनल हाइवे में कोहराम मचा दिया है और यह कोई नया नहीं है हर साल होता है। पंचशील चौक पर जल जमाव और बहाव के कारण पंडरा और पिस्का रांची के दो इलाके नदी के दो छोर बन जाते हैं, इससे यातायात तो प्रभावित होता ही है लोगों के जीवन में भी संकट के बादल मंडराते हैं। संकट खासकर दो रूपों में देखने को मिलता है एक तो वे होते हैं जो उस बाढ़ की उपेक्षा कर अपने वाहन से पार करने की कोशिश कर रहे होते हैं दूसरे वे जिनके घरों के अंदर पानी ने डेरा डाला हुआ होता है। अभी हालात सामान्य हो सकते है मगर मौसम बदला बारिश हुई कि फिर वही कहानी वही दमघुटाने वाली जिंदगानी शुरू हो जाती है। हाहकार मचता है तब प्रशासन की नींद खुलती है, आनन फानन में अल्पकालीन उपाय होते हैं जो ढाक के तीन पात साबित होते हैं। खतियान बताता है कि पंचशील चौक के खाता नंबर 210 प्लॉट नंबर 1075 नाले की जमीन है। नाले की जमीन पर चार-पांच घरें और दुकानें बनी है। वर्ष 2008 में जब ये बनाई जा रही थी तो स्थानीय लोगों ने विरोध किया था, निगम को लिखित शिकायतें की थी। सैकड़ों बार कि लिखी शिकायत पर कारवाई नहीं हुई और अतिक्रमण हुआ। कारवाई नहीं होने का कारण स्थानीय बताते हैं कि अतिक्रमण से निजात दिलाने वाला नगर निगम है अगर निगम का कलर्क ही अतिक्रमण करे तो कारवाई कहां होगी, सईंया भये कोतवाल तो डर काहे का।




बताया जाता है कि बनहोरा नदी के नाले पर अतिक्रमण हुआ है। समय के साथ आबादी बढ़ी और पंचशील नगर, राधा नगर, शांति नगर में लोग बसे। इधर पंचशील चौक पर अतिक्रमण हुआ और यहां नाले के पानी के लिए अंडरग्राउंड तीन फीट की निकासी दी गई। बरसात के दिनों में बनहोरा नदी का पानी जब बाढ़ का शक्ल अख्तियार कर उतरता है तो अतिक्रमित घरों के कारण पानी की निकासी नहीं होती है और पानी घुमकर राधा नगर और शांति नगर को डुबोते हुए पंचशील चौक पहुंचता है। यहां पानी का जमाव भी होता है और पानी का तेज बहाव भी रहता है। जमाव इसलिए होता है कि पंचशील चौक से पंचशील नगर के मार्ग में भी नाले की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। पंचशील नगर के अंदर पांच फीट तक पानी सड़कों में बाढ़ की तरह बहती है, इसमें बहकर अभी तक चार लोगों की जान जा चुकी है। यहां पानी के बहाव के लिए दो फीट का नाला छोड़ा गया है जिससे भारी जल जमाव और दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

## राधा कृष्ण मंदिर में दिव्यांगों को कराया गया योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से पुंदाग में संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर के परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सद्गुरु अपना घर आश्रम के 50 से भी अधिक निराश्रित दिव्यांग प्रभुजनों एवं सेवादारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने किया गया। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में सभी को विभिन्न प्राणायामों और योगासन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अरविंद पांडे ने उपस्थित दिव्यांगों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए योग न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम के दौरान अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे प्राणायामों के साथ-साथ ताड़ासन, वज्रासन और सरल ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी लोगों को फल, चना और पानी दिया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यह आयोजन इस बात की जीवंत उदाहरण है कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना से हर वर्ग के लोगों तक स्वस्थ और आत्मिक उन्नति के साधन पहुंचा जा सकते हैं। रोजाना योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से कई फायदे होते हैं।



## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में योगिनी एकादशी पर भक्तों ने लगाई अर्जी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को योगिनी एकादशी के विशेष अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्त जमा हो गए। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद 8:30 बजे श्रृंगार आरती हुई, जिसमें भक्तों ने बाबा के दरबार में अपनी अर्जी के साथ हाजिरी लगाई। ज्ञात हो कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्याम भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। शनिवार को दिन में 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूल-मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को भी फूलों के गजरे से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने उपमंत्री अनिल नारनौली, धर्मपत्नी निकुंज, पुत्र निखिल, पुत्री निकिता एवं परिवार के सदस्यों को खाटूनरेश की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करवाई। नारनौली परिवार ने अखंड ज्योति में फल, पेड़ा, मेवा, रबड़ी एवं मगही पान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल सोनू, अशोक शर्मा, साकेत ढांढनिया, दीपक पोद्दार, वेद भूषण जैन, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी आदि सभी ने बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी, फल प्रसाद सेवा एक श्याम भक्त एवं प्रकाश दलानिया, गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल, मगही पान सुभाष रौनक पोद्दार एवं मुकेश बरनवाल, पंचमेवा भोग सेवा सुमित वेद अग्रवाल एवं शुभम गुप्ता, केसरिया पेड़ा सेवा खुशबू गर्ग एवं विनय रीना विनीत प्रसाद, विशेष श्रृंगार सेवा एक श्याम भक्त नवीन बागा सेवा राजू झा ने निवेदित किया।



● बाबा श्याम का किया गया अनुपम संध्या श्रृंगार

## गुरुनानक सत्संग सभा का द्विवार्षिक चुनाव आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा और गुरुनानक भवन कमेटी का द्विवार्षिक चुनाव रविवार (22 जून) को कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में होगा। गुरुनानक सत्संग सभा की 21 सीटों के लिए कुल 24 और गुरुनानक भवन कमेटी की पांच सीटों के लिए कुल सात उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी चुनावी प्रक्रिया मुख्य चुनाव पदाधिकारी और पूर्व पार्षद देवराज खत्री, सह चुनाव पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा, प्रकाश अरोड़ा और हरीश नागपाल की देखरेख में होगी। मतगणना की जिम्मेदारी पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों को सौंपी गई है।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी देवराज खत्री ने शनिवार को बताया कि कुल 680 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर गुरुनानक सत्संग सभा के 21 और गुरुनानक भवन कमेटी के पांच सदस्यों का चयन करेंगे। मतदान गुरुनानक भवन हॉल में होगा। विजयी प्रत्याशियों की घोषणा रविवार को ही कर दी जाएगी। शहर से बाहर रह रहे सदस्यों के लिए चुनाव कमेटी ने लिंक उपलब्ध कराया है। इससे वे अपने अपने शहर से ही मतदान कर सकेंगे। मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से होगा।

सह मीडिया पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा ने बताया कि गुरुनानक सत्संग सभा के प्रत्याशियों में आशु मिढ़ा, अर्जुन देव मिढ़ा, अनूप गिरधर, अमरजीत गिरधर, अजय कुमार मुंजाल, अशोक मुंजाल, बसंत काठपाल, बिनोद कुमार सुखीजा, गुलशन मिढ़ा, हरजीत सिंह बेदी (जीतू बेदी), हरजीत कुमार अरोड़ा (जीतू), इंदर मिढ़ा एवं अन्य शामिल हैं। गुरुनानक भवन के प्रत्याशियों में हरबिंदर सिंह मिढ़ा, कंवलजीत सिंह मिढ़ा, किशन गिरधर, मोहन खीरबाट, नीरज कुमार गखड़, नरेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा शामिल हैं।

- **गुरुनानक सत्संग सभा:** 21 सीटों के लिए 24 प्रत्याशी
- **गुरुनानक भवन कमेटी:** 5 सीटों के लिए 7 प्रत्याशी
- **मुख्य चुनाव पदाधिकारी:** देवराज खत्री (पूर्व पार्षद)
- **मतगणना टीम:** गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षक
- **कुल मतदाता:** 680 सदस्य करेंगे मतदान
- **शहर से बाहर मतदाता:** ऑनलाइन लिंक के जरिए वोट डाल सकेंगे
- **मतदान प्रक्रिया:** बैलेट पेपर के माध्यम से
- **परिणाम घोषणा:** रविवार को ही विजेताओं की घोषणा कर दी जाएगी
- **प्रमुख प्रत्याशी (सभा):** आशु मिढ़ा, अर्जुन देव मिढ़ा, अनूप गिरधर, अजय मुंजाल, जीतू बेदी, इंदर मिढ़ा आदि




### चार दिनों की मूसलाधार बारिश से किसानों की कमर टूटी

# फसलों के गलने से किसान बेहाल सब्जियों की कमी से बाजार में चढ़े दाम

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



खलारी प्रखंड में बीते चार दिनों में हुई मूसलाधार बारिश ने एक ओर जहां किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया, वहीं दूसरी ओर स्थानीय बाजारों में सब्जियों की भारी कमी और महंगाई दिखा। खेतों में खड़ी फसलें चौपट हो जाने से किसान मायूस हैं। खलारी और आसपास के गांवों में टमाटर, मिर्च, बैंगन, भिंडी, कद्दू, पालक, बंधागोभी जैसी सब्जियों की फसलें पूरी तरह पानी में डूब चुकी हैं। मक्का जैसी गरमा फसलें भी जलभराव के कारण बर्बाद होने के कगार पर हैं। लगातार भीगने से फसलों की जड़ें सड़ने लगी हैं और कई स्थानों पर फूल और फल गल गए हैं। धान के बिचड़े भी नष्ट हो चुके हैं। किसान कृष्णाकुमार महतो व किशुन मुंडा ने बताया कि खेत में फूल और फल लगे हुए थे, पर बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। बुकबुका शनिवार साप्ताहिक हाट में सब्जियों की आवक कम थी। बाजार आई सब्जियों पर पानी का असर दिख रहा था। स्थानीय विक्रेताओं ने बताया कि आगामी दिनों में हरी सब्जियों की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। विपदा से त्रस्त किसानों ने सरकार से फसल क्षति के मुआवजे की मांग की है। इस संदर्भ में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकासरंजन तिर्की ने बताया कि जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, वे तीन दिनों के भीतर अंचल कार्यालय में आवेदन दें। कहा कि भविष्य में ऐसी आपदा से बचाव के लिए किसानों को फसल बीमा अवश्य करवाना चाहिए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल, में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। इस योगाभ्यास का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के लाभों और विशेषताओं से परिचित कराना था। यह प्रयास सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। जब योग को कहानी कहने की कला से जोड़ा जाता है, तो यह मूल्यों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का एक प्रभावी माध्यम बन जाता है। इसी भावना के तहत विद्यालय परिसर में एक योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतिभागियों ने योग मुद्राओं के माध्यम से प्रेरणादायक कहानियाँ प्रस्तुत कीं। बच्चों के समन्वय, संतुलन और भाव-प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के बीच एकाग्रता, सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया।

## न्यूज बॉक्स

### लापुंग प्रखंड में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का किया गया आयोजन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में शनिवार को आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बीडीओ उषा मिंज, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज खलील, संकुल समन्वयक सुशीला कुमारी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। इस मौके पर जेएसएलपीएस की दीदियों के द्वारा बागवानी योजना पर गीत की प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बागवानी मेला में विभिन्न पंचायतों से आये हुए लाभुकों के द्वारा आम की प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी कार्यक्रम का प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं सम्मानित अतिथियों क्रमशः विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मनरेगा के बीपीओ मो इम्तियाज खलील के द्वारा अवलोकन किया गया तत्पश्चात विजेता लाभुको को गमछा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । उत्कृष्ट कार्य करने वाले बागवानी सखी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में उप प्रमुख विशवनाथ मुंडा , विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज खलील, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक सविता सांगा, सहायक अभियंता रंजन सिंह मुंडा, कनीय अभियंता इंद्रजीत यादव, साकेत कुमार गिरी, ,रोजगार सेवक बसंत साहू, विष्णु प्रसाद, बीएफटी सतनारायण सिंह, अमर कुमार, विनोद उरांव सहित सैकड़ो लाभुक एवं ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

### पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल के दूसरे दिन "चक्रव्यूह" का सफल मंचन



**रांची।** कड़रु स्थित झारखंड फिल्म एंड थियेटर अकादमी द्वारा आयोजित पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल के दूसरे दिन नाटक "चक्रव्यूह" का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक चिरंजीत हैं और इसकी परिकल्पना व निर्देशन राजीव सिन्हा ने किया है। नाटक में अभिनय कर रहे कलाकारों में शामिल थे अंकिता प्रजापति, प्रतिभा प्रजापति, प्रतीक नंदन, कौशल ताम्रकार, सुष्मिता कुमारी, सूरज पारया, शिव शक्ति राय और अनन्या भारद्वाज नाटक के मंचन के दौरान दर्शकों की संख्या भरपूर रही और देशभक्ति से सराबोर इस नाटक को देखकर दर्शक देशभक्ति के रंग में रंग गए। पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल के तीसरे दिन यानी कि रविवार की शाम को नाटक "फिर लौट आयी जिंदगी" का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक, निर्देशन और परिकल्पना राजीव सिन्हा ने किया है। दर्शकों से अनुरोध है कि वे इस नाटक को देखने के लिए जरूर आएं।

### तन्मयता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे : थाना प्रभारी



रातू । रातू राजमहल में 27 जून को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को राजपुत्री माधुरी मंजरी की अध्यक्षता में रातू गढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपस्थित बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया एवं थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने कहा कि रथ यात्रा को सुचारू तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन की ओर से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी. प्रशासन पुरी तन्यमता के साथ अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करेगी.

### दो पशु तस्करों को वाहन सहित किया गया गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**चान्हो।** शनिवार को चान्हों थाना अंतर्गत अवैध रूप से पशु तस्करी करने के आरोप में 01 पिकअप वाहन को 08 गौवंशिय पशु सहित, जब्त करते हुए 02 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### आलिम, फाजिल का परीक्षा नहीं होना बहुत दुर्भाग्य : वारिश कुरैशी

रांची। राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मदरसा परीक्षा कार्यक्रम का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें वस्तनियां, फ़ौकानिया और मौलवी का परीक्षा होगा। आलिम, फाजिल का परीक्षा नहीं होना बहुत दुर्भाग्य है। ये आलिम (स्नातक) फाज़ील (स्नातकोत्तर) के समकक्ष होता है। इस आलिम, फाजिल का तकनीकी रूप से कोई काउंसिल परीक्षा नहीं ले सकता है, क्योंकि ये डिग्री यूनिवर्सिटी ही निर्गत कर सकता है। ये बातें 2017 से चल रही है और इसका अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि सोमवार को शिक्षा मंत्री से मिलकर इस संबंध में बात किया जाएगा ताकि छात्रों के साथ इंसाफ हो सके।

### योग दिवस के शुभ अवसर पर 21 जून को

रामगढ़ । 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर 21 जून को प्रधान डाकघर रामगढ़ में डाक विभाग कर्मचारियों ने योग में भाग लिया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक हजारीबाग आशुतोष कुमार सिन्हा द्वारा सभी डाक कर्मियों को टी शर्ट प्रदान किया गया।

## चान्हो में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**मांडर/चान्हो।** शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बाघवार एकेडमी, चान्हो में 'वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संपन्नहुआ।मांडर के ब्रांबे स्थित इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट में "योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ" थीम पर योग दिवस के आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार, योग विशेषज्ञ डॉ. परिणिता सिंह एवं योग प्रशिक्षक श्री संजय कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। साथ ही होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो, अमेरिकन पब्लिक स्कूल मांडर, चान्हो के ताला स्थित शाइन पब्लिक स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल टांगर, आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर समेत कई स्कूल में शनिवार सुबह योग किया गया।बाघवार एकेडमी में क्षेत्र के प्रसिद्ध योगाचार्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षक नंदकिशोर साहू द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासनों की विस्तृत जानकारी दी गई। योग सत्र के दौरान योगाचार्य साहू द्वारा पद्मासन, वज्रासन, मकरासन, चक्रासन, उष्ट्रासन, सुखासन, ताड़ासन एवं सूर्य नमस्कार जैसे प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया गया और उनके लाभों की व्याख्या की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण बाघवार द्वारा योगाचार्य नंदकिशोर साहू को सम्मानस्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह द्वारा किया गया। मौके पर निदेशक नौशाद आलम, अमीन अंसारी,जावेद अहमद, रेशम बाला कुमारी, माजिद आलम, दीपक कुमार, निधि सिंह, दीपाली कुमारी, निर्मला कच्छप, तबस्सुम आरा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बेड़ो में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने किया योग

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बेड़ो और लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बेड़ो प्रखंड में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विकास भूषण, देव कुमार राम, संकुल साधन सेवी सुशांत कुमार मिश्रा, विकास कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह, अब्दुल नासिर की देखरेख में दर्जनों विद्यालयों में स्कूली छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को योग का अभ्यास कराया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने योग के माध्यम से विभिन्न अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, कपाल भाती सहित विभिन्न प्रकार के प्रणायाम क्रिया किया एवं सूर्य नमस्कार, वज्रासन, शवासन, भुजंगासन, शलभासन धनुरासन सहित विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास किया। बेड़ो प्रखंड के 140 विद्यालयों में 8225 छात्र-छात्राओं, 485 शिक्षक शिक्षिकाओं तथा 135 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक शिक्षिकाओं, सहायक अध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के 116 विद्यालयों के 5136 छात्र-छात्राओं, 357 शिक्षक शिक्षिकाओं तथा 296 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम की निगरानी प्रखंड की बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, चंद्रमोहन ठाकुर, मंटु कुमार साहु सहित राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ शिव प्रसाद महतो, पीएम श्री विद्यालय राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, लापुंग प्रखंड मुख्यालय के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, इंटर कॉलेज लापुंग के डा भुवनेश्वर यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं, सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नामकोम थाना स्थित हाइटेंशन ब्रिज के पास सड़क हादसा, एक की मौत तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के नामकोम थाना क्षेत्र स्थित हाइटेंशन ब्रिज के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी को टक्कर मारी जिसमें कार सवार की मौत हो गई। स्कूटी में तीन लोग सवार थे जिसमें की तीनों की हालत गंभीर है। तीनों घायलों को पुलिस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## मुहुगढ़ा में इसलाहे कांफ्रेंस जलसा का आयोजन, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

- जलसा से सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक गुणों का होता है विकास : अकेला

**बरही।** मौलाना तैयब की अध्यक्षता में शुक्रवार की रात्रि रानीचूवां पंचायत के महुगढा में इसलाहे कॉन्फ्रेंस जलसा का भव्य आयोजन किया गया. मुफ्ती हमाद (मुरादाबाद) की सरपरस्ती में आयोजित जलसे का संचालन मौलाना कफिल अम्बर ने किया. जिसमे मौलाना नूरी, नाथ ख़ां, शायर अजमत रजा (भागलपुर) और अख्तर परवेज (मुरादाबाद) ने अपने विचार एवं कलाम पेश किए.

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री अकेला ने अपने संबोधन में कहा कि जलसा से सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक गुणों का विकास होता है. जो समाज में सद्भावना और सौहार्द बनाने में सहायक है. विशिष्ट अतिथि मो अंसारी ने कहा कि इसलाहे जलसे से समाज में जागरूकता आती है जिससे भाईचागी बढ़ती है. इस दौरान वक्ताओं ने बेहतर जीवन जीने के कई गुण बताए. इस्लाम की शिक्षा, सामाजिक सुधार, भाईचारे और इंसानियत के मूल्यों पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में हाफिज, कारी जनाब तैयब,एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सह बरही विस प्रभारी सूरज दास, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के मीडिया प्रभारी तौकीर रजा सहित मो. वारिस अंसारी, शरीफुल हक, मनोज मंडल, प्रयाग प्रसाद, उमेश चंद्रवंशी, कमेटी के अध्यक्ष मो. इजाज, सचिव मो. आशिक, कोषाध्यक्ष अकबर हुसैन, मो. सदीक, मंजूर आलम, मो. सलीम, मुबारक हुसैन, मो. साजिद, मो. आबिद, मो. काजिम अहसान, अब्दुल रहमान, मो. फिरोज, मो. हसमत, मो. महमूद अली हुसैन आदि सहित कई लोगउपस्थित थे.

## कोई क्रिया नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका है योग

**रांची।** पूरे विश्व में शनिवार को योग दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन कई जगहों पर योग का महत्व समझाया जाता है और क्यों करना जरूरी है इस से सम्बन्धित जानकारियों के साथ योग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहन दिया जाता है। योग प्रशिक्षक सिद्धार्थ ने कहा वैज्ञानिकों ने मानव मस्तिष्क में लाखों-करोड़ों कैनाबिस रिसेप्टर्स की खोज की है। और यह कि शरीर के भीतर से उत्पन्न होने वाले कुछ विशेष पदार्थ जिन्हें एंडोकैनाबिनॉइड्स कहा जाता है, इन रिसेप्टर्स को सक्रिय करते हैं। ये एंडोकैनाबिनॉइड्स मनुष्यों और जानवरों के शरीर में स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होते हैं, और इन्हें चॉकलेट तथा कुछ विशेष पौधों में भी पाया गया है। उन्होंने कहा 1980 के दशक के अंत में पहले कैनाबिनॉइड रिसेप्टर की खोज के बाद, वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक आंतरिक लिगैंड की खोज शुरू की। कुछ वर्षों बाद, 1992 में, एक यौगिक की पहचान की गई और उसका नाम रखा गया आनंदमाइड। यह नाम संस्कृत शब्द "आनंद" और रासायनिक प्रत्यय -एमाइड को मिलाकर बना है। आनंदमाइड को "ब्लिस मॉलिक्यूल" भी कहा जाता है, क्योंकि यह व्यक्ति के भीतर गहरे सुख, मानसिक संतुलन और भावनात्मक संतोष की भावना को बढ़ाता है।

# पोल से टकराई अनियंत्रित कार बचे मॉर्निंग वॉक कर रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

- मोरहाबादी के रामदयाल मुंडा पार्क के पास हुआ हादसा
- कार चालक को इस दुर्घटना में आई मामूली चोटें



**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी इलाके में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। सुबह के समय लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे, तभी राजकीय अतिथिशाला की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक वोल्वो कार अनियंत्रित होकर रामदयाल मुंडा पार्क के समीप एक पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में मॉर्निंग वॉक कर रहे किसी भी व्यक्ति को कार ने अपनी चपेट में नहीं लिया। कार चालक को इस घटना में मामूली चोटें आई हैं। लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना पाकर मोरहाबादी टीओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाया। घायल चालक को अस्पताल भेजा। टीओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बारिश से कदमबेड़ा टोला के दो परिवारों का घर ढहे

**सिल्ली।** पिछले दिनों लगातार दो दिनों से हुई बारिश से प्रखंड के दोवाडु पंचायत के कदम बेड़ा टोला के दो परिवार का घर ढह गया । जानकारी के मुताबिक गांव के बलराम मुंडा एवं केशोवती देवी के मिट्टी का घर विगत दिनों बुधवार एवं गुरुवार को हुई लगातार बारिश से ढह गया। वहीं बलराम मुंडा एवं उनके 15 वर्षीय पुत्र रात को सोये हुए थे। अचानक घर की दीवारें ढहने लगा तभी किसी तरह से जान बचाकर लोग बाहर निकलें एवं घर की सारी सामग्री दीवाल की मिट्टी से दब गए। पीड़ित परिवारों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। इस घटना की सुचना मिलने पर आजसू कार्यकर्ता रविन्द्र मुंडा, बुद्धिजीवी मंच के बुद्धदेव दत्ता, महेश्वर हजाम पीड़ित परिजनों से मिलकर सीओ से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## प्रखंड के विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन

**सिल्ली।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसी के तहत सिल्ली ग्राम विकास उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय परिसर में सामुहिक रूप से योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक सुधांशु रंजन प्रामाणिक व देवेन्द्र चौधरी, विद्यालय के शिक्षक, सीआरपी रूबी देव एवं विद्यालय के बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान सभी ने अनुलोम विलोम, कपाल भांति, सूर्य नमस्कार समेत कई योग एवं आसन का अभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु रंजन प्रामाणिक एवं देवेन्द्र चौधरी ने योग दिवस एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम निरोग, दीर्घायु एवं स्वस्थ रह सकते हैं,आज पूरा विश्व योग को अपनाया है। इसे हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम में अर्चना चौधरी, राजेंद्र प्रसाद बड़ाइक, सबिता बाला देवी, भरत कुमार महतो, अमिया मिंज, सुभाष महतो, सुमन कमारी, हेमंती कुमारी, सुशांत महतो, मनीष गुप्ता समेत विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सिल्ली स्टेडियम में योग का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि परिवार एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली के तत्वाधान में समारोह का आयोजन सिल्ली स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस आयोजन में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, डीएवी स्कूल के प्राचार्या बी शरण एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। कई बुजुर्गों ने जहां ढलती उम्र में भी योग में रुचि दिखाई वहीं युवाओं, डीएवी स्कुल के बच्चों एवं आर्चरी के प्रशिक्षुओं के बीच खासा उत्साह था। सुबह छः बजे से आठ बजे तक दो घंटे तक चले इस आयोजन में लोगों ने योग के कई आसन किए। योग शिक्षक करुणामय चक्रवर्ती एवं सुशोभन लाहा ने कहा कि नियमित योग से जीवन में बदलाव होता है और व्यक्ति स्वस्थ रहता है।अंत में ऊं उच्चारण के साथ शुभारंभ करके ग्रीवा चालन, कपालभांति,भ्रामरी,अनुलोम विलोम,शीतली,ध्यान संकल्प एवं शांति पाठ करके समापन किया गया।इस मौके पर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, रांची जिला पतंजलि किसान सेवा समिति के कृष्ण कुमार महतो, राजेन महतो,राजेंद्र प्रसाद साय,दिलीप दे,मानिक रवानी,दिनेश बनर्जी ,अमित साव,अनिल साव ,विनय कृष्ण चक्रवर्ती, विकास हजाम, ब्रजेश कुमार, उमाशंकर मालाकार, मुनमुन मालाकार, गौतम रोहिदास, सुभाष लाहा, भेंगराज प्रसाद, बिल्टु दत्ता, मुकेश भगत,पंकज साहु, संजय सिंह, शंकर विश्वकर्मा, सुकुमार विश्वकर्मा, कार्तिक गोराई, गौरांग कोइरी, सुभाष लाहा, शत्रुघ्नगुप्ता, निखिल साहु, सीताराम,सुमित लाहा आदि मौजूद थे।

## स्कूल मुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**सिल्ली/मुरी।** संत माईकल (+2) स्कूल, मुरी में 11 वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए ।आयोजित योग - शिविर में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपने पी.टी. शिक्षक प्रशांत गोराई के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग निंद्रा, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, शशांकासन, वृक्षासन आदि योग का अभ्यास किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं तथा योग से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदे भी बहुत होते है । स्कूल के प्रधानाध्यापक सी. एल. प्रजापति ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है।

## प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग

**बरही ।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास मनाया गया. प्रखंड प्रशासन की ओर से नगर भवन में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया. बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, बीसीओ संजय यादव, बीटीएम राकेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया. विधायक श्री यादव ने उपस्थित लोगों को 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग दिवस के उद्देश्य बताये. योग को जीवन के लिए नितांत आवश्यक बताया. उन्होने स्वस्थ तन और निर्मल मन के लिए नियमित योगाभ्यास को आवश्यक बताया. साथ हीं भाग दौड़ की जिंदगी से कुछ क्षण बचाते हुए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की बात कही. बीडीओ ने योग की महत्ता बताते हुए इसे दिखाने या सुर्खी के लिए नहीं बल्कि खुद को स्वस्थ्य रखने के लिए अपनाने को कहा. सीओ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि यह प्रकृति का निःशुल्क और सटीक उपचार का साधन है. जो हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए नियमित करनी ही चाहिए. इस अवसर पर पतंजलि की ओर से प्रतिनियुक्त योग साधक दीपक कुमार सोनी, राजकुमार यादव, दीपक गुप्ता व ईश्वर साव ने अनुलोम विलोम, कपाल भाती, सूर्य प्रणाम, हलासन आदि भी विभिन्न प्राणायाम व आसान की प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवाया. साथ हीं प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में प्रतिदिन होने वाले योग कक्षाओं में अधिकाधिक लोगों को नियमित जुड़ने की अपील किया. योगाभ्यास करनेवालों में भूपेंद्र यादव, संजय रविदास, रिजवान अली, रंजीत केसरी आदि सहित कई लोग शामिल थे.

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यूथ विंग ने किया योग शिविर का आयोजन

# योग भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति एकजुटता का संदेश देता है : चंद्र प्रकाश जैन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हजारीबाग की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल योग अभ्यास का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य जागरूकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति एकजुटता का संदेश भी दे गया। शिविर में महिलाओं, बच्चों, युवा छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिकों तक की सक्रिय उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर की गई, जो पर्यावरण और ऊर्जा के प्रति उत्सव का प्रतीक बना। इसके बाद मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,समाजसेवी सुदेश चंद्रवंशी का स्वागत पारंपरिक रीति से शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलित के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। योग सत्र का नेतृत्व अनुभवी योग शिक्षिका शीला सिंह ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। ॐ की गूंज और सामूहिक मंत्रोच्चारण ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले योगाभ्यास के दौरान उपस्थित लोगों में गहरी तन्मयता देखने को मिली।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया ।

## जी.एम. महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग।** जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय हजारीबाग के प्रांगण में 11 वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के सचिव तथा प्राचार्य महोदय ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आरंभ किया। महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आज विश्व के 191 देशों के 1,300 शहरों में योग किया जा रहा हैं । योग से मानव को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता है। इसीलिए योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है । महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। संपूर्ण विश्व में योग के महत्व को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 2014 को 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। सभी विद्यार्थी अपनी सुबह का शुरुआत योग से ही करना चाहिए ताकि स्वास्थ्य रह कर अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सके। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने कहा कि भारत में योग का इतिहास काफी पुराना है और अब विश्व योग पर विश्वास करने लगा है। महाविद्यालय के योग गुरु विनय कुमार मेहता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर ने सबसे पहले सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया इसके बाद उन्होंने कपाल भाती, सर्वांग आसान , मंडूकासन, हलासन, अनुलोम विलोम इत्यादि योग कराया। योगाभ्यास के दौरान उन्होंने योग के विभिन्न आसनों से होने वाले लाभ से अवगत कराया।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बताया गया योग का महत्व

# विधायक समेत अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने किया योगाभ्यास

- योग शिक्षकों ने प्रतिदिन योग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और कहा कि इससे लोग स्वस्थ्य नजर आते हैं



- योग करने से मनुष्य के हर बिमारी को दूर करता है और उसे चुस्त और दुरुस्त रखता है

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

11वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में शनिवार को शिक्षकों ने विद्यार्थियों संग योगाभ्यास किया। वहीं योग शिक्षकों ने इससे होने वाले लाभ से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस क्रम में विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड मुख्यालय परिसर बरकट्ठा में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ योग किया। वहीं योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, एमओ मिंटू कुमार रजक, बीपीओ श्याम कुमार वर्मा, बिंदु सोनी झुनझुन गुप्ता ,राहुल गुप्ता,बीएफटी दिलीप दास समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस क्रम में प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में फिजिकल शिक्षिका सुषमा टोप्पो, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कलहाबाद बरकट्ठा में प्राचार्य शशि भूषण प्रसाद, मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी, बरकट्ठा में प्रधानाध्यापक सोनू कुमार, पीएम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज कपका में निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, गुरुकुल शिशु विद्या मंदिर गोरहर में शिक्षक ललितेश्वर पांडेय के मार्गदर्शन में शिक्षकों व बच्चों ने योग किया। विदित हो कि इस क्रम में प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा, प्लस टू उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह, मध्य विद्यालय बरकट्ठा, कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा,क विद्यालय परबत्ता,नव प्राथमिक विद्यालय डूमरडीहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया समेत अन्य विद्यालयों में योग शिक्षकों द्वारा बच्चों व शिक्षकों को योगाभ्यास करते हुए उसके महत्व से उन्हें अवगत कराया गया। वहीं योग शिक्षकों ने प्रतिदिन योग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा अन्य लोगों को इसमें शामिल होने की अपील की।

## भारी बारिश में बहा डायवर्जन, सांकी का संपर्क अन्य गांवों से कटा

**भुरकुंडा।** भदानीनगर ग्रामीण क्षेत्र में हुए मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। शनिवार सुबह की बारिश में पाली-सांकी और अरमादाग-सांकी मार्ग पर बनाए गए अस्थायी डायवर्जन बह गए, जिससे सांकी गांव का संपर्क अन्य गांवों और टोलों से पूरी तरह कट गया। बताया जा रहा है कि इन मार्गों पर फिलहाल सड़क और पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते अस्थायी डायवर्जन बनाए गए थे। लेकिन भारी बारिश के कारण मिट्टी से बने यह डायवर्जन बह गए, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। स्कूल, बाजार और स्वास्थ्य केंद्र जाने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।डायवर्जन ब हने की जानकारी मिलते ही निर्माण कंपनी की टीम ने शाम को फिर से डायवर्जन निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, ताकि जल्द से जल्द यातायात बहाल किया जा सके। वहीं दूसरी ओर, तेज बारिश और तूफानी हवाओं के कारण बिजली के खंभे गिरने से सिलदाग और नीम पतरा गांवों में बीते चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। इससे आम जनजीवन के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई और किसानों के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

## जिला आयुष समिति में किया गया योग कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग।** कोविड अस्पताल, नया समाहरणालय परिसर में जिला आयुष समिति, हजारीबाग द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्यामनंदन तिवारी ने उप विकास आयुक्त को औषधीय पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "करे योग, रहे निरोग"— योग को प्रतिदिन के जीवन में अपनाकर हम स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवनशैली को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित इस योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी का योग दिवस पर संदेश का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार शाही, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मकरंद मिश्रा, डीपीएम जमाल रिज़वी सहित आर्य कन्या गुरुकुल की छात्राएं, आर्य कन्या गुरुकुल चरही के छात्र-छात्राएं एवं खेल छात्रावास की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## रबोध में जनजातीय उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम शिविर का आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत सचिवालय शनिवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत डाड़ी बीडीओ अनु प्रिया, अंचल अधिकारी केके वर्मा, डाड़ी, जिप सदस्य सर्वेश सिंह, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो, मुखिया उमेश करमाली, पंसस कीनिया देवी ने दीप जलाकर शुरूआत किया। इसके बाद डाड़ी बीडीओ, सीओ, जिप सदस्य, 20 सूत्री अध्यक्ष आदि ने शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील किया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विभाग के पदधिकारी और कर्मी पंचायत वासियों को अपने-अपनी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गिद्दी ग पंचायत के मुखिया हीरालाल गंझू, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार, लाल बहादुर महथा, उद्योग विभाग के समन्वयक आकाश रजक, अंचल कार्यालय ऑपरेटर बबन सिंह के अतरिक्त आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया आदि उपस्थित थे।

## आवास योजना सहित अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को 15 वीं वित आयोग से क्रियान्वित होने वाली आवास योजना सहित अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रखंड की बीडीओ अनु पिया की अध्यक्षता में हुए इस बैठक में कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में 15 वीं वित मद से पंचायतों में करवाई गई राशि का उपयोग करवाने, पंचायत सचिवालय में शत प्रतिशत बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने, पंचायत सुदृढिकरण करने, पंचायत ज्ञान केंद्र को सक्रिय रुप से संचालित करवाने, पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक प्रणाली को सक्रिय करवाने के लिए पंचायत सचिवको निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत 15 जून से 15 सितंबर के लिए लागू सिजनल कलेंडर के आधार पर योजनाएं में तय कार्य करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जपीएस अजीत तिवारी, मुखिया लखनलाल महतो, हीरालाल गंझू, लता सिंह, समनवयक अजय कुमार, पंचायत सचिव मनबोध कुमार, हरिहर प्रसाद, शक्ति बेदिया, बीपीओ उज्जवल किशोर, मनजीत कुमार अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## रजरप्पा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम

# योग प्राचीन भारतीय परंपरा की अमूल्य धरोहर : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।प्राचार्य उमेश प्रसाद,प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं योगाचार्य बच्चूलाल तिवारी ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आचार्या डॉ गायत्री कुमारी ने अष्टांग योग के विषय में बताते हुए योग को ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अनमोल उपहार बताया, जिसे आज संपूर्ण विश्व अपना रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय योग प्रमुख(उत्तर-पूर्व क्षेत्र) उमेश प्रसाद ने योग संदेश देते हुए कहा कि सभी अपने दैनिक जीवन में योग को उतारे जिससे वे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश आज विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। इस योग दिवस की आप सभी को शुभकामनाएं, आप स्वस्थ, निरोग व दीर्घायु हो। आचार्य रोहित राज ने योग गीत से राष्ट्रीय भावना को जागृत किया।विद्यालय के योग आचार्य बच्चूलाल तिवारी ने योग स्थापना मंत्र के साथ संधि योग, भिन्न - भिन्न प्राणायाम -भस्त्रिका , शशकासन,मंडूकासन,भुजंगासन,पवनमुक्तासन,सूर्य नमस्कार आदि आसनों को करवाया।

### हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किए गए कार्यक्रम

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ,सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, एवं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने महर्षि पतंजलि एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। मौके पर अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आप सभी भैया- बहन आज संकल्प ले कि हम प्रतिदिन योग करेंगे ।योग के करने से आपका शरीर स्वस्थ रहेगा।

**अभ्यास** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

# स्वास्थ्य और मस्तिष्क को तीव्र रखने के लिए योग अनिवार्य - डॉ प्रवीण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामुहिक योगाभ्यास किया गया। योग स्वस्थ जीवन के प्रति समाज में जागरूकता का अभूतपूर्व संदेश दिया गया एवं प्रतिदिन सबों ने योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। शरीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुख व आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग करने का निर्णय लिया। योग प्रशिक्षक डॉ रघु रंजन और डॉ पारुल प्रिया ने योगासन, अनुलोम विलोम व सूर्य नमस्कार सहित कई प्रकार के योग कराया। सामुहिक योगाभ्यास के दौरान कई छात्र- छात्राओं ने योग किया। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि समूचा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग आज मानव जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। बेहतर स्वास्थ्य और मस्तिष्क को तीव्र रखने के लिए योग करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि योग करने से अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरूस्त रहता है। योग से शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला तथा शक्तिशाली भी बनाए रखता है।

## भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल ने योग दिवस पर शिविर का आयोजन किया




रामगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा बिजुलिया तालाब परिसर में मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार" कुण्टू भैया" और जिले के उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी कार्यक्रम में शामिल हुए। जबकि योग प्रशिक्षक के तौर पर कैंट मंडल के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साह द्वारा योग करवाया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रो संजय सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, अनमोल सिंह, शीतल सिंह, राजेश ठाकुर, शिबकुमार महतो, सुशांत पांडेय, मिथलेश मंडल , अजित गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, कुणाल दास, सत्यजीत सिंह, अमित ठाकुर, रमेश करमाली, मोहन पांडेय, जगदीश शर्मा, शशिकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

## चार दिनों में रिकॉर्ड 410 एमएम बारिश बनी आफत

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला में पिछले चार दिनों से लगातार भारी बारिश हुई। यह कुल 410 एमएम दर्ज किया गया। इस बीच आसपास क्षेत्रों के लिए ताबाही रही। अंतिम 24 घंटे में 52.4 एमएम दर्ज की गई। इस दौरान दामोदर पूरे ऊफान पर दिखा। आसपास के सटे घर जलमग्न हो गए है। वहीं इसका व्यापक असर बिजली पर पड़ा है। शहर में 9 घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 16 घंटे बिजली ठप रही। भारी बारिश के बीच स्कूलों में 21 जून तक छुट्टी घोषित की गई थी। बाजारों में लगातार सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि इसमें शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार को थोड़ी सुधार दिखी। मौसम विभाग सूत्रों के अनुसार रविवार को स्थिति सामान्य होने का अनुमान है। इसके बावजूद जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकस रहेगी।

# न्यूज बॉक्स

## शिक्षक प्रशिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**हजारीबाग।** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महाविद्यालय प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्राध्यापकों शिक्षकेतर कर्मचारीगण के साथ 67 प्रशिक्षुओं ने योग अभ्यास किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि 'योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है हमसे शेयर मां एवं मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है वर्तमान विश्व परिवार से इसे अपना रहा है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में पूरा महाविद्यालय परिवार ने कपालभाती, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास किया जिसमें, ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, पादहस्तासन, चक्रासन, उष्टासन, नौकासान एवं शवासन प्रमुख थे। भाग लेने वाले प्रशिशुओं में अमित, सुभाष, आशीष, महेंद्र, अक्षय, प्रेरणा, सिंधु, रंजना, सारिका, प्रतिमा, प्रिया, नुसरत, आफरीन, संध्या, पूजा, खुशबू आदि प्रमुख रहे।

## गैड़ा में हाथियों ने मचाया उत्पात, अनाज और फसल को पहुंचाया नुकसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गैड़ा के शांतिनगर मोहल्ला में शुक्रवार रात हाथियों के झुंड ने अचानक दस्तक दी जिससे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों ने रामवृक्ष राम के घर का दरवाजा तोड़ दिया और घर में रखे अनाज खा गए। वहीं मनोज पंडित के केले के कई पौधों को रौंद दिया। इसके अलावा किशोर पंडित के घर की चहारदीवारी को भी नुकसान पहुंचाया। उत्पात मचाने के बाद हाथियों के दल डुमरियाटांड़ होते हुए छहरयामो जंगल की ओर निकल गये। इस घटना से गांव के लोग काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि हाथियों का झुंड पुनः गांव में लौट सकता है और फिर से नुकसान पहुंचा सकता है।

## वीर कुंवर सिंह पथ में नाली निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बरही ।** बरही पश्चिमी पंचायत के ग्रामीणों ने वीर कुंवर सिंह पथ में नाली निर्माण की मांग को लेकर बरही विधायक मनोज यादव को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि वीर कुंवर सिंह पथ में नाली नहीं होने से बरसात का पानी सड़क और घरों में प्रवेश कर रहा है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी जमा हो जाने से गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है, जो कीचड़ और पानी से होकर किसी तरह आवाजाही कर रहे हैं। ग्रामीणों ने विधायक से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। इस ज्ञापन पर पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, वार्ड सदस्य सिंकी देवी, सुवंती देवी, विवेक पाण्डेय, सरजू निषाद, नारायण गोस्वामी, उदय ठाकुर, बासुदेव सिंह, राजकुमार स्वर्णकार, प्रमिला देवी, मंटू कुमार, प्रदीप साव, देवप्रकाश केशरी, युवराज साव, अंकित कुमार, बिजय गोप, सुरेंद्र साव, नागेश्वर प्रजापति, छोटी ठाकुर, विकास सिंह, सुशील सिंह, जमुना देवी, संतोष सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

### विश्वविद्यालय में अंतराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मना

## व्यक्तित्व के विकास के लिए योग को बनाएं जीवन का आधार : कुलाधिपति



**रामगढ़।** शनिवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में अंतरास्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से कई तरह के योगासन जैसे सूर्यनमस्कार, चक्रासन, धनुरासन,हलासन, सर्वागासन , नौकासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम और पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को अंतराष्ट्रीय योग दिवस हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए योग को जीवन का आधार बनाने का सलाह दिए। सचिव प्रियंका कुमारी ने योग दिवस कि हार्दिक बधाई दी और अपने संबोधन में कहा कि योग से शरीर , मन ,और चित शुद्ध होता है। इस शुद्धिकरण से एकात्मकता का विकास होता है। मौके पर विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष , व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## निर्माण से पहले दरकने लगी गिद्दी परियोजना की सड़क

**गिद्दी।** गिद्दी परियोजना में बीएलजी मोड़ से सबस्टेशन के पीछे तक बन रही सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही दरकने लगी है। जिससे निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता उजागर हो रही है। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी परियोजना में लगभग 3 करोड़ के टेंडर भैल्यू की लागत से बन रही पीक्यूसी सड़क का निर्माण कार्य अभी चल ही रहा है लेकिन पहली बारिश में ही घटिया निर्माण के कारण दरकने लगी है। इससे लोगों में नाराजगी है। कर्मियों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सड़क का दरकना शुरू हो गया है।

# योग दिवस पर जुटा जनसैलाब एसपी ने योग कर दिया स्वास्थ्य का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सिमडेगा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर भवन में आयुष विभाग द्वारा भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस,सी डी पीओ सदर सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।कार्यक्रम में पतंजलि योग पीठ के प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। योग से न केवल कई बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि नियमित अभ्यास से गंभीर रोगों से भी मुक्ति पाई जा सकती है। योग से एकाग्रता बढ़ती है, मन शांत होता है और सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने भी सभी को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन योग करने, नशा न करने और पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधि श्रीराम पूरी,पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, विद्यालय के बच्चें, एएनएम, युवा एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और "करें योग,करें रोज, रहें निरोग" का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।



करें योग,करें रोज, रहें निरोग

## डैम और नदियों के उफनते जलस्तर से लोगों की सुरक्षा में जुटा जिला प्रशासन

# डीसी ने शंख नदी छठघाट एवं केलाघाघ डैम का किया निरीक्षण दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों और डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह एवं अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने शनिवार को संगम स्थल शंख नदी छठघाट और केलाघाघ डैम का निरीक्षण किया। लगातार वर्षा के कारण केलाघाघ डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। डैम के सभी फाटक ओवरफ्लो कर रहे हैं, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बन रही है। डैम संचालक द्वारा फाटक खोले जा रहे हैं। वहीं, दानगद्दी के पास स्थित शंख नदी भी उफान पर है। नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे यह स्थल और अधिक आकर्षक दिखाई देने लगा है। बढ़ी हुई जलधारा के बीच बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और सेल्फी लेने पहुंच रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। उपायुक्त ने सभी स्थल पर प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोग जलस्तर के करीब न जाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शंख नदी छठघाट पर पर्यटन एवं खेल विभाग द्वारा चेंजिंग रूम, शौचालय, पेयजल हेतु जलमिनर सहित अन्य प्रस्तावित विकास कार्यों की भी जानकारी ली और खेल पदाधिकारी को संबंधित कार्यों के जल्द क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और उफनती नदियों तथा डैम के पास अनावश्यक रूप से न जाएं। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज, हल्का एवं राजस्व कर्मचारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा में स्वच्छता रैंकिंग को लेकर तैयारियां तेज उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

**सिमडेगा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल संचालन को लेकर शनिवार को सिमडेगा में उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की प्रक्रिया, मापदंड एवं जिला स्तर पर अपेक्षित तैयारियों पर व्यापक चर्चा की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम. अर्शी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन कर उसे बेहतर बनाना एवं जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देना है।उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जाता है। इसके माध्यम से प्रत्येक जिले और राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता रैंक प्रदान की जाती है। वर्ष 2025 के स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की जिम्मेदारी को सौंपी गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 23 जून 2025 से अगस्त 2025 के बीच राज्य के सभी जिलों में कराया जाएगा। प्रत्येक जिले में औसतन 20 से 30 गांवों का चयन किया जाएगा, जिसका पूर्व में किसी को भी सूचना नहीं दी जाएगी। चयनित गांवों का निरीक्षण सर्वेक्षण दल द्वारा सीधा मौके पर जाकर किया जाएगा।स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 में कुल 1000 अंकों का निर्धारण किया गया है, जो विभिन्न मापदंडों पर आधारित होगा।गांवों में स्थापित सभी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, गोबर गैस संयंत्र एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट का नियमित रख-रखाव किया जाए एवं संबंधित रजिस्टर एवं लॉगबुक समय-समय पर अद्यतन किया जाए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लें तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार तत्परता से कार्य करें। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और स्वच्छता से जुड़ी सभी गतिविधियों का सही दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने को भी कहा।अंत में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 जिले के लिए गर्व का अवसर है और हम सभी की जिम्मेदारी है।




## पद्म पुरस्कार 2026 के लिए असुंता लकड़ा के नाम की सिफारिश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में पद्म पुरस्कार 2026 से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न कार्य क्षेत्रों जैसे शिक्षा, कला, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामों की अनुशंसा हेतु प्रस्ताव मांगे गए। इस क्रम में खेल क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए असुंता लकड़ा पूर्व हॉकी कप्तान का नाम प्रस्तावित किया गया।बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा असुंता लकड़ा के हॉकी खेल क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों एवं संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई। समिति द्वारा दस्तावेजों की पुष्टि के उपरांत सर्वसम्मति से श्रीमती असुंता लकड़ा के नाम की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।उपायुक्त ने समिति के निर्णय पर सहमति प्रदान करते हुए भारत सरकार के पोर्टल पर संबंधित सभी दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर अपलोड करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, अनुमंडल प्रभारी पदाधिकारी प्रकाश रंजन ज्ञानी, जिला परिवहन पदाधिकारी -सह-सामान्य शाखा प्रभारी संजय बखला सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी सिमडेगा के नाम पर फेक फेसबुक आईडी जांच शुरू

सिमडेगा: सिमडेगा उपयुक्त कंचन सिंह के नाम पर फेसबुक में फेक आईडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने का मामला फिर से एक बार प्रकाश में आया है एक दिन पूर्व पूजा कुमारी नामक फेसबुक आईडी द्वारा डीसी सिंह का फोटो लगाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने की बात सामने थी वहीं दूसरी बार फिर से सिमडेगा डीसी के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है जिसमे नाम पर फेक फेसबुक आई डी बनाकर उपायुक्त की फोटो ग्राफ का प्रयोग किया गया है।जिससे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा है,तथा म्यूच्यूअल फ्रेंड भी दिख रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा रिलीज जारी करते हुए कहा गया ऐसे फेक एवं फ्रॉड फेसबुक आई डी का फ्रेंड रिक्वेस्ट रिजेक्ट करें तथा ऐसे फ्रॉड से बचने की जरूरत है।ऐसे फेक एवं फ्रॉड आई डी से सावधान रहें।जिले के आम जनमानस जागरूक एवं सचेत रहें।कोई रेस्पांस न दें और ऐसे फेक एवं फ्रॉड को हतोत्साहित करें।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत कोलेबिरा में लगा शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना" के तहत कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।मौके पर बीडीओ,सीओ,प्रखंड प्रमुख एवं अन्य उपस्थित रहे। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित जनजातीय समुदाय के लोगों को चिन्हित कर उन्हें सीधे तौर पर लाभ पहुंचाना रहा। शिविर में निम्न योजनाओं के अंतर्गत स्टॉल लगाए गए और ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ उपलब्ध कराया गया शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मौके पर कई लाभुकों को योजनाओं से जोड़कर प्रमाण पत्र, कार्ड और दवा का वितरण किया गया।जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व 32,000 जुर्माने की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार को एक हत्या के मामले में दोषी पाए गए आरोपी प्रमोद बिलुंग को आजीवन कारावास एवं 32,000 के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह निर्णय टी.टांगर थाना कांड संख्या 36/2020, दिनांक 25 अगस्त 2020 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 382, 411 एवं 201 के अंतर्गत सुनाया गया।आरोपी प्रमोद बिलुंग, पिता स्व. अलबिनुस बिलुंग, ग्राम लेटाबेड़ा बरटोली, थाना बोलबा, जिला सिमडेगा का निवासी है। उस पर वर्ष 2020 में हत्या, लूट तथा सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोप लगे थे।इस मामले में सिमडेगा पुलिस द्वारा किए गए वैज्ञानिक अनुसंधान और मजबूत अभियोजन के कारण सभी आवश्यक गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे दोष सिद्ध हो सका।

## स्वास्थ्य केंद्र के पास टूटे पुल से बढ़ी परेशानियां, दिलीप तिर्की ने उठाई आवाज

- स्थानीय लोग और स्वास्थ्य कर्मी रोजाना जोखिम लेकर पुल पार करते हैं, कोई समाधान नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आदिवासी कांग्रेस के नेता दिलीप तिर्की ने कुछ स्थानीय लोगों की शिकायत पर सेवई के पंचायत और स्वास्थ्य उपकेंद्र के बीच टूटे पुल और उसके आसपास के इलाकों का भ्रमण कर जाना हाल। लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने बताया कि विगत लगभग 2 सालों से पंचायत सचिवालय और स्वास्थ्य उपकेंद्र की दूरी महज 300 से 350 मीटर की दूरी है जिसके बीच में एक पुलिया है। जो नहर के ऊपर बना है, जो पूरी तरह टूट गया गया है।इसी के ऊपर से प्रतिदिन मुखिया से लेकर सभी लोग दोपहिया वाहन से गुजर रहे लेकिन किसी को कोई मतलब नही। टूटे पुल के कारण तीन मिनट की जगह डेढ़ किलोमीटर घूमकर स्वस्थ केंद्र जाना पड़ता है। मौके पर दिलीप ने कहा इस सुविधा को वे जल्द उपायुक्त महोदया के पास रखेंगे। ये क्योकि ये पुल भले ही छोटी सी हो जिसे अनदेखा किया गया किंतु इसके द्वारा उत्पन्न समस्या बड़ी और गंभीर है। क्योंकि प्रसव पीड़ित कई ऐसे महिलाएं है एवं कई ऐसे लोग हैं जिन्हें त्वरित इलाज की जरूरत होती और ऐसे में वाहन का आवागमन नही हो पाना ठीक नही। न ही ज्यादा कीमत की पुलिया है। दिलीप ने यह भी कहा पंचायत के लोग यदि चाहते तो ये दो दिनों में बन जाता लेकिन ये लोग जानबूझकर अनदेखा कर रहे। यह देख लग रहा यहाँ मुखिया की कार्यशैली भी ठीक नही है। मौके पर कुछ ग्रामीण एवं स्वास्थ्य केंद्र की कर्मी भी मौजुर रहीं।

**चैंप्स फुटबॉल** प्रथम लिटिल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन जिप उपाध्यक्ष हुई शामिल

# कुरडेग में लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

- प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने लिया भाग, वर्ग 3 से 5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया
- बालिका वर्ग में आरसी बालिका मध्य विद्यालय कुरडेग ने राप्रावि ढोढ़ो को 2–0 से हराकर जीत हासिल की



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन निर्मला उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीम ने भाग लिया।यह प्रतियोगिता वर्ग तीन से पांच वर्ग तक के बालक बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था,जिसमें 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में राउमवि छोटकीबिउरा की टीम राप्रावि चापाडांड़ को 2--0 से हराकर विजेता बनी वहीं बालिका वर्ग में आरसी बालिका मध्य विद्यालय कुरडेग ने राप्रावि ढोढ़ो को 2--0 से हराकर विजेता बनी। विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ जया रश्मि, रूबी बाई, रेखा कुमारी, श्रवण कुमार बड़ाईक, सुरेश गुप्ता, दिनेश महतो,अक्षय सारंगी, शोभा कुमारी अभिषेक वर्मा, सेलेस्टीन किन्डो, जोन वोस्को बखला, अलमा मिंज बेंजामीन सोरेंग, सुभाष टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## कोलेबिरा भरपहाड़ रथ यात्रा 27 को, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत भरपहाड़ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली ऐतिहासिक रथ यात्रा का आयोजन इस वर्ष 27 जून 2025, दिन शुक्रवार को धूमधाम से किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। क्षेत्र में भक्तिभाव का वातावरण बन चुका है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

रथ यात्रा के साथ ही पंद्रह दिवसीय मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में झूले, दुकानों और मनोरंजन के साधनों की सजावट शुरू हो गई है। आसपास के गाँवों और दूर-दराज़ से भी लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचने लगे हैं।

प्रशासन ने भी आयोजन को लेकर कमर कस ली है। रथ यात्रा और मेले में भीड़ को नियंत्रित करने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। साथ ही, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील भी की गई है।यह रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है, जिसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। आयोजन की भव्यता को देखते हुए इस बार भी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है।

# न्यूज बॉक्स

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विभिन्न जगहों पर हुआ योगाभ्यास

**बानो।** विश्व योग दिवस के अवसर बानो प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी योग अभ्यास कराया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी व बानो मुखिया के अगुवाई में प्रखंड सह अंचल कर्मियों के द्वारा योग अभ्यास की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित प्रखंड सह अंचल कर्मियों को योग के बारे में जानकारी दिया तथा कहा कि हमें निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रखंड के ग्रामीणों को कुछ देर के लिए प्रतिदिन योग अभ्यास करने का आवाहन किया। वही बानो थाना,महाबुआंग थाना गिर्दा ओपी व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में योग दिवस मनाया गया।

## बोलबा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**बोलबा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बोलबा प्रखंड कार्यालय परिसर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना एवं स्वास्थ्य के महत्व को समझाना था। योग अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया।इस अवसर पर बीपीआरओ दीपक साहू ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया ताकि समाज में एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में योग के रंग में रंगा वातावरण

**कोलेबिरा।** 11वी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में शनिवार दिवसीय योग कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और एकता के साथ किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारीगण ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने एक साथ मिलकर विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। वातावरण पूरी तरह से सकारात्मक ऊर्जा से भर गया था, जहां स्वास्थ्य, शांति और आत्म अनुशासन का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

## जलडेगा प्रखंड परिसर में हर वर्ग ने किया योग, मिला निरोग रहने का संदेश



**जलडेगा।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जलडेगा प्रखंड कार्यालय परिसर में योग कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रखंड प्रशासन के साथ समाज के हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य था करो योग, रहो निरोग' का संदेश देना। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा, जब व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ होता है, तभी वह मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत होता है। स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ बीमारी से मुक्त होना नहीं है। यह जीवन की ऊर्जा, खुशी और प्रेम से जुड़ा होता है। योग हमें बैठने का तरीका, प्राणायाम और ध्यान सिखाता है। इसका नियमित अभ्यास करने से कई लाभ होते हैं। वहीं शम्भु राम ने कहा योगाभ्यास से स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक और शारीरिक शक्ति बढ़ती है। शरीर की टूट-फूट से रक्षा होती है और शरीर शुद्ध होता है। कार्यक्रम में आयुष डॉ खुर्शीद हसन के नेतृत्व में योग शिक्षिका हेमन्ती कुमारी और बलिराम सिंह के द्वारा 29 तरह के आसन और प्राणायाम कराया गया। इस दौरान जयंती देवी, आलोक कुमार, उमेश ठाकुर, विनोद उरांव, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रा समेत, जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी और विभिन्न वर्गों के महिला-पुरुष शामिल हुए। अंत में सभी ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

## कुरडेग में स्कूल कॉलेज तथा प्रखंड कार्यालय में हुआ योग शिविर का आयोजन

**कुरडेग।** प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों ,कॉलेजों,कार्यालयों में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया और योगाभ्यास कराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ नैमन कुजूर के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक घनश्याम यादव एवं डॉ पीके बारीक के द्वारा पदाधिकारियों,कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान प्रशिक्षक ने सभी को अनुलोम विलोम,भ्रामरी,प्राणायाम, आसन सहित विभिन्न योग कराया गया।इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि योग हमारे स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए बेहद जरूरी है। नियमित योगा करने से शरीर के अंदर की सभी तरह की बीमारियां खत्म की जा सकती है। उन्होंने सभी से नियमित योगा करने की अपील की।मौके पर सीओ किरण डांग, चिकित्सा प्रभारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा,बीसीओ श्यामकिशोर प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि देवनीश खलखो,विधायक प्रतिनिधि दीपक जयसवाल ,मुखिया उर्मिला कुजूर आदि उपस्थित थे।

## अंतिम दिन दो लोगों ने किया नामांकन, कुल 48 लोग ने किया पर्चा दाखिल

**सिमडेगा।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चुनाव में कुल 48 लोगों ने नामांकन किया है। चुनाव प्रभारी भारत भूषण सारंगी ने बताया कि अंतिम दिन शनिवार को दो उम्मीदवार सत्यनारायण प्रसाद और अनिल कुमार मित्तल ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि तक कुल 48 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। जिनकी सूची संलग्न जारी की गई।उन्होंने बताया कि रविवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और सोमवार को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के लिए आवेदन फॉर्म चुनाव प्रभारी के पास से लिया जा सकता है।

## कोलेबिरा में गिरने की कगार पर खड़े पेड़ों को समय रहते हटाया गया, बड़ा हादसा टला

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा मार्केट कंपलेक्स स्थित एक विशाल पेड़ जो हाल की भारी बारिश के कारण गिरने की कगार पर था, उसे समय रहते हटाकर एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। यह पेड़ ठीक उसी स्थान पर स्थित था, जहां प्रतिदिन कई स्थानीय लोग हरी सब्ज़ियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई और इसकी सूचना कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामी हेंब्रम को दी गई। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायज़ा लेने के बाद तत्काल अंचल अधिकारी, वन विभाग एवं बिजली विभाग को सूचित किया।प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए पेड़ को काटने की कार्रवाई की, जिससे वहां बैठे दुकानदारों और राहगीरों को राहत मिली।लोगो ने प्रखंड प्रमुख दुतामी हेंब्रम का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## बानो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश

**बानो।** प्रज्वलित विहार ओड़गा कदम टोली, जलडेगा की टीम द्वारा बानो प्रखंड के हाटिंगहोडे, बिरसा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।इस नाटक के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय कर बताया कि नशापान से व्यक्ति का स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों प्रभावित होते हैं।इस अवसर पर सुषमा नायक, कांति केरकेट्टा, प्रमिला जोजो, रानी बाखला, बिनोद उरांव, शशि कुमार और प्रभु उरांव उपस्थित थे। उपस्थित दर्शकों ने इस जागरूकता प्रयास की सराहना की।

## अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, एसडीपीओ ने दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव के समीप एक दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन से पुलिस ने 1008 बोतल अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने उक्त वाहन के चालक को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने देवरी थाना में एक प्रेस वार्ता कर दी उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखलजोरिया- बेंगाबाद मुख्य पथ पर नवादा गांव के समीप एक सफेद रंग की पिकअप वैन संख्या BR01GC-3733 सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। सूचना के आलोक में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाशी लेने पर गाड़ी के डाले में लकड़ी के प्लाई से बनी बॉक्स से रॉयल चैलेंज की 40 पेटी और रॉयल स्टेज ब्रांड की 02 पेटी कुल 42 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले में देवरी थाना कांड संख्या 53/2025 दर्ज कर वाहन चालक राम नारायण कुमार, निवासी समस्तीपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया। वहीं बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी वाहन मालिक छोटू सहनी और शराब तस्कर राजू सहनी समेत अन्य अज्ञात शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। उन्होंने बताया कि पुलिस शराब तस्करों के नेटवर्क की जांच करने के साथ साथ अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## 4 करोड़ के टेंडर को लेकर सदर थाना में विवाद, टेंडर प्रक्रिया रद्द

**धनबाद।** धनबाद भवन प्रमंडल विभाग के लगभग 4 करोड़ रुपये के टेंडर प्रक्रिया को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। सदर थाना परिसर में शनिवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई जब टेंडर जमा करने के दौरान संवेदकों और थाना प्रभारी के बीच तीखी बहस होने लगी. विवाद के चलते टेंडर प्रक्रिया फिलहाल रद्द कर दी गई है.भवन प्रमंडल विभाग ने भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निविदा प्रक्रिया थाना परिसर में आयोजित की थी.

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन



**देवघर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को देवघर की पावन नगरी में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाबा बैजनाथ धाम परिसर में केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर गोड्डा के लोकसभा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे जी, जिला आयुक्त, अधिकारी-पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत किया। इस अवसर पर श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी ने कहा, "योग भारत की प्राचीनतम धरोहर है, जिसे आज विश्व ने अपनाया है। यह हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज पूरा विश्व 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मना रहा है।"

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड की विभिन्न संस्थानों में किया गया योग



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया प्रखंड मुख्यालय के परिसर में योगा किया गया योग प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों को योगासन के बारे में बताए कहा कि कपाल भारती,अनुलोम विलोम,भ्रामरी जीवन,समेत विभिन्न प्रकार का योग किया जाता है योग करने के फायदे भी बताएं, वहीं गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व के लगभग 200 देशों में योग का आयोजन किया गया है। मनुष्य को प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग करने से मानव जीवन स्वस्थ रहता है। इधर मध्य विद्यालय गांडेय,में भी योग किया गया जिसमें भाजपा के प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंद पाठक,जिला उपाध्याय प्रो अरुण हाजरा,सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। गांडेय थाना परिसर में अंचल निरीक्षक कमाल खान के नेतृत्व में योगासन किया गया इस दौरान थाना प्रभारी आनन्द प्रकाश सिंह सहित दर्जनों पुलिस कर्मी ने योगासन किए और योग करने के फायदे बताए वही जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय, कस्तूरबा गांधी,ताराटांड़ थाना परिसर,अहिल्यापुर थाना परिसर सहित कई संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

## दैनिक जीवन में योग को अपनाएं, जीवन में दृढ़ता गतिशीलता और शांति पाएं : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय परिसर में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीडीओ अमित मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्य से रूप दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश एवं प्रमुख रेणु देवी उपस्थित रहे । योग शिविर में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सह योग गुरु बसुदेव कुमार ने ताड़ासन, वृक्षासन, तितली आसन, पवनमुक्तासन समेत कई अन्य आसनों का अभ्यास कराया और इनके माध्यम से तन-मन को स्वस्थ रखने व बीमारियों से बचने के उपाय साझा किए। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा योग करना क्यों जरूरी है? क्योंकि यह तन को लचीलापन, मन को शांति और जीवन को अनुशासन देता है। नियमित योग साधना हमें बीमारियों से बचाने और जीवन में सकारात्मकता भरने में सहायक है।

## तिसरी में भी किया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**तिसरी (गिरिडीह)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विभिन्न स्थानों पर योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तिसरी प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर भी योग किया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार और अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद के साथ अन्य कर्मी, पंचायत भवन में मुखिया किशोरी साव, चंदौरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साव व अन्य। वहीं मनसाडीह के घसनी तेतरिया विद्यालय में मुखिया बसंती मरांडी, प्रतिनिधि लखीराम हेमब्रम, पंचायत सचिव प्रभु हाजरा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक सुमित अन्य ग्रामीणों ने योगा किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लखीराम हेमब्रम ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक संतुलन बनता है।


## AFFIDAVIT

I, Motilal Marandi father of Rani Kumari Marandi, resident of Village Muniyapahadi, P.O. Purri, P.S. Bengabad, District Giridih, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

That in School Admission Register my daughter's name is recorded as Rani Kumari Marandi which is correct and in Aadhar card no. 9348 7426 2982 her name is mentioned as Rima Marandi which is incorrect.

That Rani Kumari Marandi and Rima Marandi are one and same person that is my above said daughter.

That I am in need to mention her correct name in place of incorrect name in her Aadhar card, hence this affidavit.

That after today my daughter will be known as Rani Kumari Marandi only.

That statements made above are true and correct.

The deponent who has identified by Sri U.Kumar, Advocate, Ranchi.

आरईएफ नं0 :-197, दिनांक :- 06 जून 2025


## तिसरी के कटकोको में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज



**तिसरी(गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के कटकोको में हुए जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस संबंध में दोनों पक्षों ने तिसरी थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। एक पक्ष के आवेदन में तालको हेमब्रोम ने बताया कि हमलोग अपने जमीन पर बैठे थे तभी पड़ोस के लोग आकर हम दोनो गोतनी को गाली गलौज करने लगे और कहा कि यह जमीन खाली करो नहीं मानने पर लाठी डंडा से हम दोनों को पीटने लगे और उसी में मुझे सर में चोट लग गया। जब मैं चिल्लाने लगी तो मेरे भैसुर बचाने के लिए आए तो उनके साथ भी मारपीट करने लगा जिसके बाद घायल तालको हेमब्रोम का इलाज तिसरी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने किया। वहीं इस संबंध में दूसरे पक्ष ने भी थाने में आवेदन मारपीट का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका। मामले में तिसरी पुलिस ने दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि तालको हेमब्रम के आवेदन पर कांड संख्या 54/25 जबकि रूपन्ति देवी के आवेदन पर कांड संख्या 55/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोलकाता से बिहार जाने वाली बसों में यात्री कम और मछली की होती है अधिक ढुलाई, प्रशासन मौन



**बरकट्ठा।** जीटी रोड कोलकाता से बिहार जाने वाली यात्री बसों में इन दिनों एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यात्रियों की जगह अब इन बसों में भारी मात्रा में मछलियों, खासकर मांगुर मछली की ढुलाई की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन के द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। दो दिन पूर्व की एक घटना में एक बस जिसमें यात्रियों की संख्या कम और मछलियों की भारी मात्रा थी, जो गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराटांड़ मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में जानमाल की कोई बड़ी क्षति तो नहीं हुई लेकिन ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मछलियों को लूट लिया। यह घटना सवाल खड़े करती है कि आखिर बसों में इस तरह से अवैध रूप से व्यापारिक सामग्री की ढुलाई क्यों और कैसे हो रही है? अगर कहा जाए तो आम यात्रियों को इन वाहनों से सफर करने में परेशानी होती है तथा यह यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का भी घोर उल्लंघन भी है।

### एनसीसी-एनएसएस ने किया योगाभ्यास

## नियमित योग करनेवाला अनुशासित और ऊर्जावान होता है : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**




एनसीसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालयमें 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. कार्यक्रम 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार (सेना मेडल) के नेतृत्व में आयोजित किया गया. जो एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अरुणा रानी और एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन के देखरेख में संपन्न हुआ. इस दौरान एनएसएस और एनसीसी के स्वयंसेवक व कैडेट्स ने योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया और उसके लाभ से अवगत हुए. प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने कहा कि योग एक वरदान है जिसे हम सबों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए. यह तन, मन और स्वास्थ्य सभी को तंदुरुस्त करता है. इससे मानसिक शांति और शारीरिक तंदुरुस्ती मिलती है. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रानी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है. जिसे पूरी दुनिया कर रही है. उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए सबों से इसे नियमित करने की अपील किया. लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम पर चर्चा करते हुए कहा कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।

## सीसीएल ने किया पिपरवार सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। पिपरवार**




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपने सभी एरिया में भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी श्रृंखला में पिपरवार एरिया के मैदान नंबर-4 में एक विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार, सीसीएल हैडक्वाटर के अधिकारी, कर्मचारीगण, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में महिला कर्मी, ग्रामीण, हितधारक और हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पिपरवार जीएम श्री संजीव कुमार का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि "योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को भी जागृत करता है। सीसीएल अपने कर्मचारियों और समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।"

## मादक पदार्थों के विरुद्ध महिला पुलिस व जेएसएलपीएस की दीदियों ने किया जागरूकता मार्च

**बरही ।** नशापान के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन का जागरूकता अभियान जोरो पर है. नित्य कार्य क्रम कर लोगों को नशापान व मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम की जानकारी दी जा रही है. इसी उद्देश्य से सर्किल इंस्लेक्स्टर चंद्रशेखर कुमार की अगुवाई में महिला थाना व जेएसएलपीएस ने नगर भवन से बरही चौक तक मद्यपान निषेध जागरूकता अभियान निकाला. इस दौरान महिलाओं ने लोगों को मादक पदार्थों से होने वाले हानि, दुष्प्रभाव इत्यादि से संबधित स्लोगन व नारे लगाए. लोगों को इससे बचने की सलाह दिया और अपने आप पास होने वाले नशा पान अथवा क्रय विक्रय की जानकारी स्थानीय प्रशासन को देने की अपील किया. सर्कल इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि नशापान समाज के लिए कोढ़ है, जो पूरे परिवार के साथ समाज को प्रभावित करता है.

## शैक्षणिक सहयोग को लेकर हुई सफल बातचीत

**रामगढ़।** 21 जून 2025 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ में कुलाधिपति बी एन साह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप रशिया से आए प्रोफेसर एवगनी ग्रीवा( डिप्टी ट्रेड कमीशनर ऑफ एशिया) , प्रोफेसर विक्टोरिया ग्रीवा ( कंसल्टेंट ऑफ़ एशियन ट्रेड कमीशन) एवं प्रोफेसर संत कुमार चौधरी( चेयरमैन संकरा ग्रुप ऑफ इंस्टी इंस्टिच्यूशन इंडिया एंड यूरोप) के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन एवं संस्था के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (प्रो) डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थिति थे।

**आम की प्रदर्शनी**

### आम उत्सव सह बागवानी कार्यक्रम आयोजित

## किसानों को बाजार व्यवस्था उपलब्ध करवाना मुख्य उद्देश्य : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



- भविष्य में आम बागान के रूप में जाना जाएगा बरही : जिप उपाध्यक्ष

किसानों को बाजार उपलब्ध करवाने व उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर भवन में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया. जिसमे विभिन्न पंचायत के 30 से भी अधिक किसानों ने मनरेगा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना के तहत उत्पादित आम का प्रदर्शनी लगाया. प्रदर्शनी में विभिन्न आम की प्रजातियों के दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे.

कार्यक्रम का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, बीसीओ संजय यादव जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्यातिथि ने किसानो की मेहनत का तारीफ करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारा प्रखंड आम बागान के नाम से जाना जाएगा. उन्होंने आम स्थानीय लोगो से लोकल फॉर वॉकल की महत्ता पर जोर देते हुए स्थानीय किसानो द्वारा उत्पादित सामग्रियों के क्रय पर जोर दिया. प्रमुख ने भी किसानों को प्रोत्साहित करते हुए आत्मनिर्भर होने की दिशा में बेहतर कदम बताया. बीडीओ ने मनरेगा योजनाओ की जानकारी देते हुए किसानो को उपलब्ध करवाए जाने वाले सुविधाओ की जानकारी दी. साथ हीं कृषि संबन्धित समस्या या सुझाव के लिए आत्मा कार्यालय या बीएओ से संपर्क करने के सुझाव दिए. जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा और बजार में केमिकल द्वारा पकाए गए फलों से दूर रहते हुए ताजे फल खाने की सलाह दिया. महिला किसान रंजना देवी ने आम उत्पादन को वैकल्पिक आय का श्रोत बताते हुए किसानो के लिए मनरेगा के योगदान की चर्चा किया. कार्यक्रम को अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया. इस दौरान जेएसएलपीएस द्वारा चयनित बागवानी सखी गुडिया पंडित (दुलमाहा), चिंता देवी (मलकोको) और आरती देवी (रसोईया धमना) तथा रोजगार सेवक रंजन कुमार, राजन ओम आदि कई जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन व किसान मौजूद थे.

## गंगपांचो निवासी लखन प्रसाद ने पुत्र के लापता होने को लेकर थाना में दिया आवेदन

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगपाचो निवासी 40 वर्षीय राजकुमार प्रसाद दिल्ली से लापता हो गया। इस संबंध में उसके पिता लखन प्रसाद ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि मेरा पुत्र नई दिल्ली सन प्लेश होटल में काम करता था। जिसे दिनांक 13 जून को होटल मालिक ने काम से निकाल दिया। अभी तक घर भी वापस नहीं आया है और फोन भी नहीं लग रहा है। मेरा पुत्र घर का कमाने वाला एकलौता सदस्य है और उसके दो बच्चे हैं। लखन प्रसाद ने रोते बिलखते हुए कहा कि अब हम लोगों का कोई सहारा नहीं रहा। वहीं लखन प्रसाद ने अपने पुत्र के संबंध जानकारी देने के लिए मोबाइल नंबर7894 8530 24 पर संपर्क करने का आग्रह किया है। पुलिस को मिले आवेदन पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला

National Career Service

**रोजगार मेला– 24 जून 2025 रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–24.06.2025 (मंगलवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–स्थान :– नगर भवन गुमला परिसर में।

| Sl N0 | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DISHA EDUCATIONAL AND SOCIAL WELFARE SOCIETY SISAI, GUMLA | Mobilizer Head (Male/ Female). | 01 | Minimum 12th Pass | Minimum 2 years as Field Worker | 22 to 45 Years | 15,000/-to 17,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Mobilizer (Male/ Female). | 10 | Minimum 10th Pass | Minimum 2 years as Field Worker | 22 to 45 Years | 12,000/-to 15,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | MST Home Appliances Trainer (Male/ Female). | 02 | Minimum ITI in Electronics Sector Pass | Minimum 2 as years Trainer | 22 to 45 Years | 15,000/-to 17,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Fashion Designer Trainer (Male/ Female). | 02 | Master's in Fashion Designing or Diploma with Strong creative Skills. | Minimum 2 years as Trainer | 22 to 45 Years | 15,000/-to 18000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Counselor (Male/ Female). | 01 | Graduation (Basic Computer knowledge, good interpersonal & communication Skills) | Fresher Can apply | 22 to 45 Years | 12,000/-to 15,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| 2 | SCIENCE CENTRE, GUMLA | Physics Teacher For Intermediate. (Male/ Female). | 02 | B.Sc. or M.Sc. in Physics. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Maths Teacher for Intermediate. (Male/ Female). | 01 | B.Sc. or M.Sc. in Mathematics. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Chemistry Teacher for Intermediate. (Male/ Female). | 01 | B.Sc. or M.Sc. in Chemistry. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| 3 | NATIONAL PUBLIC SCHOOL SISAI, GUMLA. | Social Science TGT Teacher (Male/ Female). | 01 | B-ed Plus English Speaking Mandatory. | 2 Years. | 25 Years and above. | 14,500/- to 18,500/- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| | | English TGT Teacher (Male/ Female). | 01 | B-ed Plus English Speaking Mandatory. | 2 Years. | 25 Years and above. | 14,500/- to 18,500 /- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| | | Date Entry Operator, LDC (Male/ Female). | 01 | DCA/ADCA (Knowledge of Computer). | 2 Years. | 20 Years and above. | 10,000/- to 13,000/- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| 4 | SAHU NURSING HOME GUMLA | O.T Technician. | 01 | O.T Technician. | Nil. | 18 to 30 Years. | 5,000/- to 9,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Dresser. | 01 | Dresser. | Nil. | 18 to 30 Years. | 4,000/- to 8,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| 5 | KEVALYA FINANCIAL SERVICES Pvt. Ltd RANCHI. | Customer Service Officer (Male/ Female). | 10 | 10th , 12th Pass. | Nil. | 18 to 32 Years. | 12,000/- to 15,000/- +PF+ ESIC accommodation Free + Incentive. | Ranchi, Sisai, Khunti. |
| 6 | KAMPA BHAI VOCATIONAL TRAINING INSTITUTE Ltd. PARWAL , BHARNO, GUMLA. | Filed Worker, Mobilizer. (Male/ Female). | 05 | 10th , Graduate. | 1 Years. | 18 to 35 Years | AS PER COMPANY NORMS. | Gumla |
| 7 | V MART RETAIL LTD, SISAI ROAD, GUMLA | Sales Man (Male/ Female). | 01 | 12th Pass. | 6 Month. | 21 to 27 Years | 9,500/- Per Month. | Gumla |
| 8 | ANKIT ENTERPRISES, JASHPUR ROAD, GUMLA | Sales Executive (Only For Female). | 01 | Graduate. | MS Office+ Tally and 1 Year Experience in Sales. | 21 to28 Years. | 9,000/- to 10,000/-Per Month. | Gumla. |
| | | Technician (Only For Male). | 01 | 12th , ITI Pass. | Automobile Sector Experience. | 18 to 25 Years | 8,000/- to 10,000/-Per Month. | Gumla. |
| 9 | MUTHOOT MICROFIN LTD RANCHI | Relationship Officer. | 20 | 12th , Graduate. | Nil. | 19 to 28 Years | 17,000/- Gross Per Month. | Jharkhand |
| 10 | GURUKUL SHIKSHA, CIRCULAR ROAD, LALPUR, RANCHI. | Academic Counselor (Only For Female). | 02 | Graduate. | Nil. | 18 to 35 Years. | 8,000/- to 15,000/- Per Month. | Lalpur, Ranchi. |
| | | Tellecaller (Only For Female). | 02 | Graduate. | Nil. | 18 to 35 Years. | 6,000/- to 15,000/- Per Month. | Lalpur, Ranchi. |
| 11 | TEJ ORTHOPEDIC AND SURGICAL HOSPITAL, KARAUNDI, GUMLA. | X-RAY Technician. ( Male/ Female). | 01 | Diploma in X-Ray. | Nil. | 25 to 35 Years. | 6,000/- Per Month. | Karaundi, Gumla. |
| 12 | FRIENDS MOTORRAD,BULLET SHOWROOM, PALKOT ROAD, GUMLA | Sales Executive (Male/ Female). | 04 | 12th , Graduate Pass. | 1 to 3 Years. | 20 to 35 Years. | 8,000/- to 12,000 Per Month, Plus Incentive. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Technician (Only For male). | 05 | 10th , 12th Pass. | 2 Years. | 20 to 35 Years. | 8,000/- to 12,000 Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Accountant. (Male/ Female). | 02 | B.Com Pass. | 2 to 3 Years. | 20 to 35 Years. | 10,000/- to 17,000 Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Customer Relationship Executive (Only For Female) | 02 | 10th, 12th Pass. | 1 to 2 Years. | 20 to 35 Years | 8,000/- to 12,000 Per Month | Palkot Road, Gumla. |
| 13 | R J MANPOWER RANCHI | Security Guard (Only For Male). | 25 | 10th Pass. | Height -168 cm, Weight - 55kg. | 18 to 45 Years. | 12,000/- to 18,000/- Per Month. | Ranchi Gharwa Jamsedpur Asansol, |
| | | BPO (Male/ Female). | 50 | 12th Pass. | English Speaking Mandatory. | 18 to 35 years | 10,000/- to 22,000/- Per Month. | Ranchi. |
| | | Over Draft Collection. (Only For Male). | 65 | 12th Pass. | Own Bike Necessary. | 18 to 35 years | 21,500/- to 30,00/- Plus Petrol. | All Jharkhand. |
| | | ATM Cashtorian (Only For Male). | 5 | 12th Pass. | Own Bike Necessary. | 18 to 32 years | 13,000/- Plus Incentive. | Gumla, All Jharkhand. |
| | | Accountant (Male/ Female) . | 3 | B.Com Pass. | Experience Nil, Tally Knowledge Mandatory. | 18 to 35 Years | 12,000/- to 15,000/- Per Month. | Ranchi. |
| | | Tellecaller (Only For Female). | 5 | 12th Pass. | Nil. | 20 to 35 Years. | 10,000/- to 15,000/- Per Month | Ranchi. |
| | | Counselor (Only For Female). | 2 | Graduate. | 3 years As a counselor. | 23 to 35 Years. | 20,000/- to 35,000/- Per Month. | Hazaribagh. |
| 14 | QUANTUM KNITS K.P.R Mill Limited, Coimbatore , Tamilnadu | District Mobilization Executive (Male/ Female). | 03 | Any degree. | 2-3 Years. | 25 to 40 Years. | 20,000/- Per Month. | Jharkhand. |
| | | Sewing Machine Operator (Only For Female). | 500 | 5th Pass. | Nil. | 18 to 30 Years. | 15,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. . |
| | | Nurse (Only For Female). | 05 | Diploma In Nursing. | 2-3 Years. | 30 to 40 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu . |
| | | Warden (Female). | 05 | Any degree. | Nil. | 30 to 40 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| | | Security (Only For Male). | 03 | 10th, 12th Pass. | Nil. | 30 to 40 Years. | 18,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| | | HR Office Mobilization (Male/ Female). | 05 | Any degree. | Nil. | 25 to 35 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| 15 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH | LIC Bima Sakhi (Only For Female). | 100 | 10th and Above Pass. | Nil. | 18 to 65 Years. | Commission Plus 7,000/- Stipend. | Gumla. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Residential, Resume, Aadhar Card, Pan Card, Voter Id, Own Bike/ Scooty RC, Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

•किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 355677 (Labour Employment and Traning)25-26*D

# रक्तदान महादान



पहाड़ों की गोद में बसा छोटा-सा गांव जहां हर सुबह सूरज की किरणें खेतों को सुनहरा करती थीं, और शामें घास के गट्ठरों के साथ थकन में लिपटी होती थीं। उसी गांव में रहता था डेविड—सीधा-सादा, पर दिल से बड़ा। उस दिन भी वह रोज़ की तरह खेतों से घास काटकर लौट रहा था। कंधों पर बोझ था, लेकिन दिल पर सवालों की एक गठरी और भारी थी। "क्या मेरी कहीं कोई आवश्यकता नहीं?" उसने मन ही मन सोचा। "हर किसी का कोई न कोई मकसद होता है मेरा क्या है? मैं कहां उपयोगी हूं?" अलबर्ट की छवि आँखों के सामने आ गई। बचपन का दोस्त। हाल ही में फ़ौज में भर्ती हुआ था। जब वर्दी पहनकर गाँव लौटा, उसकी चाल में गर्व, आंखों में तेज़ और जूतों की थाप में आत्मविश्वास था। गांव वालों ने जैसे किसी योद्धा का स्वागत किया हो। "काश, मैं भी फौज में जा सकता!" लेकिन डॉक्टरी जांच में दोष निकल आया था। दिल मजबूत था, पर शरीर नहीं। हथियार नहीं उठा सकता था, देश की सीमाओं पर नहीं लड़ सकता था। "तो क्या मैं बेकार हूँ?" डेविड का दिल भर आया। अचानक गांव की ओर से एक हाहाकार उठा। कोई स्त्री विलाप कर रही थी। "मेरे एक नहीं, अनेक बेटे हैं!"वह अलबर्ट की मां थी। डर ने डेविड की रफ्तार तेज कर दी।



चारुमित्रा

"क्या अलबर्ट शहीद हो गया?" भीड़ के बीच पहुंचा तो देखा, हर चेहरा दुख से भीगा था, लेकिन आंखों में एक चमक थी—गर्व की चमक। तभी किसी ने आवाज़ लगाई— "भाइयों, डेविड धन्य है! उसका खून भी आज मां के चरणों में चढ़ गया!" डर, उलझन और हैरानी के बीच डेविड एक क्षण को ठिठका। "मेरा खून?" याद आया कुछ हफ्ते पहले गांव में सेना के लिए रक्तदान शिविर लगा था। डेविड ने सबसे पहले अपना खून दिया था—बिना किसी उम्मीद के, बस सेवा की भावना से। आज उसे बताया गया कि उसके रक्त से एक घायल सैनिक की जान बची थी। "मैंने किसी सैनिक को जीवनदान दिया?" उसके चेहरे पर एक नई रौशनी फैल गई। वह समझ चुका था—सेवा की राह सिर्फ बंदूक या वर्दी तक सीमित नहीं होती। जीवनदान देने वाला हाथ भी उतना ही महान होता है। उस दिन वह फिर रक्तदान केंद्र की ओर चल पड़ा इस बार बिना किसी सवाल के, केवल एक विश्वास के साथ— "रक्तदान महादान है!" और वही उसका देशसेवा का मार्ग बन गया।

संस्मरण

# कोरोना ने छीन लिया श्रवण जी को, पर ऐसे तो नहीं जाता कोई



अनिता रश्मि

मूर्धन्य साहित्यकार श्री श्रवण कुमार गोस्वामी सरल हृदय, मिलनसार, मितभाषी-मृदुभाषी, दृढ़ता से बात रखनेवाले कलमजीवी थे। उनसे आत्मीय डोर राँची आने के बाद से ही पक्की हो गई थी। घर पर कई बार आए थे। बड़ी बेटी के ब्याह में भी पत्नी राज दी के साथ। मेरी पुस्तकों पर उन्होंने लिखा भी था। मुझे कुछ साल तक बरहरवा, संथाल परगना में रहने का अवसर मिला। वहाँ ज्ञानपीठ सम्मान की अनुशंसा के लिए फॉर्म आया था। मैं आश्चर्यचकित होते हुए भी उत्साह से भर उठी थी। मेरे सामने प्रसिद्ध, निरंतर उत्कृष्ट लेखन के पर्याय दो नाम चमक रहे थे। दोनों से एक मुख़्तसर सी भी भेंट नहीं, न ही कहीं देखा। हाँ, बस तस्वीरों से भेंट।

प्रथम कॉलम में नागार्जुन, द्वितीय में गोस्वामी जी का नाम भरा था। अचानक उनका नाम मन के दरीचे पर ठकठकाता आया, जरूर उनकी रचनाधर्मिता के कारण ही आया होगा। पुस्तकें परिचायक थीं।

गोस्वामी जी नागपुरी में निरंतर कार्य करते रहें। मोटे-मोटे ग्रंथों के रचयिता, नागपुरी के लिए हृदय की गहराई से सोचनवाले गोस्वामी जी की मेहनत की मिसाल हैं - "नागपुरी भाषा", "नागपुरी शिष्ट साहित्य", "नागपुरी बृहत् त्रयी"। नागपुरी के लिए उनका दिल धड़कता था।

उनकी पुस्तक "जंगल-तंत्रम" 21 जगहों से अस्वीकृत होकर राजकमल प्रकाशन से आया और छा गया था। इसमें जंगली जानवरों के माध्यम से उन्होंने बड़े रोचक ढंग से राजनैतिक भ्रष्टाचार-दबंगई की पोल खोली है। "जंगल-तंत्रम" को झारखण्ड का प्रतिष्ठित राधाकृष्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने राधाकृष्ण जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनुभूति से संपृक्त पुस्तक लिखी, राधाकृष्ण को समग्र में समझने के लिए प्रामाणिक है। उन्होंने लौह कपाट के पीछे से अपना अनुभव लिखा। महत्वाकांक्षी योजना, रांची के इतिहास-भूगोल को सामने लानेवाली पुस्तक "राँची : तब और अब" की पांडुलिपि कई जगह घूमकर रांची में छपी। ओम जी-मैं उनके घर 'आश्रय' गए तो बड़े उत्साह से उन्होंने प्रति दी। उनकी संतुष्टि देखते बनती थी। उत्साह की बात से एक और घटना --

बरहरवा से आने के बाद उनके घर पहली बार मैं अपनी किताबें लेकर गई थी। वे आन्नदित, प्रसन्नचित। बोले,

"कौन कहता है, गाँव में रहने से लेखन को धार नहीं मिलती। वहीं ज्यादा विषय बिखरे हैं।" आते वक्त नीचे छोड़ने आए थे। डाकिया दिखा। उससे हंस की प्रति लेते ही एकाएक किलक पड़े (ऐसे दृश्य कम ही देखे गए)। कहा, "हंस में आलेख छपा। लेखकीय प्रति है।"

मैं हतप्रभ, 'इतने प्रसिद्ध, उम्रदराज लेखक भी बच्चों की तरह उपलब्धि पर इतने खुश हैं, हम नाचीज क्या चीज।'

बताया था, वे वेतन से वंचित होकर भी सदा बैंक में हिन्दी में हस्ताक्षर करते। उनकी कलम धार रोकने की कोशिश हुई, रुकी नहीं। 29 विविधवर्णी पुस्तकों तक विस्तार पा गई। देश भर में उनकी किताबों पर कई शोध हुए।


मृत्यु से पूर्व गोस्वामी जी के घर गईं थी। बेहद बीमार थे। बाहर जा नहीं पाते थे। मेरे कई आग्रह वे बीमारी के कारण ठुकरा चुके थे। राज दी ने बताया,

"अब इन्हें कुछ याद नहीं रहता। लिख भी नहीं पाते हैं।" पर वे आकर बैठे और पहचान लिया... आश्चर्य!

उस दिन मैं, सुरिंदर नीलम जी उनके स्टडी में गए। उनकी किताबों की सोंधी खुशबू महसूस की। एक से बढ़कर एक समृद्ध साहित्य। करीने से सजीं बड़े-छोटे, प्रसिद्ध लेखकों की भी पुस्तकें। स्वस्थ रहते पुस्तकों की सफाई वे खुद करते रहे। कोई पुस्तकों को हाथ नहीं लगा सकता था।

अभी वे चुपचाप बाहर बैठे रहे। न मना करने का होश, न पुस्तकें दिखलाने की ललक। खराब सेहत के कारण चुप से... चुप्पे से। आने से पूर्व मैंने अपनी डायरी बढ़ा दी। राज दी की सहायता से बहुत दिनों बाद उन्होंने हस्ताक्षर किये। आत्मीय, सुखद मुलाकात रही लेकिन यह आखिरी होगी, तब सोचा नहीं था।

राज दी उनके साथ साये की तरह सदा रही हैं। सेवारत भी। लेकिन होनी को टाल नहीं सकीं। मौत के दिन मुझे इंट्यूशन हुआ शायद। प्रायः ऐसे इंट्यूशन तत्काल पकड़ में नहीं आते, मैं भी पकड़ नहीं सकी थी। बारह बजे के लगभग अनायास उनकी चर्चा फोन से कहीं की और पांच मिनट बाद ही मृत्यु की दुःखद सूचना मिली। कोरोना का त्रासद समय। लॉकडाउन का कैदी समय। उन्होंने तब देह का परित्याग किया, जब कोई पाठक-मित्र, शुभेच्छुक कंधा दे नहीं सका। स्वयं राज गोस्वामी दी को पेपर में लिखकर हवन में आने से प्रशंसकों को रोकना पड़ा। पहले भी गोस्वामी जी ने अपनी कुछेक किताबें दी थीं। वे साथ हैंऔर हैं अनगिनत यादें। अब प्रतीक्षारत है मन, उनके अध्ययन कक्ष को संग्रहालय का रूप देने का परिवार का सपना जल्द पूरा हो।



# बंद मुट्ठी



गीता सिन्हा गीतांजलि

मैं आज माँ से दादी माँ बन गई थी। फूले ना समा रही थी। अपने घर आए नए मेहमान को देखी। बड़ी बहू के बाँहों में पड़ा नन्हा पोता टुकुर-टुकुर ताक रहा था। मैं गोद में लेकर बरामदे की धूप में जा बैठी। मैं नवजात बच्चे की *बंद मुट्ठी* को देखी बोली - - - "न जाने इसके *बंद मुट्ठी* में क्या क्या है? सोना, चांदी, जवाहरात या फिर कोहिनूर हीरा?"

यही बात आज से बत्तीस - तैंतीस वर्ष पहले बड़े बेटे के जन्म पर उसकी दादी माँ ने कहा था। वे शब्द आज भी याद है - - - "बोल बेटा? तेरे *बंद मुट्ठी* में क्या क्या है? सोना, चांदी, जवाहरात या फिर कोहिनूर हीरा?"

" मैं तो देखी जो दो कमरे का घर था, आज बारह कमरों का घर बन गया। सोने चाँदी का बिजनेस खूब फुला फला। दूसरों को, गाड़ियों पर चलती देखती थी...... आज चार पाँच गाड़ियाँ हैं.... अलमारियाँ जेवरात और नगदी से भरी पड़ी हैं.... कौन सी नेकलेस पहनूँ? सोचना पड़ता है।" "फिर इन धन दौलत की क्या बातें करूँ? पोते का मुँह देखना ही सबसे बड़ा सौभाग्य है। इसकी मुस्कान पर तो सबकुछ न्योछावर करने को दिल चाहता है। भाग्यवानों के घर ऐसे लाल पैदा होते हैं....... " मैं बड़बड़ा रही थी।

आज घर में मेरे चार लाल हैं। चार चार बहुएँ हैं..... एक से एक सुंदर....... सुशील, पढ़ी लिखी..... समझदार, पति परायणा..... सासु माँ को माँ, ससुर को पिता का प्यार देने वालियाँ थीं...... भगवान ने कुछ भी कमी नहीं रख छोड़ा, चार चार बेटे के बाद एक चाँद जैसी बेटी भी........'' मैं नशे में झूम रही थी.... मुस्कुरा रही थी...... तभी सर्राफा बाजार में मूल्यों की भारी गिरावट की खबर आई........ मुश्किल से खड़ा किया गया बिजनेस लगातार घाटा में चलने लगा...... फिर पैसे की कमी..... भाइयों के बीच तकरार का कारण बन गया.... भाई भाई के बीच घरों में दीवार खड़े किए जाने लगे....... रोज देवरानी, जेठानी के बीच "तू-तू मैं-मैं" होने लगी...... यह सब देखने के लिए हम पति-पत्नी जीवित थे। पोते पोतियाँ की किलकारियों से जो घर आबाद हुआ करता था, आज लड़ाई झगड़े, एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बन गए। मेरा सारा नशा काफूर हो चुका था। अपने भाग्य पर इठलाने वाली मैं सिर पीट कर इस घर को तहस-नहस होते देख रही थी। मैं अपनी सासू माँ के भाग्य की सराहना कर रही थी कि यह सब देखने के लिए आज वो जीवित नहीं हैं........ मैं बिस्तर पकड़ती जा रही हूँ। चारों बहुओं के बीच लड़ाई ना हो अपने अलमीरा के जेवरात बहुओं में बाँट दी...... एक नौकरानी के अतिरिक्त कोई मेरे पास नहीं आता। भगवान से प्रार्थना कर रही - - - - "मुझे अपने चरणों में स्थान दें..... मेरे भाग्य के 'बंद मुट्ठी' में सुख की बरसात के बाद....... ऐसे दुख के मरूभूमि लिखे थे..... बड़े-बड़े ज्योतिषाचार्य भी नहीं पढ़ सके थे।....... अब इसी *बंद मुट्ठी* को लिए दिए मैं जा रही हूँ....... इस संसार से...... अलविदा....... किसी को सुख के बाद ऐसा दुख ना मिले...... जो मुझे मिला...... बस अलविदा.......''

# शजर



ऋषिका मिश्रा

कहीं धुआं सा उठा है
सुखे शजर के जलने से,
कोई बिलख कर रोया है
किसी सहम के ढलने से।
सहम उदासी का रूप था
तो ढल गया
रैन तन्हा बीत वहीं
चैन ये जिधर गया।
आक क्षितिज पर अटका है
डर रहा है निकलने से
कहीं धुआं सा उठा है
सूखे शजर के जलने से।
रंज में डूबे हम हैं
ये रंज में मेरा पहरा है,
स्नेह ये जितना गहरा था
ये दर्द भी उतना गहरा है।
विषाद गले में चुभ रहा
जहर बने निगलने से
कहीं धुआं सा उठा है
सूखे शजर के जलने से।
ख्वाब में तेरा सार था
सार यह जो मर गया
वक्त विलास का खत्म हुआ
तो नींद यह किधर गया?
नींद जो ये जा चुकी
रात ढलेगी गलने से
कहीं धुआं सा उठा है
सूखे शजर के जलने से
कोई बिलख कर रोया है
किसी सहम के ढलने से।

काव्य कोना

## अपना-अपना प्रण

वह कौन साधक-तपस्वी
मौन - फिर भी गुनगुनाता
आ रहा धधकती ज्वालों के बीच
कहीं परशुराम तो नहीं
धधकता बदले की अग्नि में
पापी के अन्त का निश्चय
तेज - अपने परशु से,
या फिर कोई शान्तनु पुत्र भीष्म
अंबा-द्रौपदी की रक्षा न कर सका जो
निभाया राजसिंहासन को दिया वचन,
या कहीं फिर दानवीर कर्ण
अपनी कृतज्ञता का बोझ ढोता।
वह कौन साधक-तपस्वी
भू पर आया है फिर एक बार
अपनी-अपनी आहुति देने
कहीं यह दृष्टि-भ्रम तो नहीं
या कोई मृग-मरीचिका
वह कौन?

नाग मणि

# मुक्तक

जीवन में संतोष जिसे है,वही सुखी संसार में।
विजय मिले तो खुशी मनाता,
धैर्य न खोता हार में।



बिनोद बेगाना

जो सुख साधन रहे पास में,
उससे करता मौज है- समय बीतता लोभी जन का,
कलह, द्वेष तकरार में।
घूमें सारी दुनिया कर लें, यात्रा देहरादून की।
पढ़ें किताबें किस्सों वाली, या कोई कानून की।
रहें झोपड़ी, महलों में या, ऊँचे किसी मकान में-
फ़िक्र सदा तो लगी रहेगी, रोटी हो दो जून की।

मुक्तक -सरसी छंद

धर्म सनातन कहता है यह, उसका बड़ा नसीब।
जो सेवा में आगे रखता, गंगा, गाय, गरीब।
पुण्य पथों पर चलता है जो, दे तीनों का साथ-
रक्षा इनकी कैसे होगी, ढूँढ़ें हम तरकीब।
थोड़े से सुख की खातिर जो, बेच रहा ईमान।
मनुज रूप में ऐसा बंदा, होता है शैतान।
पाप-पुण्य का भेद न जाने, करे घृणित अपराध-
दुष्कृत्यों पर उसको दंडित,करते हैं भगवान।

# योगदान



रुणा रश्मि 'दीप्त'



गाड़ी स्टेडियम के सामने से गुजर रही थी की तभी सुमन को याद आया कि पिछले वर्ष तो पर्यावरण दिवस का कार्यक्रम यहीं हुआ था। 'कितने सारे सुंदर-सुंदर पौधे लगाए थे हम लोगों ने!' अचानक ही उसका मन मचल उठा 'क्यों न चलकर एक बार देख लें? अब तो पौधे बड़े हो गए होंगे।' अपने हाथों से लगाए उन पौधों को बढ़ा हुआ देखना, सोचकर ही उसकी उसकी आँखों में चमक आ गई। उसने अपने पति से कहा -"चलो हम लोग एक बार स्टेडियम घूम कर देखते हैं, पिछले वर्ष जो हमने पौधे लगाए थे वे अब कितने बड़े हो गए।"

सुरेश के हामी भरते ही सुमन खुश हो गई। अंदर पहुँच कर सुमन ढूँढने लगी, कहीं उसे पौधे दिखाई नहीं दे रहे थे। तभी वहाँ से गुजरते हुए एक व्यक्ति से उसने पूछा -

"भाई साहब आप यहीं काम करते हो क्या? पिछले वर्ष पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में जो पौधे हम सबने लगाए गए थे वो तो दिख नहीं रहे हैं कहीं।"

"क्या मैडम जी! आप भी एक साल पुरानी बात लेकर आई हो। आप लोग तो पौधे लगाकर और फोटो खिंचवाकर चले जाते हो लेकिन दोबारा देखते भी नहीं हो कि कोई उसकी देखभाल कर भी रहा है या नहीं। बस कंपनी की तरफ से एक माली रख दिया, वह बेचारा अकेला कितने पौधों की देखभाल करेगा, क्या-क्या करेगा? बारिश अच्छी हुई नहीं, धूप इतनी तेज निकली कि पौधे तो एक सप्ताह के अंदर ही सारे सूख गए।"

यह सुनकर सुमन का मन निराश हो गया। दोनों वापस आकर गाड़ी में बैठ गए। तभी अचानक चौंक कर बोल पड़ी -


"सुनो! मैंने कुछ सोचा है, हम जो भी पौधा लगाते हैं उसे क्यों ना हम गोद ले लें? उसकी पूरी देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए उसे बड़ा करें।" यह बोलते हुए उसकी आँखों में जो चमक थी उसे देखकर सुरेश भी मना नहीं कर सका। बस इतना ही कहा - " देख लो, मैं तो इतना समय नहीं दे पाऊँगा तुमसे जो बन पाएगा करना।"

इतना सुनते ही सुमन खुश हो गई उसकी आँखों में अगले वर्ष के पर्यावरण दिवस का सपना चमकने लगा, जब आज के लगाये सारे पौधे बड़े हो जाएँगे और हरियाली को बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।

# आनंद



सुरेश चन्द्र झा




घटना थी सन उन्नीस सौ इकहत्तर की। हम पाँच मित्रों ने तय किया था कि इस रविवार आनंद देखने चलना है। अब शुक्रवार को लगी थी फ़िल्म और रविवार तक तकरीबन दो दिन थे उसपर चर्चा करने के लिए। कॉलेज से लौटकर शाम में वही गंगा का किनारा,उसमें चलती कश्तियाँ और किनारे सीढ़ियों पर बैठकर नदी में डॉल्फिनों पर कंकर फेंकते हम।

आज सुना तुमको पिछले इंटर कॉलेज डिबेट के लिए अवार्ड मिला है? अरे नहीं,छोटा सा तो रिवार्ड है छोटा नतलब? पांच सौ रुपये बस ।शील्ड तो उसी दिन मिल गया था आज चेक दिए प्रिंसिपल साहब। अरे वाह,अब तो आनंद की टिकट इसी के तरफ से जबाब नदारत अबे क्या हुआ? वो माँ ले ली अरे तो मुँह मत बिसूर कर बोलो,हमलोग मैनेज कर लेंगे। तय रहा सन्डे मैटिनी शो उस दिन बड़ी भीड़ रहेगी,कहीं ब्लैक में टिकट लेना न पड़े ऋषिकेश मुखर्जी की फ़िल्म है न, बहुत भीड़ नहीं होगी यार, गजब डाइरेक्टर हैं,अभी देखे थे न गुड्डी ।

अब छोड़ो भी,इनका डायरेक्टोरियल अचीवमेंट अनाड़ी में ही दिख गया था,जब तुम पैदा हुए थे। अरे, इसमें आनंद का रोल राजकपूर के लिए ही प्लान किया था उन्होंने , लेकिन अब वो उम्रदराज़ हो गए न इसलिए ये रोल तुम्हारे राजेश भैया को दिया। सारे डिसक्शन्स अभी ही होने थे और हुए भी। शाम ढल चुकी थी,हम उन पंछियों की तरह थे जिनके लिए अंधेरा होने तक अपने नीड पहुंचना नियत था होता। कल स्पेशल क्लास भी था,पढाई का दबाव अपने कर्मपथ पर बुला रहा था –और मीटिंग भंग हुई ।

रविवार को मैटिनी शो जाना था। उन दिनों सिनेमा देखना विद्यार्थियों के लिए सेमी प्रोहिबिटेड, यानी आंशिक प्रतिबन्ध लिए होता- जो सिनेमा देखे वो पढाई क्या खाक करेगा, यही सोच थी। इसलिए बहाने बनाकर निकलना होता, वो भी ढाई बजे से भी पहले ताकि तीन से छह का समय उस बड़े टाइम पीरियड में कवरअप हो जाए। इस रविवार का बहाना था रवि के घर पर कम्बाइंड स्टडी जो दो बजे से सात बजे तक चलता।

आधे घण्टे फिजूल में सड़कें नापकर ढाई बजे हम सब शंकर टॉकीज पहुँच चुके थे । मैं कभी टिकट काउण्टर पर नहीं जाता,लिहाजा दूसरे मित्रों ने डी सी का टिकट लिया और जब न्यूज शुरू हुआ तब हमने हॉल में एंट्री ली ताकि कोई देख न ले और घर जाकर कम्प्लेन न कर दे।

इंटरवल तक बहुत संजीदगी से हम भी फ़िल्म एंजॉय करते रहे पर इंटरवल हुआ नहीं कि पीठ पर एक हाथ पड़ा,पीछे की सीट से। मुड़कर देखा तो वही- यानि भैया। अब काटो तो खून नहीं – बहुत सिनेमा देखते हो ,पिछले सप्ताह भी देखे थे न तुमको-यहीं गोरा और काला देखने आए थे। उसके पहले भी दस्तक देखने गए थे वहाँ भी तुम मिले थे—अब लिमिट क्रॉस हो गया। कल मौसी को बताएँगे ही ।कहकर वो तो वाशरूम को गए और मेरी पैंट यहीं गीली होने लगी। उनसे मैं कैसे कहता कि जब इतनी बार आपने हमें देखा तो आप भी तो इतनी बार आये थे न— आप करें तो रासलीला,हम करें तो कैरेक्टर ढीला ! पर बोल नहीं पाए बड़े भैया का लिहाज ।इंटरवल के बाद उखडी मनःस्थिति में फ़िल्म देखी हमने। सामने पर्दे पर वो मशहूर डायलॉग चल रहा था – बाबू मोशाय – जिंदगी और मौत ऊपरवाले के हाथ है जहाँपनाह। इसे न तो आप बदल सकते हैं न मैं। हमसब तो रंगमंच की कठपुतलियाँ हैं जिनकी डोर ऊपरवाले की उँगलियों से बंधी हैं,कब कौन कैसे उठेगा,ये कोई नहीं बता सकता हा हा हा---। और मेरे कानों में जा रहा था-- खुशी और ग़म की डोर भैया के हाथों में है जहाँपनाह,इसे न तो आप बदल सकते हैं न कोई और ।कल खुशी मिलेगी या डाँट ये कोई नहीं बता सकता—हा हा हा--।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## योग : चित्तवृतिनिरोध

नदी और नारी
क्षीण रेख में
कोमल कलकल
बहती रही थी,
कहीं तो छिपी सी
कभी हठात उमगती,
सींचती मातृवत पूरे परिवेश को
पालती पोसती समरस दुलार से !
उद्दाम उमड़ पड़ी
तो बहा ले जाएगी
निर्मम संवेग से
जो भी आयेगा राह में उसकी ;
भेद अभेद करेगी नहीं
राजा और रंक का,
झोंपड़े और महल का!
साक्षी है इतिहास
कि नदी और नारी
हैं चेतावनी प्रत्यक्ष
कि रखो मर्यादा
बरतने में उनसे!!



कंचन सिंह
उपायुक्त सिमडेगा

# पिताजी की सीख

मैं "रोहन" अपने मां-पापा का इकलौता संतान था। बहुत लाड़-प्यार से मेरी देखभाल होती थी। वैसे तो मैं पढ़ने में ठीक -ठाक ही था मगर एक बुरी आदत फेविकोल की तरह चिपक गई थी और वो थी बात-बात पर छूठ बोलना।। घर, स्कूल, दोस्त-यार सब इस आदत से परेशान थे मगर मुझको कोई फर्क नहीं पड़ता था। मैं अपनी इस आदत में मस्त रहता था।।



मनीष सिंह वंदन

बात उन दिनों की है जब मेरी बोर्ड की परीक्षा होनेवाली थी और गणित की पढ़ाई के लिए मुझको एक ट्यूशन सर के पास भेजा जाने लगा। शुरू में तो मैं नियमित जाया करता था फिर बाद में घर से जरूर निकलता सही समय पर ट्यूशन के लिए मगर दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने निकल जाया करता था। घर आकर कह देता कि आज एक्स्ट्रा क्लास चल रही थी इसलिए लेट हो गया। मां-पापा को लगता कि मैं सच ही बोल रहा हूं।।

मैं रोज ही घर लेट आने लगा और बहाना बनाता एक्स्ट्रा क्लास का।।

एक दिन जैसे ही घर पहुंचा पापा के हाथ में मिठाई का डब्बा दिखा । मैं कुछ पूछता उसके पहले ही पापा ने कहा तुमने बताया नहीं कि तुम्हारे टेस्ट में इतने अच्छे मार्क्स आए हैं । वो तो बाजार में तुम्हारे टीचर जी मिल गए थे। उन्होंने बताया। वो तुम्हारी बड़ी तारीफ कर रहे थे कि लड़का बहुत होशियार है, मन से पढ़ाई करता है।। मुझको तो कांटो तो खून नहीं । सर नीचे झुकाकर अचानक रोने लगा। पापा का पैर पकड़कर बोला मुझको माफ कर दीजिए। आईंदा से झूट नहीं बोलूंगा। मैं ट्यूशन क्लास नहीं जाकर क्रिकेट खेलने चला जाता था।। पापा ने कहा मुझको पहले दिन से ही पता था कि तुम ट्यूशन नहीं जा रहे हो लेकिन मैं तुम्हारे मुंह से सुनना चाहता था। आगे उन्होंने कहा "सच बोलना इतना भी कठिन नहीं है"। सच बोलने से ज़िंदगी में कभी भी तुमको रोना नहीं पड़ेगा।।

मैंने अपने दोनों कान पकड़े और वादा किया कि आगे से हमेशा सच बोलूंगा। उनकी इस बात को मैंने गांठ बांध ली। आज मैं एक प्रतिष्ठित बैंक का मैनेजर हूं और पापा की वह अनमोल सीख बहुत याद आती है।।

## आज का दोहा

टूट गिरीं वैशाखियां, लक्ष्य अभी है दूर।
अधवर में है जिंदगी, कितने हैं मजबूर।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

# योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : राष्ट्रपति

**एजेंसी। देहरादून**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया है। राष्ट्रपति ने सभी को योग दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि योग के प्रयोग से समस्त विश्व के निवासी स्वस्थ और खुश रहें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व के अधिकतर देशों में योगाभ्यास के आयोजन होते हैं। योग मानवता की साझा धरोहर बन चुका है। उन्होंने कहा, "योग का अर्थ जोड़ना है। योग का अभ्यास व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा को जानना है और स्वस्थ बनाता है। इसी तरह एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से और एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम भी कर रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम- 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' रखी गई है।" राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "भारत की पहल पर योग के प्रति विश्व समुदाय में सम्मान बढ़ा है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग पद्धति को सही और सरल तरीके से जन सुलभ बनाना योग संस्थानों का दायित्व है। योग की संस्थाएं किसी संप्रदाय या पंथ से जुड़ी नहीं हैं।" उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग भ्रांतिवश एक समुदाय से जोड़ते हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। योग जीवन जीने की कला है, जिसे अपनाने से मनुष्य के शरीर, मन और समग्र व्यक्तित्व को लाभ मिलता है।



- भारत की पहल से योग को विश्वव्यापी सम्मान मिला
- योग को जनसुलभ और सरल बनाना संस्थाओं की जिम्मेदारी है
- भ्रांतियों से बचें, योग सबके लिए है और सभी को लाभ देता है

### भारत की देन, विश्व के लिए स्वास्थ्य और सद्भाव का संदेश

राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कहा जाता है कि स्वास्थ्य ही संपदा है, इसलिए इस संपदा को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम इस प्राचीन परंपरा का उत्सव मनाते हैं। भारत का दुनिया को उपहार है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए शांति, शक्ति और एकता लाता है। भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता में निहित योग की ये शाश्वत ज्ञानधारा आज सीमाओं से परे जाकर मानवता को स्वास्थ्य और सद्भाव से जोड़ रही है।

# सूरत : पानी में योगाभ्यास, विशेषज्ञों ने बताए 'एक्वा योगा' के लाभ

**एजेंसी। गांधीनगर**

21 जून को विश्व भर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। गुजरात में भी इस अवसर पर विभिन्न शहरों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सूरत का 'एक्वा योगा' यानी तरण ताल में किया योग आकर्षण का केंद्र रहा। सूरत से लेकर कच्छ, जामनगर, राजकोट और वडोदरा तक, लोगों ने योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। सूरत के सरथाणा डोम में आयोजित योग कार्यक्रम में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अनोखा 'एक्वा योगा' देखने को मिला, जिसमें लोगों ने स्वीमिंग पूल में पद्मासन, शीर्षासन, शवासन, पश्चिमोत्तानासन और बकासन जैसे योग आसनों का प्रदर्शन किया। एक्वा योगा इंस्ट्रक्टर रितेश दारूवाला ने कहा, इसे वाटर योगा के नाम से लोग जानते हैं। इस योग से सांस और संतुलन बेहतर होता है, जिससे न्यूरो संबंधी समस्याओं में राहत मिलती है। उन्होंने कहा, "वाटर योगा से मानसिक शांति मिलती है और बीमारियों की संभावना कम होती है।" डॉ. मनीष गोण्डलिया ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से इसकी खूबियां बताईं। कहा, "वाटर योगा से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मांसपेशियों को व्यायाम मिलता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। जब पूरा विश्व भारत की संस्कृति को अपनाकर योग कर रहा है, तो हमें भी इसे अपनाना चाहिए। स्वस्थ शरीर से ही राष्ट्र प्रगति करता है।"

# पीएम ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों संग किया योग, दिया 'हील इन इंडिया' का भी मंत्र




**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों संग योग किया। इस भव्य आयोजन में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी शामिल हुए। इस बार की योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। मंच से पीएम मोदी ने दुनिया को योग को मानवता की भलाई के लिए उठाया गया सामूहिक प्रयास करार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, " आज की दुनिया में ऐसी एकता और ऐसा समर्थन सामान्य बात नहीं है। ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन नहीं था। बल्कि मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस 'पॉज बटन' की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें।

### प्रकृति से एकात्मता व स्वास्थ्य का संदेश

पीएम मोदी ने इस बार की थीम को सच दर्शाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है- 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग'। यह थीम एक गहरी सच्चाई को दर्शाती है: धरती पर मौजूद हर चीज का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। मनुष्य की भलाई उस मिट्टी की सेहत पर निर्भर है जिसमें हमारा भोजन उगता है, उन नदियों पर निर्भर है जो हमें पानी देती हैं, उन जानवरों पर जो हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा हैं, और उन पेड़ों-पौधों पर जो हमें पोषण देते हैं। योग हमें इस आपसी जुड़ाव का एहसास कराता है, हमें दुनिया से एकात्मता की ओर ले जाता है और सिखाता है कि हम अकेले अस्तित्व में नहीं हैं, हम प्रकृति का हिस्सा हैं।

## योग भारतीय की अनुपम देन, इसे बढ़ाने का श्रेय पीएम मोदी को : सीएम

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है। योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यही वजह है कि आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ



स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए कहा है, 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्'। (शरीर ही धर्म के पालन का साधन है)। सीएम योगी ने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ काम, मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है।

### तमिलनाडु के राज्यपाल की फिटनेस देख सभी हैरान

- 73 की उम्र में लगी दीं 51 पुश-अप्स

**तमिलनाडु ।** राज्यपाल रवींद्र नारायण रवि ने शनिवार सुबह मदुरै के वेलाम्मल शैक्षणिक संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान हजारों लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। 10,000 से अधिक छात्रों के साथ भाग लेते हुए, 73 वर्षीय राज्यपाल ने न केवल योग सत्र के दौरान उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि एक ऐसा अद्भुत प्रदर्शन भी किया, जिसने उम्र और युवावस्था के बीच की रेखाओं को धुंधला कर दिया। ट्रैकसूट और बनियान पहने, पारंपरिक औपचारिक पोशाक से दूर, राज्यपाल ने दिन की भावना को ऊर्जा के साथ अपनाया, जो उनकी उम्र को झुठलाती थी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रशिक्षण पृष्ठभूमि का लाभ उठाते हुए, उन्होंने प्रत्येक योग आसन को सटीकता और संतुलन के साथ किया। सत्र का सबसे महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब उन्होंने योग सत्र के बाद बिना किसी प्रयास के लगातार 51 पुश-अप पूरे किए, जिससे दर्शकों में उत्साह भर गया।

### हरियाणा में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह

- जिलों में योगाभ्यास का आयोजन

**हरियाणा।** हरियाणा के विभिन्न जिलों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बहादुरगढ़ से लेकर पानीपत, करनाल और यमुनानगर तक, लोगों ने योग के जरिए स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। विभिन्न आयोजनों में तैराकों, स्कूली बच्चों, नेताओं, अधिकारियों और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी बताया गया। इस दौरान स्विमिंग पूल में तैराकों का अनोखा योग देखने के लिए मिला। बहादुरगढ़ में तैराकों ने स्विमिंग पूल में योग कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने तैराकों के साथ योग मुद्राएं की और स्वास्थ्य का संदेश दिया। तैराकों ने एक स्वर में कहा, "योग से मन और शरीर स्वस्थ रहता है।

### सीतारमण ने फरीदाबाद में एजेएनआईएफएम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को दिल्ली-एनसीआर के फरीदाबाद स्थित अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 समारोह में शामिल हुईं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एजेएनआईएफएम में उपस्थित लोगों ने विशाखापत्तनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी सुना, जिसके बाद मोरारजी देसाई योग संस्थान के योग साधकों के मार्गदर्शन में योग सत्र का आयोजन किया गया।

### एक सैनिक को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है योग: राजनाथ सिंह

**उधमपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने योग के प्रति सशस्त्र बल जवानों के रुझान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभ्यास सैनिकों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है और युद्ध के मैदान में इसका लाभ देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने उधमपुर के उत्तरी कमान मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व किया जिसमें 2,500 सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वांस अभ्यास किए गए। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा भी शामिल हुए।

पीएम मोदी के प्रयास से योग मदरसे तक पहुंचा

## अभ्यास से किसी धर्म को कोई नुकसान नहीं : वसीम खान

**एजेंसी। मुंबई**



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को मदरसों के छात्रों ने योग किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वसीम खान भी इसका हिस्सा बने। उन्होंने इस आयोजन को अनुपम बताते हुए कहा कि पीएम मोदी के प्रयास से योग मदरसे तक में मनाया जाने लगा है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष वसीम खान ने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 से योग को पूरी दुनिया में ले जाने का काम किया है। आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। पीएम मोदी के प्रयास से योग मदरसे तक में मनाया जाने लगा है। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। मेरा आग्रह है कि सभी लोग अपने जीवन में योग को शामिल करें। योग हमारे देश की प्राचीन परंपरा का अभिन्न अंग है।"समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में योग पर सियासत करने वालों पर वसीम खान ने कहा, "हमारे देश की एकता और सद्भावना बिगाड़ने का काम कुछ लोग कर रहे हैं। ये लोग चाहते हैं कि मुसलिम समाज और मदरसे एक दायरे में सीमित रहें। आज मुस्लिम समुदाय भलीभांति समझ चुका है कि उसके लिए अच्छा और बुरा क्या है?

## डीजीसीए ने एयर इंडिया को बिना देरी के 3 वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने का दिया निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने क्रू शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को लेकर एयर इंडिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की, जिसमें तीन वरिष्ठ अधिकारियों को रोस्टरिंग डिपार्टमेंट से तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया। इस पर एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से तीन अधिकारियों को हटाने का आदेश दिया।विमानन नियामक द्वारा जारी एक औपचारिक निर्देश के अनुसार, नियामक ने इन तीन अधिकारियों को अनधिकृत और गैर-अनुपालन वाले क्रू पेयरिंग, अनिवार्य लाइसेंसिंग आवश्यकताओं के उल्लंघन और फ्लाइट क्रू रीसेंसी मानदंडों का पालन करने में विफलता सहित कई उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। डीजीसीए ने स्थिति को शेड्यूलिंग प्रक्रियाओं और पर्यवेक्षी निरीक्षण दोनों में सिस्टम की एक बड़ी विफलता बताया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि अंतरिम अवधि में कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी इंटीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर (आईओसीसी) पर सीधी निगरानी रखेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इ्क्षचता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## चुनाव आयोग ने गोपनीयता का हवाला देकर वेबकास्ट फुटेज साझा करने से किया इंकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



- राहुल को झटका, चुनाव आयोग ने इस मांग को मानने से किया इनकार

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मांग के बाद चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज साझा करने से इनकार करते हुए गोपनीयता और कानूनी बाधाओं का हवाला दिया। यह राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग से महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों के लोकसभा और विधानसभा के हालिया चुनावों के लिए समेकित, डिजिटल, मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करने का आह्वान करने के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सच बताने से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता की रक्षा होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों से वीडियो या सीसीटीवी फुटेज जारी करने की वैध अपील मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा को कमजोर करती है, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का खंडन करती है। इसमें कहा गया है, "जिसे बहुत तार्किक मांग के रूप में छिपाया जा रहा है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950/1951 में निर्धारित कानूनी स्थिति और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बिल्कुल विपरीत है।"चुनाव आयोग ने कहा, "फुटेज को साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे वोट देने वाले मतदाता और वोट न देने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों द्वारा दबाव, भेदभाव और धमकी के प्रति संवेदनशील हो जाएंगे।" इसने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वह सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है।

## अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर वापस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे चार और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दक्षिण पश्चिम जिले के ऑपरेशन सेल की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उन्होंने दिल्ली में अवैध रूप से रहने के लिए होटलों का इस्तेमाल किया। फिलहाल उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), दिल्ली के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस राजधानी में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर लगातार अभियान चला रही है। हालिया दिनों में पुलिस ने वैध भारतीय दस्तावेजों के बिना दिल्ली में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस भेजने के प्रयास तेज किए हैं। इसी क्रम में दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सभी चार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई। इनमें दो नागरिक ढाका में अलग-अलग जगह के रहने वाले थे, जबकि एक नागरिक बांग्लादेश के मीरगंज और दूसरा व्यक्ति खर्रा का रहने वाला था।

बिहार : सरकार ने बढ़ाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि

## वृद्धजनों, विधवा महिलाओं को अब प्रतिमाह मिलेंगे 1100 रुपए

**एजेंसी। पटना**

- **लाभार्थियों की संख्या:** इस योजना से 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थी लाभान्वित होंगे
- **भुगतान तिथि:** प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खाते में राशि भेजी जाएगी



बिहार में इस साल अक्टूबर और नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले बिहार सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना राशि में बढ़ोतरी की है और बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी है। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी है।

मुख्यमंत्री ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे लिखा, "वृद्धजन समाज का अमूल्य हिस्सा हैं। उनका सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और आगे भी रहेगी।" इधर, सरकार की इस घोषणा के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। एनडीए सरकार ने वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं और समाज के हर तबके के लिए कार्य करना नीतीश कुमार की कार्यशैली रही है। नीतीश कुमार धर्म, जाति नहीं बल्कि लोगों की पात्रता के आधार को अहम मानते हैं। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना, दिव्यांगजनों का स्नेह प्राप्त करना उनकी कार्यशैली रही है।

**क्रांति का एलान** | नेताजी ने कांग्रेस को अलविदा कह फॉरवर्ड ब्लॉक का किया था गठन

# इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज है 22 जून 1939 का दिन



- आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित नौकरी छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम का मार्ग चुना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की आजादी की लड़ाई में कुछ नाम ऐसे हैं, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। उनमें सबसे ऊपर चमकता नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम है। जिनके जुनून और जज्बे ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी।

23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक में जन्मे सुभाष चंद्र बोस बचपन से ही तेज-तर्रार थे। पढ़ाई में अव्वल, लेकिन मन में देशभक्ति का ज्वार ऐसा कि उन्होंने आईसीएस की नौकरी ठुकरा दी। बोस ने कहा, "अंग्रेजों की गुलामी में नौकरी? नहीं, मैं तो आजादी का सिपाही बनूंगा!" यहीं से शुरू हुआ एक क्रांतिकारी का सफर। कांग्रेस में गांधीजी के साथ काम करते हुए सुभाष ने महसूस किया कि सिर्फ अहिंसा से काम नहीं चलेगा। उनका नारा था, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा!" यह नारा सुनकर नौजवानों का खून खौल उठता था। 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद भी जब उनकी बात नहीं मानी गई, तो सुभाष ने अपना रास्ता चुना।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम की गाथा में एक नया अध्याय तब जुड़ा, जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस से अलग होकर अपने बुलंद हौसलों के साथ 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की नींव रखी। यह 22 जून 1939 का वह ऐतिहासिक दिन था, जब नेताजी ने अपने क्रांतिकारी विचारों को नया आकार देने का फैसला किया।

यह नेताजी के उस जुनून का प्रतीक था, जो भारत को ब्रिटिश हुकूमत की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए तड़प रहा था। नेताजी ने युवाओं को जोड़ा, जिनके दिल में देशभक्ति की आग धधक रही थी। फॉरवर्ड ब्लॉक ने न केवल आजादी की मांग को और मुखर किया, बल्कि समाजवादी विचारों को भी बढ़ावा दिया, ताकि आजाद भारत में समानता और न्याय का सपना साकार हो।नेताजी का यह कदम उस समय के राजनीतिक गलियारों में भूचाल लाने वाला था। कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज हैरान थे, और ब्रिटिश सरकार की नींद उड़ गई थी। फॉरवर्ड ब्लॉक ने न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी स्वतंत्रता संग्राम को नई ऊर्जा दी।

### नेताजी की क्रांति का बुलंद ऐलान

नेताजी का मानना था कि आजादी की लड़ाई को और तेज करना होगा। वे चाहते थे कि भारत छलांग लगाए, न कि छोटे-छोटे कदमों से आगे बढ़े। कांग्रेस की नीतियों से असहमति के चलते नेताजी ने 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। नेताजी रुकने वालों में से थे। उन्होंने तुरंत अपने समर्थकों को एकजुट किया और 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की, जिसका मकसद "आजादी, अब और अभी!" था। फॉरवर्ड ब्लॉक कोई साधारण संगठन नहीं था।




# लीड्स टेस्ट में पहले शुभमन-यशस्वी-पंत की चली आंधी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का आगाज हो चुका है। लीड्स टेस्ट के पहले दिन (20 जून) भारत का धमाकेदार प्रदर्शन रहा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवचिंद्रन अश्वनि के संन्यास के बाद यह भारतीय टीम के लिए पहली सीरीज है। ऐसे में शुक्रवार से शुरू हुए लीड्स टेस्ट के पहले दिन यह सबसे बड़ी शंका थी कि क्या ये नई टीम इंडिया (टीम इंडिया 2.0 ) इंग्लैंड के गेंदबाजों को जवाब दे पाएगी. लेकिन नई भारतीय टीम के नई तकिड़ी यशस्वी जायसवाल (101), शुभमन गिल (127 नाबाद), ऋषभ पंत (65 नाबाद) ने पहले दिन ऐसे खेल दिखाया कि लगा नहीं कि रोहित-कोहली के संन्यास का असर इस टीम पर है। वैसे पंत और गिल अगर इसी लय में लीड्स में शनिवार (21 जून) को टिके रहे, तो भारत एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ेगा और इंग्लैंड के लिए मैच की राह मुश्किल हो सकती है।

इस मुकाबले की शुरुआत में जब अंग्रेज कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीता तो भारतीय कैम्प में मायूसी छा गई. नए कप्तान शुभमन गिल उदास नजर आए, क्योंकि वो भी पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी ही करना चाहते थे। क्योंकि यहां खेले गए आखिरी छह टेस्ट मैचों में जिस टीम ने पहले गेंदबाजी की, वो जीती है. वहीं पिछले चार बार चौथी पारी में बड़े टारगेट भी सफलतापूर्वक चेज भी हुए हैं। जो 322, 359, 296 और 251 रन रहे।

लेकिन भारतीय टीम ने पहले दिन पुराने सारे समीकरणों को धता साबति करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा खेल दिखाया कि फैन्स भी झूम उठे. खास बात यह भी रहीं कि भारतीय टीम का रन रेट भी पहले दिन 4.22 का रहा. 85 ओवर में भारतीय टीम ने 322 रन बना दिए।

## अगर मैं सेट हूं, तो अंत तक खेलने की कोशिश करता हूं: यशस्वी जायसवाल

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड की धरती पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा, जिसके दम पर भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की बढ़िया शुरुआत करते हुए पहले दिन 85 ओवर में 359/3 का मजबूत स्कोर बनाया। शतक के बाद जायसवाल ने बताया कि उन्होंने इस पारी के दौरान बहुत कुछ सीखा है। स्टंप के बाद अपनी पारी पर बातचीत करते हुए जायसवाल ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, "हमने यहां आने से पहले काफी तैयारी की थी। खेलना बहुत मजेदार था, और बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा लगा। मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया और बहुत कुछ सीखा।" यशस्वी जायसवाल ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 91 रन की ओपनिंग साझेदारी की। उन्होंने इस इनिंग के दौरान मार्गदर्शन के लिए सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल को भी श्रेय दिया है। जायसवाल ने कहा, "केएल राहुल बहुत अनुभवी हैं। मैं उनसे बात करके बहुत कुछ समझ सकता हूं, कहां रन बनाए जा सकते हैं और हम पारी को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। उनके साथ खेलना बहुत मजेदार था।" यशस्वी जायसवाल ने 157 गेंदों पर 101 रन जड़े। इस दौरान शानदार शॉट सेलेक्शन और मानसिक अनुशासन देखने को मिला। जायसवाल ने ऑफ साइड में इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार तरीके से रन बनाए। इस पारी के दौरान जायसवाल ने नए कप्तान शुभमन गिल के साथ 129 रन की साझेदारी भी की। गिल ने पहले दिन की समाप्ति तक 125 रन बना लिए हैं।



## लालचंद राजपूत ने यशस्वी और गिल की तारीफ की

**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे पर पहले दिन टीम इंडिया ने जिस तरह बल्लेबाजी की, उससे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अनुभवी कोच लालचंद राजपूत बेहद खुश हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। लालचंद राजपूत ने भारत के पहले दिन के खेल की तारीफ करते हुए आईएएनएस से कहा, "मैं बहुत खुश हूं। टॉस हारने के बावजूद नए खिलाड़ियों के साथ जिस तरह से हमने पहले दिन का समापन किया, वह बहुत ही बढ़िया था। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार बल्लेबाजी की।



## टॉस पर स्टोक्स का फैसला सही था : ब्रॉड

**लीड्स।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के पहले मैच में कप्तान बेन स्टोक्स का पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही था लेकिन हेडिंग्ले में गर्म दिन गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं किया। शुक्रवार को स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंद बाजी करने का फैसला किया, शुभमन गिल ने भी स्वीकार किया कि अगर सिक्का उनके पक्ष में होता तो वह भी गेंदबाजी करना चाहते थे। लेकिन यह फैसला उल्टा पड़ गया क्योंकि भारत ने पहले दिन 359/3 का स्कोर बनाया, जिसमें गिल ने नाबाद 127 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 101 और ऋषभ पंत ने नाबाद 65 रन बनाए। "यह उस (2002 में ब्रिसबेन में नासिर हुसैन के गेंदबाजी करने के फैसले) जितना बुरा नहीं था। मुझे लगता है कि यह सही फैसला था।

## वियतनाम में अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं ने ट्रॉफी जीती

**एजेंसी**

**वुंग ताऊ (वियतनाम)।** भारतीय महिला अंडर-23 पहलवानों ने वर्तमान में वुंग ताऊ (वियतनाम) में चल रही अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया, उन्होंने कुल 10 पदक जीते।

कौशल और दृढ़ संकल्प के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने सभी 10 भार वर्गों में पदक हासिल करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीती - चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य।




50 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, 55 किग्रा वर्ग में रीना, 68 किग्रा में सृष्टि और 76 किग्रा भार वर्ग में प्रिया ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते।

नेहा शर्मा ने 57 किग्रा में रजत पदक, प्रगति ने 62 किग्रा में रजत पदक, शिक्षा ने 65 किग्रा में रजत पदक, तन्वी ने 59 किग्रा में रजत पदक और ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा में रजत पदक जीता। हिनाबेन खलीफा ने 53 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

ग्रीको-रोमन कुश्ती में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

**क्लब विश्व कप:**

## बायर्न ने बोका को हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया

अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की



**एजेंसी**

**मियामी।** बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।

बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी "बॉम्बोनेरा" में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ। हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जो बेनफिका से दो अंक आगे है। बोका, केवल एक अंक के साथ, दौड़ में बना हुआ है और अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑकलैंड सिटी का सामना करेगा, जबकि बायर्न का सामना बेनफिका से होगा। यह जीत यूरोपीय क्लबों के लिए समय पर मिली बढ़त थी, जो हाल ही में टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे थे, जिसमें पोर्टो, पीएसजी और चेल्सी सभी हार का सामना कर रहे थे। मैच में बहुत जोश देखने को मिला, खासकर दूसरे हाफ में, जब बोका ने बहुत दबाव बनाया और बायर्न की लय को शारीरिक, तेज गति वाले फुटबॉल से बाधित किया। बायर्न ने अच्छी शुरुआत की और सोचा कि वे आगे निकल गए हैं, जब ओलिस के कर्लिंग कॉर्नर ने नेट पाया, लेकिन गोलकीपर पर फाउल के कारण वीएआर ने गोल को खारिज कर दिया।

## 88.16 मीटर थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा ने जीती 'पेरिस डायमंड लीग'



**पेरिस।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 88.16 मीटर के थ्रो के साथ 'डायमंड लीग-2025' में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। पहला स्थान हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने आगामी प्रतियोगिताओं में 90 मीटर थ्रो करने की प्रतिबद्धता जताई है। फ्रांस की राजधानी में पोडियम के शीर्ष पायदान पर पहुंचने के बाद चोपड़ा ने अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने ब्रॉडकास्टर से कहा, "आज मैं शुरुआत से बहुत खुश था, क्योंकि मेरी रन-अप तकनीक बहुत अच्छी थी और सब कुछ सही था। हालांकि, मुझे लगा कि आज मेरा शरीर बहुत ज्यादा बाईं ओर जा रहा था। मैं अपने चेस्ट से भाला फेंकने की कोशिश कर रहा था, इसलिए आज मेरी तकनीक इतनी अच्छी नहीं थी। हालांकि, मेरी रन-अप तकनीक सही थी। पहला थ्रो सच में शुरुआत के लिए अच्छा था। मैं आज 88 मीटर और 'वांडा डायमंड लीग' में इतने लंबे समय के बाद जीत से बहुत खुश हूं।"

## अमनदीप द्राल ने चेक लेडीज में करियर का सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला



**बेरौन (चेक गणराज्य)।** अमनदीप द्राल, जो 2022 में अपने घरेलू इवेंट में अपना पहला लेडीज यूरोपियन लीग (एलईटी) खिताब जीतने के करीब पहुंच गई थीं, ने शानदार 8-अंडर 64 का स्कोर बनाया और टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन के पहले राउंड के बाद बढ़त हासिल कर ली। एक बोगी के मुकाबले नौ बर्डी के साथ, अमनदीप ने लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला। सीजन के अपने दूसरे एलईटी इवेंट में खेल रही और रॉयल बेरौन गोल्फ क्लब में कम स्कोरिंग की स्क्रिप्ट पढ़ रही अमनदीप ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं। खास तौर पर पिछले हफ्ते (बेल्जियम में कट मिस करने के बाद) लाइन रीडिंग ने निश्चित रूप से अंतर पैदा किया। मैंने पिछले हफ्ते बॉल को अच्छी तरह मारा, लेकिन मैं लाइन को बिल्कुल नहीं पढ़ पाई। मैं ग्रीन को लेकर बहुत उलझन में थी। लेकिन इस हफ्ते में आते ही मैंने अपने पटिंग पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपने स्ट्रोक और अपनी लाइन पर ध्यान केंद्रित किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार ने सप्ताह का अंत मजबूती के साथ किया



**मुंबई।** बाजार विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने पिछले सप्ताह सत्र का समापन मजबूती के साथ किया। निफ्टी आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को महत्वपूर्ण 25,000 अंक से ऊपर बंद हुआ, जो तेजी की गति को दर्शाता है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 82,408.17 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के एक नोट के अनुसार, "विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) दोनों से लगातार निवेश ने प्रमुख सहायक भूमिका निभाई, जिसने मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को संतुलित किया और पूरे बाजार में सकारात्मक भावना को मजबूत किया।" निफ्टी इंडेक्स ने हाल ही में करेक्टिव कंसोलिडेशन के बाद ऊपर की ओर बढ़ने के संकेत देते हुए सबसे ज्यादा हाई और सबसे ज्यादा लो के साथ एक बड़ा बुल कैंडल बनाया। इस प्रक्रिया में इंडेक्स मजबूती का संकेत देते हुए 25,000 के स्तर से ऊपर मजबूती से बंद हुआ।

## केंद्र ने आरटीएस और डीआरई टेक्नोलॉजी पर इनोवेटिव 'स्टार्ट-अप चैलेंज' किया शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश में रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और डिस्ट्रिब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी (डीआरई) टेक्नोलॉजी में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए 2.3 करोड़ रुपए के प्राइज पूल के साथ एक इनोवेटिव 'स्टार्ट-अप चैलेंज' शुरू किया। इस यूनिक नेशनल इनोवेशन चैलेंज का उद्देश्य भारत के आरटीएस और डीआरई इकोसिस्टम के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। इस चैलेंज को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) के सहयोग और स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। चुने हुए इनोवेटर्स कुल 2.3 करोड़ रुपए के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें प्रथम स्थान के तहत 1 करोड़ रुपए, दूसरे स्थान के लिए 50 लाख रुपए और तीसरे स्थान के लिए 30 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा, 5 लाख रुपए के 10 सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

## एनएसई आईपीओ के मामले में अब कोई बाधा नहीं: सेबी चेयरमैन

- **एनओसी मिलने के बाद हम अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस तैयार करेंगे**




**एजेंसी। मुंबई**

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित आईपीओ योजनाओं को आगे बढ़ाने में कोई बाधा नहीं है।

एफई सीएफओ अवॉर्ड्स में पांडेय ने कहा कि एनएसई आईपीओ के मामले में कोई बाधा नहीं है।

हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या इस साल दिवाली से पहले एनएसई आईपीओ आ सकता है तो बाजार नियामक प्रमुख ने किसी भी समयसीमा पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

इस महीने की शुरुआत में, एनएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा था कि एनएसई पूंजी बाजार नियामक से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) का इंतजार कर रहा है और एक बार यह प्राप्त होने के बाद, स्टॉक एक्सचेंज बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। आईएएनएस से बात करते हुए आशीष चौहान ने कहा था कि एक्सचेंज ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से एनओसी की मांग की है।

उन्होंने कहा, "एनओसी मिलने के बाद हम अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) तैयार करेंगे और फिर, हम इसे सेबी को वापस भेज देंगे। इसके बाद, वे इसे मंजूरी देने के लिए अपना समय लेंगे।" पिछले महीने, सेबी के चेयरमैन ने कहा था कि एनएसई आईपीओ से जुड़े पेंडिंग मुद्दों को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा और नियामक इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। एफई सीएफओ अवॉर्ड्स' में सेबी के चेयरमैन ने कहा कि बाजार में हेरफेर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वे इस पर कड़ी नजर रखेंगे, क्योंकि एसएमई आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में हेरफेर बढ़ रहा है।

पूंजी बाजार नियामक ने हाल के दिनों में एसएमई आईपीओ से संबंधित कई आदेश जारी किए हैं, जिसमें फंड साइफनिंग, इश्यू सब्सक्रिप्शन में हेरफेर, गलत खुलासे और अन्य अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, "हम लगातार इस पर नजर रखेंगे। बाजार में हेरफेर के मामले में हम आगे चलकर बहुत सख्त रुख अपनाएंगे।" डेरिवेटिव ट्रेडों, खासकर इंडेक्स ऑप्शंस में हेरफेर का मुद्दा भी सामने आया है और सेबी इन मुद्दों की जांच कर रहा है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अबतक 1.39 फीसदी घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में गिरावट दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.39 फीसदी कम है, क्योंकि अग्रिम कर संग्रह धीमा रहा है। हालांकि, चालू वित्त् वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.45 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त् वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.86 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 जून तक 4.86 फीसदी बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 5.19 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। 01 अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87 फीसदी बढ़कर 1.56 लाख करोड़ पर पहुंच गया। वित्त् वर्ष 2024-25 की तुलनात्मक अवधि में अग्रिम कर संग्रह में 27 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। विभाग ने बताया कि 01 अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान कॉर्पोरेट कर संग्रह में करीब 1.73 लाख करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त् वर्ष की तुलना में 5 फीसदी से अधिक की गिरावट है। हालांकि, गैर-कॉर्पोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है।

## 2030 तक 300 एमटी इस्पात उत्पादन में 'सेलम स्टील प्लांट' की अहम होगी भूमिका : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि इस्पात सिर्फ एक सामग्री नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय विकास की रीढ़ है और इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर इनोवेशन तक सरकार का लक्ष्य जिम्मेदारी के साथ विकास करना है। सेल की इकाई सेलम स्टील प्लांट के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने यहां जो तकनीक और अनुशासन देखा है, वह सराहनीय है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, "यह प्लांट मेक इन इंडिया की सच्ची भावना को दर्शाता है।"यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को इस्पात उत्पादन में ग्लोबल लीडर बनाने के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में हुआ, जिसका लक्ष्य 2030 तक 300 मिलियन टन (एमटी) इस्पात उत्पादन, 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। प्लांट के अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कच्चे स्क्रैप से लेकर पिघली हुई धातु और तैयार स्लैब तक इस्पात उत्पादन की व्यापक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने स्क्रैपयार्ड, स्टील मेल्टिंग शॉप, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) और स्लैब कास्टर सहित महत्वपूर्ण परिचालन क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने टॉर्च कटिंग मशीन जैसे एडवांस इक्विप्मेंट और पिघले हुए लोहे को हॉट रोल्ड कॉइल और कोल्ड रोलिंग मिल में बदलने की प्रक्रिया को भी देखा। सेलम में इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस-बेस्ड रूट भारत की डीकार्बोनाइजेशन प्रतिबद्धताओं के अनुरूप स्वच्छ, सस्टेनेबल इस्पात निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, "इस प्लांट से निकलने वाले तैयार उत्पाद हर दिन घरों से लेकर उद्योगों तक लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं।" ये उत्पाद रेलवे, डिफेंस, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और घरेलू उपयोगिताओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सेवा करते हैं, जिससे सलेम स्टील प्लांट भारत के स्टेनलेस स्टील इकोसिस्टम में आधारशिला बन गया है। चर्चाओं में प्रमुख बाधाओं को संबोधित किया गया, रणनीतिक हस्तक्षेपों की खोज की गई और रक्षा, रेलवे, एयरोस्पेस और सटीक इंजीनियरिंग के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र, विशेष स्टील में उत्पादन बढ़ाने को प्राथमिकता दी गई।

# बारिश में सड़क धंसा, दो वर्षों से नहीं हुई मरम्मत

- कुंदा-मेदवाडीह सड़क पर दुर्घटना का खतरा बढ़ा, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा से मेदवाडीह तक की कालीकरण सड़क भारी बारिश के कारण और अधिक जर्जर हो गई है। मेदवाडीह में अशोक यादव के घर के पास सड़क के किनारे फ्लैंक की मिट्टी बह गई है। यही स्थिति कई अन्य जगहों पर भी देखने को मिल रही है, जिससे कभी भी आवागमन बाधित हो सकता है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर है और इसे मरम्मत के लिए प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद लगभग दो साल बीत जाने के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य अधूरा है। सड़क मरम्मत का ठेका गणेश प्रसाद को दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया है। लगातार जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण फ्लैक किनारे की मिट्टी बहती जा रही है, जिससे सड़क धीरे-धीरे खाई में तब्दील होती जा रही है। वहीं, मोहनपुर गांव में अरुण यादव के घर के पास कच्ची सड़क का भी वही हाल है। वहां भी बारिश के कारण सड़क किनारे की मिट्टी कटकर बह गई है, जिससे आवागमन बेहद जोखिमभरा हो गया है। अरुण यादव ने बताया कि इस सड़क का कई बार सर्वेक्षण हो चुका है, लेकिन अब तक पक्की सड़क नहीं बन पाई। इस रास्ते पर लगभग 500 घरों की आबादी गुजरती है, जिन्हें अब भी कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते पर ही आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द मरम्मत और पक्कीकरण का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि दुर्घटना और अवरोध से राहत मिल सके।

## पहली बारिश में ही खुली घटिया सड़क निर्माण की पोल

- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी 18 करोड़ की सड़क पानी में बही



**मयूरहंड (चतरा)।** तेतरिया मोड़ से मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। पहली ही बारिश में यह सड़क तिलरा मोड़ के पास पानी में बह गई, जिससे इसकी निर्माण गुणवत्ता की पोल खुल गई है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई थी। निर्माण कार्य शुरू होते ही स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार घटिया निर्माण की शिकायत की थी और कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। ग्रामीणों ने पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं से कई बार शिकायतें कीं, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क के निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा लगातार अनियमितताएं बरती जा रही थीं, जिसे लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने भी विरोध जताया, पर आवाज अनसुनी रह गई। बताया जा रहा है कि सड़क का टेंडर भले ही रांची की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला हो, लेकिन कार्यस्थल पर निर्माण कार्य लोकल एजेंट्स के माध्यम से कराया गया, जिससे गुणवत्ता प्रभावित हुई। सड़क निर्माण के दौरान स्थानीय नेताओं को आमरण अनशन तक करना पड़ा था। निर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों में विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन पहली बारिश में ही सड़क बहने से अब प्रखंडवासियों में मायूसी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इतनी बड़ी लागत से बनी सड़क कुछ महीनों में ही टूट जाए, तो इसका मतलब साफ है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। स्थानीय लोगों ने विभागीय जांच और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे निर्माण कार्य पर अंकुश लगाया जा सके।

## आधार कार्ड को नहीं माना जाएगा जन्म प्रमाण का वैध दस्तावेज

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा ई-गवर्नेंस विभाग, झारखंड रांची से प्राप्त पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि अब आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्देश भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), क्षेत्रीय कार्यालय रांची के पत्र के आधार पर जारी किया गया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड में उल्लिखित जन्म तिथि केवल पहचान के प्रयोजन से होती है, न कि जन्म प्रमाण के रूप में। यह केवल एक पहचान पत्र है और इसे जन्म तिथि के प्रमाणीकरण के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। इस संबंध में सभी विभागों और कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी सेवा या प्रमाणन प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्म प्रमाण के रूप में मान्यता न दी जाए। इसके लिए बर्थ सर्टिफिकेट, मैट्रिक प्रमाणपत्र या अन्य अधिकृत दस्तावेज ही मान्य होंगे। यह निर्णय विभिन्न सरकारी योजनाओं व सेवाओं में दस्तावेजी प्रमाणिकता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटिजन वेलफेयर पोर्टल लॉन्च

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सीनियर सिटिजन वेलफेयर पोर्टल लॉन्च किया गया है। यह एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म वरिष्ठ नागरिकों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और सूचनाओं की पहुँच को आसान बनाएगा। यह पोर्टल एक वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में कार्य करता है, जिसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित सभी नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। इससे बुजुर्गों को सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सरलता होगी। पलामू उपायुक्त समीरा एस ने जिले के सभी विभागों और विभागीय प्रधानों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय स्थापित करते हुए पोर्टल की जानकारी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों तक पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचना चाहिए। उपायुक्त ने वरिष्ठ नागरिकों से भी अपील की है कि वे सीनियर सिटीजन वेलफेयर पोर्टल से जुड़कर इससे अधिकतम लाभ प्राप्त करें। यह पोर्टल बुजुर्गों के जीवन को सहज, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छात्राओं को बैंकिंग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव की जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से शनिवार को चैनपुर स्थित राजकीय पिछड़ा जाति +2 बालिका आवासीय विद्यालय में बैंकिंग लोकपाल प्रणाली और डिजिटल फ्रॉड से बचाव को लेकर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरबीआई के लोकपाल आनंद और मनोज रंजन ने छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन में बरती जाने वाली सावधानियां और साइबर अपराधों के प्रकारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैसे साइबर धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सकती है और बैंकिंग से जुड़ी समस्याओं को बैंकिंग लोकपाल के माध्यम से कैसे सुलझाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही जवाब देने वाली छात्राओं को आरबीआई की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन यादव, शिक्षक सीतेश कुमार, अग्रगति इंडिया के जिला समन्वयक श्यामसुंदर महतो, कोऑर्डिनेटर तरुण प्रकाश, सतीश कुमार दुबे, ट्रेनर पंकज तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के शिविर छात्राओं में डिजिटल लेनदेन को लेकर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# चलानी किला में पहली बार योग शिविर का आयोजन



- राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी की ओर से चलानी किला शाहपुर, मेदिनीनगर परिसर में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया। योगाभ्यास से पहले मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि चलानी किला जैसे ऐतिहासिक स्थल पर पहली बार योग शिविर का आयोजन होना गौरव की बात है। उन्होंने इसे जनजागरण और स्वास्थ्य चेतना की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। योग शिविर में शिहान संतोष कुमार (योग प्रशिक्षक सह संरक्षक), आसुतोष कुमार पांडेय (महाराष्ट्र से खेलकूद एवं योग में मास्टर डिग्री प्राप्त प्रशिक्षक), दीपक कुमार गुप्ता, संतन सोनी, संध्या कुमारी, बोली कुमारी और गोल्डी कुमारी (महिला योग प्रशिक्षक) ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और उसके लाभ बताए। प्रशिक्षकों ने योग को जीवन में शामिल करने और नियमित अभ्यास पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में दाऊद केरकेट्टा, राजू कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, बसंत हेमरम, पुनिया टोपनो, केलवंशिया केरकेट्टा, शंखनाथ सिंह चेरो, रोहित कुमार चेरो और आयुष कश्यप ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पलामू में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित विलंब व उदासीनता से फीका पड़ा माहौल

- पीजी ब्लॉक परिसर में मुख्य कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को उत्साहपूर्वक तो मनाया गया, लेकिन प्रमुख जिला स्तरीय आयोजन में दो घंटे की देरी और आयोजन की उदासीनता ने जन भागीदारी और उत्साह को प्रभावित किया। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के पीजी ब्लॉक परिसर में जिला आयुष समिति व जिला प्रशासन की ओर से आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम आम लोगों की अपेक्षित उपस्थिति से दूर रहा और तय समय सुबह 5:30 बजे के बजाय करीब 7:00 बजे शुरू हुआ। जिला आयुष समिति कार्यक्रम में काफी उदासीन दिखा।हालांकि जिले के सभी प्रखंड-अंचल कार्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों सहित अन्य संस्थानों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने योग संगम – एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश दिया।नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार, आयुष पदाधिकारी डॉ. रामनारायण कारक, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद और डीपीएम डॉ. मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।पतंजलि योगपीठ की प्रशिक्षक ममता सिन्हा व धीरज कुमार द्वारा वज्रासन, सिद्धासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार जैसे योगासनों और भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली जैसे प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के मानसिक और शारीरिक लाभों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकों और विद्यार्थियों की भागीदारी रही, लेकिन जनसामान्य की उपस्थिति नगण्य रही और कार्यक्रम में समयबद्धता व ऊर्जा की कमी साफ तौर पर महसूस की गई।

**जेएस कॉलेज में विद्यार्थियों ने लिया योग का संकल्प :** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय (जेएस कॉलेज) में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य के नेतृत्व में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।डॉ. वैद्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। योग को नियमित रूप से अपनाने से जीवन में मानसिक संतुलन और स्वास्थ्य दोनों सुधरते हैं। कार्यक्रम का समापन ध्यान और सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। मौके पर प्रो. जय प्रकाश राम, डॉ. प्रमोद कुमार, करण थापा, शशांक प्रिय, राजीव मुखर्जी, मो. आलम, अजय मेहता, योगेश, ज्वाला यादव सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एमकेडीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**मेदिनीनगर।** एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डालटनगंज में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में योग पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को प्रेरणादायक बनाया गया, जिसके बाद पूरे विद्यालय परिसर में योग का सामूहिक अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आचार्य अरविंद कुमार ने विद्यालय के योग प्रशिक्षु छात्रों को विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभ भी समझाए। उन्होंने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मन को भी शांत और एकाग्र करने में सहायक होता है। प्रशिक्षक ने अनुलोम-विलोम, कपालभाति, पद्मासन, वृक्षासन, ताड़ासन और वज्रासन जैसे योगासनों का अभ्यास कराते हुए उनकी विशेषताओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# विश्व संगीत दिवस पर कलाकारों को सम्मानित कर बोले सांसद–रंगकर्मी समाज का दर्पण

- राष्ट्रीय स्तर पर पलामू का मान बढ़ाने वाले कलाकारों को मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शनिवार को पलामू सांसद वीडी राम ने अपने आवास पर शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों से संवाद करते हुए कहा कि रंगकर्म समाज को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है और पलामू के कलाकारों ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे झारखंड का नाम रौशन किया है।

सांसद ने कहा कि रंगमंच एक कठिन विधा है और पलामू जैसे संसाधनविहीन क्षेत्र से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना प्रशंसनीय उपलब्धि है। उन्होंने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि वे आगामी मंचन में हरसंभव सहयोग देंगे। इस दौरान कलाकारों ने रेलवे यात्रा कंसेशन फिर से बहाल करने की मांग की, जिसपर सांसद ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को रेल मंत्री के समक्ष उठाएंगे।कार्यक्रम में कलाकारों ने ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन, शिमला की ओर से प्राप्त स्मृति चिह्न सांसद को भेंट किया। यह मोमेंटो राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता के आयोजक और एनएसडी के वरिष्ठ रंगकर्मी रोहिताश्व गौड़ एवं डॉ. रेखा गौड़ द्वारा मासूम ग्रुप को प्रदान किया गया था। इस अवसर पर सांसद ने शिमला में प्रस्तुत नाटक को मेदिनीनगर में भी मंचित करने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद युवा समाजसेवी स्मिता आनंद ने कहा कि पलामू के कलाकारों को मंच और सम्मान दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। रंगकर्मी अगर पहल करें तो प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहयोग जरूर मिलेगा। इस अवसर पर राजा सिन्हा और राम किशोर पांडेय सहित कई वरिष्ठ संगीत कलाकारों ने सांसद को विश्व संगीत दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने किया।

कार्यक्रम में मुनमुन चक्रवर्ती, संध्या शेखर, कनक लता तिर्की, परिणीता पाल, अमर भांजा, कामरूप सिन्हा, अविनाश तिवारी, राज प्रतीक पाल, मो. नसीम, शहजादा तालिब, सूरज शर्मा, उज्ज्वल सिन्हा, गुलशन मिश्रा सहित कई कलाकार और रंगकर्मी उपस्थित थे।

# दोपहर के उजाले में दो महिलाओं के गले से चैन छीन कर फरार हुए बाइक सवार

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार को दोपहर के समय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में एक घंटे के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं के गले से सोने की चैन छीनने की घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों वारदातों को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने अंजाम दिया और फरार हो गए। दोनों घटनाओं में पीड़ित महिलाओं के गले से लाखों रुपये की कीमत की सोने की चेन छीन ली गई।

**वृद्ध महिला को बनाया निशाना :** पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जोड़ की है। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे 75 वर्षीय शकुंतला देवी अपने घर के बाहर टहल रही थीं। इसी दौरान खनवा की ओर से आए काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक अचानक उनके पास आए और उनके गले से सोने की चेन झपट कर तेजी से मेदिनीनगर की ओर भाग निकले। बताया गया कि उक्त सोने की चेन कुछ माह पूर्व ही करीब 1.5 लाख रुपये में खरीदी गई थी। इस घटना के बाद पीड़िता और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए। सूचना पर सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी ली गई है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

**हॉस्पिटल पहुंची महिला बनी शिकार :** दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के पास की है, जहां दोपहर लगभग 12:30 बजे एक महिला, जो भगवती हॉस्पिटल में इलाज के सिलसिले में आई थी, के गले से भी सोने की चेन झपट ली गई। बाइक पर सवार अज्ञात दो युवक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में दोनों घटनाओं में शामिल बाइक काले रंग की पल्सर बताई जा रही है। दोनों थानों की पुलिस समन्वय बनाकर छानबीन कर रही है।

**सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था :** एक ही दिन, एक ही थाना क्षेत्र और एक ही अंदाज में दो महिलाओं से चैन छीनने की घटनाओं ने पुलिस गश्ती और सतर्कता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। खासकर दिन के उजाले में सार्वजनिक स्थलों पर हो रही इस तरह की वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर रोष जताया है और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल दोनों घटनाओं को लेकर पुलिस सक्रिय है, लेकिन ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी है कि शहर में नियमित गश्त, संदिग्धों की पहचान और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाया जाए। साथ ही अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी कर लोगों का भरोसा बहाल किया जाए।

## पेज एक के शेष

**एक साथ तीन...**

24 कोचिंग संस्थानों पर 7,716 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। हालांकि, जिन कोचिंग संस्थानों को नोटिस मिले हैं, उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। लेकिन, उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा है कि जिन संस्थानों को नोटिस जारी किया गया था, उनमें ज्वॉइंट एंट्रेस एग्जामिनेशन (जेईई) और नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेस टेस्ट (नीट) कोचिंग देने वाले संस्थान शामिल थे।

उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अपने बयान में कहा है कि आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के हालिया परिणाम की घोषणा के बाद सीसीपीए ने देखा कि कोचिंग सेंटर दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे। कोचिंग संस्थानों को सीसीपीए के नोटिस जेईई और नीट में गारंटीकृत प्लेसमेंट, रैंकों के आश्वासन, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के साथ-साथ प्रवेश रद्द करने के बाद गैर या आंशिक शुल्क वापसी और सेवाओं में कमी से संबंधित दावों पर जारी किए जाते हैं। पिछले साल प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण देने वाले तीन कोचिंग सेंटर पर सिविल सेवा परीक्षा में अपनी सफलता दर के बारे में भ्रामक विज्ञापन देने के लिए जुर्माना लगाया था। कोचिंग संस्थानों में फर्जीवाड़े के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें भ्रामक विज्ञापन, अनुचित शुल्क संरचना और खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। छात्रों को फीस वापसी नीतियों के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त करना चाहिए।

जहां शिक्षा मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही कोचिंग सेंटरों के रेगुलेशन के लिए गाइडलाइंस जारी की है, वहीं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भी खुद संज्ञान लेते हुए कई कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया है।

लोकसभा में कोचिंग सेंटरों के दावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने बताया था कि सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ खुद संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। शिक्षा मंत्रालय ने गाइडलाइंस तैयार कर सभी राज्यों को भेजा है, ताकि राज्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकें।

**योग से मन...**

पुरुष प्रशिक्षक द्वारा प्रति माह 32 योग सत्र और महिला प्रशिक्षक द्वारा 20 योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। 50 बिस्तरों वाले धन्वंतरि आयुष अस्पताल का निर्माण पूर्वी सिंहभूम और रांची में किया जा रहा है। 10 चलंत आयुष अस्पताल, पंचकर्म केंद्र, और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विशेष आयुष कैंप की योजना पर कार्य प्रगति पर है।

**थाने के पास...**

पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक अपराधी का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है। परिजन सदमे में हैं और रो-रो कर बुरा हाल है।

थाने के पास इस तरह की लूट की घटना ने पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग पुलिस की लापरवाही से नाराज हैं और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**भारतीय सेना को....**

उनकी जितनी प्रसंशा की जाए, वह कम है। सरकार की सेवा तो बहुत लोग करते हैं, लेकिन अपनी जान हथेली पर लेकर देश के लिए हर पल न्योछावर करने के लिए तत्पर सेना के तीनों अंगों को नमन करना हम सब का दायित्व ही नहीं, कर्तव्य भी है। हम अपने राजनीतिक नेतृत्व की भी प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने सेना को दुरूह कार्य को अंजाम देने के लिए खुली छूट प्रदान की तथा लगातार उनके समर्थन में खड़े रहे। भारतीय सेना को शत-शत नमन। जय हिंद।

# विद्यालय की छात्राओं को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

**मेदिनीनगर।** सदर थाना की ओर से शनिवार को नशा उन्मूलन को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम थाना क्षेत्र के ग्राम चियाकी स्थित राजकीय उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय की छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों, डायल 112 सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ी जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का नेतृत्व सदर थाना प्रभारी ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति विशेष के जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कई प्रासंगिक उदाहरणों के माध्यम से नशे की लत से होने वाले नुकसान को स्पष्ट किया और छात्राओं को इससे बचने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने कहा कि किशोरावस्था में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे में छात्रों का जागरूक होना और दूसरों को भी जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने डायल 112 सेवा के महत्व को बताते हुए छात्राओं को किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को नशा से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

सदर थाना की इस पहल को विद्यालय परिवार और छात्राओं ने सराहा और इसे एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रयास बताया, जिससे बच्चों को सही दिशा मिलती है और समाज नशामुक्त बनने की ओर अग्रसर होता है।

# मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जीएलए कॉलेज स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

- हुसैनाबाद व सदर मेदिनीनगर की टीमों ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शनिवार को जीएलए कॉलेज स्टेडियम में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्रॉस कंट्री दौड़, कबड्डी, रस्साकशी, पेंटिंग, निबंध, भाषण और क्विज प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में हुसैनाबाद ने प्रथम स्थान और सदर मेदिनीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में सदर मेदिनीनगर विजेता बनी। प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल समन्वयक निधि उपाध्याय, अभिलाष चंचल, मोनू कुमार, उपेंद्र कुमार, रविंद्र उरांव, सुनील यादव, सिकंदर कुमार, दीपू कुमार, दीपक तिवारी और सत्यनारायण शर्मा की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी 24 जून को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना है।

# क्या वैज्ञानिकों ने मानव उम्र बढ़ाने का तरीका खोज लिया है?

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि रैपामाइसिन, एक दवा जो अंग प्रत्यारोपण अस्वीकृति को रोकने के लिए एक प्रतिरक्षादमनकारी के रूप में उपयोग की जाती है, हमें लंबे समय तक जीने में मदद कर सकती है।दशकों से, वैज्ञानिक मानव जीवन को बढ़ाने का तरीका खोजने की कोशिश कर रहे हैं, और जबकि अध्ययनों से पता चला है कि चुनिंदा प्रयोगशाला जानवर कम खाने से लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं, उन्होंने मनुष्यों पर ये अध्ययन नहीं किए हैं। प्रयोगशाला चूहों पर एक सदी पुराने अध्ययन से पता चला है कि जो चूहे कम खाते हैं वे अक्सर अपने समकक्षों से अधिक जीवित रहते हैं, लेकिन अधिकांश मनुष्यों के लिए स्थायी आहार का पालन करना लगभग असंभव हो सकता है। हालांकि, ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि एफडीए द्वारा अनुमोदित दवाओं का संयोजन जो आहार के प्रभावों की नकल करता है, लंबे जीवन का उत्तर हो सकता है। दो दवाएं - रैपामाइसिन और मेटफार्मिन चूहों के जीवन काल को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए जानी जाती हैं। रैपामाइसिन, जो पहली बार 1970 के दशक में ईस्टर द्वीप की मिट्टी पर रहने वाले बैक्टीरिया में पाया गया था, पारंपरिक रूप से अंग प्रत्यारोपण अस्वीकृति को रोकने के लिए एक शक्तिशाली प्रतिरक्षादमनकारी के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह दवा एक विशेष स्विच को निष्क्रिय करके काम करती है जिसका उपयोग कोशिकाओं को सूचित करने के लिए किया जाता है कि किसी कोशिका में पोषक तत्वों की प्रचुरता है। मेटफॉर्मिन के लिए, यह एक सिंथेटिक यौगिक है जो फ्रेंच लिलाक या बकरी के रूप में पाया जाता है, जिसे डॉक्टर टाइप 2 मधुमेह में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए लिखते हैं। चूंकि इन दोनों दवाओं का उपयोग मानव शरीर में पोषक तत्वों और ऊर्जा के स्तर को समझने के लिए किया जाता है, इसलिए जीव विज्ञानी यह देखना चाहते थे कि क्या इन दवाओं के संयोजन का कम खाने के समान प्रभाव हो सकता है। उनके प्रभावों के बारे में अधिक जानने के लिए, वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने हजारों मौजूदा अध्ययनों की जांच की और 167 अध्ययनों के बारे में जाना जो मछली और बंदरों जैसी आठ कशेरुक प्रजातियों पर केंद्रित थे, जिससे उन्हें इस बारे में विस्तृत जानकारी मिली कि ये दवाएँ जानवरों को कैसे प्रभावित करती हैं।

### वैज्ञानिकों का कहना है लंबी आयु पाने में मदद करेगी तीन रणनीति

वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबी आयु पाने में मदद करने वाली तीन रणनीतियों में से, कम खाना, रैपामाइसिन लेना और मेटफार्मिन का सेवन करना, जीवन काल बढ़ाने का सबसे भरोसेमंद तरीका है, चाहे जानवर का लिंग कुछ भी हो, कम खाना। उन्होंने यह भी नोट किया कि जीवन काल बढ़ाने की दूसरी सबसे प्रभावी रणनीति रैपामाइसिन लेना था, जबकि मेटफॉर्मिन का कोई खास प्रभाव नहीं था। हालांकि, वैज्ञानिकों ने कहा कि जानवरों पर रैपामाइसिन का प्रभाव लगातार नहीं था, क्योंकि, कुछ मामलों में, अध्ययनों से पता चला है कि कम खाने या रैपामाइसिन लेने से जानवर का जीवनकाल कम हो जाता है। यहाँ ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि इनमें से ज्यादातर सकारात्मक प्रभाव चूहों पर थे, जिनके जीन मनुष्यों के समान होते हैं, लेकिन बिल्कुल समान नहीं होते हैं। और चूंकि रैपामाइसिन के कुछ साइड इफेक्ट भी हैं, जैसे कम प्रतिरक्षा, इसलिए वैज्ञानिक अब यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या दवा की कम खुराक साइड इफेक्ट के बिना कुछ फायदा देती है। मनुष्यों पर चल रहे रैपामाइसिन परीक्षण के अनुसार, यह देखा गया कि दवा की कम खुराक जीवन काल बढ़ाने में मदद कर सकती है। लेकिन अभी तक परीक्षण जारी है और परिणाम आने में कुछ वर्ष लगेंगे।

# एंटीबॉडी के स्तर में गिरावट के कारण हर 6 से 9 महीने में देखा जा रहा है कोरोना का प्रकोप

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** विश्व के तमाम देशों में कोरोनावायरस संक्रमण तेजी से बढ़ते हुए देखे गए। भारत में 15 जून को जहां कुल एक्टिव केस लगभग 7400 थे, वह 21 जून को घटकर लगभग 5012 रह गए हैं। बीते 24 घंटे में 1197 लोग या तो संक्रमण से ठीक हो चुके हैं या अस्पताल से ठीक होकर घर लौट गए हैं। राजस्थान में एक व्यक्ति की कोरोना से मृत्यु जरूर हुई है, मृतक की उम्र 20 वर्ष की थी। साझा की गई जानकारियों के मुताबिक उसे मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम, लंग्स की समस्या के साथ कोरोना का संक्रमण हो गया था, जिसके कारण स्थिति गंभीर होती गई और मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना को हल्के में लेने की भूल नहीं करनी चाहिए। वायरस हमेशा हमारे आसपास ही रहता है और नए म्यूटेशन या लोगों की कमजोर होती इम्यूनिटी के कारण बार-बार एक्टिव हो जाता है। इस खतरे को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है, हमें कोरोना के साथ रहना सीख लेना होगा। भारत में कोरोना के दो वैरिएंट्स निंबस व स्ट्राटस सबसे ज्यादा प्रभावी देखे जा रहे हैं। एनबी.1.8.1 को अनौपचारिक रूप से "निंबस" उपनाम दिया गया है, वहीं एक्सएफजी को स्ट्राटस कहा जा रहा है।

हाल ही में एक रिपोर्ट में आईसीएमआर-एनआईवी पुणे के निदेशक डॉ नवीन कुमार ने बताया कि एक्सएफजी और एनबी.1.8.1 के साथ जेएन.1 और एलएफ.7 वैरिएंट भी यहां सक्रिय देखे गए हैं। अभी तक इन वैरिएंट्स को ज्यादा गंभीर नहीं पाया गया है हालांकि हर म्यूटेशन के साथ इसकी संक्रामकता दर जरूर बढ़ती जाती है जिसको लेकर सावधानी बरतना जरूरी है।कोविड विशेषज्ञों का कहना है कि फ्लू वायरस की ही तरह से कोरोनावायरस भी हमेशा हमारे बीच रहने वाला है, इसलिए हमें इस वायरस के साथ जीना सीख लेना होगा। कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए उच्च जोखिम समूह, 65 साल से ज़्यादा उम्र, कोमोरबिडिटी के शिकार, वाले लोगों को सालाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर कोविड-19 टीकाकरण जरूर कराना चाहिए। चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग में श्वसन चिकित्सा के प्रोफेसर डेविड हुई शू-चियोंग कहते हैं, वैश्विक आबादी में एंटीबॉडी के स्तर में गिरावट के कारण हर छह से नौ महीने में कोरोना का प्रकोप देखा जाता रहा है, ये आगे भी देखा जाता रह सकता है। इससे बचाव को लेकर हमें पहले से अलर्ट रहने की आवश्यकता है। प्रोफेसर डेविड कहते हैं, मौजूदा प्रकोप अप्रैल में शुरू हुआ और मई के अंत तक पीक पर पहुंच गया था हालांकि अब ये कम होने लगा है। वर्तमान लहर जुलाई या अगस्त तक समाप्त हो सकती है। पर हमें इस बात को लेकर सावधान रहना होगा कि अगले 6-9 महीनों में वायरस फिर से एक नए म्यूटेशन के साथ वापस आ सकता है। इस तरह के श्वसन रोगों के खतरे से बचे रहने के लिए उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए वार्षिक कोविड-19 के साथ फ्लू टीकाकरण जरूर हो जाता है, ताकि अगली लहर में आप गंभीर समस्या से बचे रह सकें। उच्च जोखिम वाले समूह लोगों का मतलब क्रॉनिक बीमारियों (हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, डायबिटीज) के शिकार, बुजुर्ग व कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों में संक्रमण की स्थिति में गंभीर रोग विकसित होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। संक्रमित होने पर निमोनिया, श्वसन विफलता या यहां तक कि मृत्यु का भी खतरा हो सकता है इसलिए जरूरी है कि आप टीकाकरण कराते रहे और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को संक्रमण से मुकाबले के लिए एक्टिव रख सकें। प्रोफेसर डेविड ने कहा, चूंकि हर साल एक नया प्रकोप वापस आने का खतरा है, इसलिए उच्च जोखिम समूह वाले लोगों को सलाह दूंगा कि वे संक्रमण के खिलाफ हर साल कम से कम एक बार टीका लगवाएं।

# दक्षिण पूर्व एशिया में लोगों ने किया योग



- शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण पर दिया जोर

बैंकॉक (आईएएनएस)

थाईलैंड, कंबोडिया और वियतनाम सहित कई दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। साथ ही, एकता और स्थिरता के लिए योग पर जोर दिया। थाईलैंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 4,000 से अधिक प्रतिभागियों ने बैंकॉक के चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मैदान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जश्न मनाया। बैंकॉक में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 4000 से अधिक प्रतिभागियों ने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत योग किया। थाईलैंड में पिछले 100 दिनों में 30 से अधिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन योग के माध्यम से एकता, स्वास्थ्य और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों को चिह्नित करता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाईलैंड में भारतीय राजदूत नागेश सिंह ने शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो एकता और स्थिरता के लिए वैश्विक आह्वान के अनुरूप है।

इस कार्यक्रम में बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपंट और चुलालोंगकॉर्न यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष विलर्ट पुरीवाट ने भी लोगों को योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि योग की बढ़ती लोकप्रियता से भारत और थाईलैंड के लोग और करीब आए हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' में व्यक्तिगत कल्याण और हमारे पर्यावरण के बीच संबंध पर जोर दिया गया है, जो पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक सद्भाव के भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। कंबोडिया में, 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नोम पेन्ह स्थित प्रतिष्ठित बौद्ध मंदिर, बोटुम वाटे मठ के सामने मनाया गया।

### विदेश में नागरिकों की सेफ्टी भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

# 290 लोगों को लेकर वापस लौटी तीसरी स्पेशल फ्लाइट

- वतन लौटने पर लगे 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे

नई दिल्ली (आईएएनएस)

'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरान से तीसरी फ्लाइट शनिवार को नई दिल्ली पहुंची, जिसमें 290 भारतीय थे। इनमें 190 जम्मू कश्मीर के लोग थे। सभी अपने देश वापस लौटकर बहुत खुश हैं। इन लोगों ने 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने के साथ भारत सरकार का आभार जताया है। विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने कहा, विदेश में भारतीय नागरिकों की सेफ्टी, सिक्योरिटी और वेलफेयर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में दो दिन पहले 'ऑपरेशन सिंधु' की शुरुआत की गई थी। इस फ्लाइट में तेहरान से 290 यात्री लौटे हैं। हम ईरान की सरकार के साथ-साथ आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमारे नागरिकों को विशेष फ्लाइट्स के जरिए ईरान से आने-जाने में सुविधा प्रदान की।

ऑपरेशन सिंधु



उन्होंने आगे कहा, अभी जो फ्लाइट लैंड की है, इसमें 290 यात्री थे। इनमें 190 जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश से थे। इसके अलावा हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक राज्यों से भी लोग थे। इसलिए उनकी मुस्कान ही हम सभी के लिए सबसे बड़ा इनाम था। अरुण कुमार चटर्जी ने आगे बताया, ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल में मौजूद भारतीय नागरिकों को वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के लिए कहा गया है। इसलिए एक बार जब नागरिक वहां रजिस्ट्रेशन करा लेंगे, तो हम उनके लिए स्पेशल इवैक्युएशन फ्लाइट की व्यवस्था करेंगे, जिसके लिए विभिन्न एयरलाइन्स के साथ काम किया जा रहा है। 'ऑपरेशन सिंधु' अभी शुरू हुआ है। इसे अभी दो दिन ही हुए हैं। आज तीसरा दिन है, इसलिए निश्चिंत रहें। कई फ्लाइट्स आएंगी और इन देशों से हमारे नागरिकों को वापस लाएंगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी सलामती के साथ-साथ उनकी भलाई का भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ध्यान रखा जाए।

अपने वतन वापस लौटीं एलिया वतूल ने कहा, ईरान में हमें भारत सरकार की ओर से फाइव स्टार होटल मिला। एक डर था, हमें पता नहीं था कि अगले पल क्या हो जाएगा। लेकिन, हमें पता था कि भारत सरकार को हमारी फिक्र है। हमें पता था कि हम सही सलामत अपने देश आएंगे।

भारत लौटे मौलाना सैय्यद मोहम्मद सईद ने बताया, ईरान में जंग के हालात हैं, लेकिन वहां के लोगों ने भी काफी सहयोग किया। हमारे दूतावास और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बहुत सपोर्ट किया है। दूतावास ने हमें तुरंत सेफ जोन में पहुंचाया और हमारे लिए फ्लाइट उपलब्ध करवाई।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा पैसा 2023 के मुकाबले 2024 में 3 गुना बढ़ा

-ब्यूरो




**नई दिल्ली।** स्विस बैंक शुरू हुआ 17वीं सदी में तथा 1713 में स्विट्जरलैंड में गोपनीयता के कड़े कानून बनाए गए। लेकिन 275 वर्ष बाद 1998 में यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड और स्विस बैंक कॉर्पोरेशन के मिलने से यूबीएस बना, जिसको आज 'स्विस बैंक' के नाम से जाना जाता है।ये बैंक पैसे जमा करने के साथ-साथ इन्वेस्टमेंट व फाइनेंशियल सर्विसेज भी देते हैं। ऐसे स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा पैसा 2023 के मुकाबले 2024 में तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हो गया है। भारतीय रुपए में यह लगभग 37,600 करोड़ रुपए होता है। तीन गुना ज्यादा है। तब ये रकम लगभग 11,000 करोड़ रूपये थी। ये 2021 के बाद सबसे ज्यादा रकम है, तब लगभग 41 हजार करोड़ रूपये थी। मालूम हो कि इस दौरान व्यक्तिगत ग्राहकों के खातों में जमा राशि 11% बढ़ी है, जो लगभग 3,675 करोड़ रुपए है। जो कुल रकम का लगभग 10वां हिस्सा ही व्यक्तिगत खातों से है। बाकी पैसा बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बॉन्ड्स व सिक्योरिटीज जैसे रास्तों से आया है।ये आंकड़े स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आधिकारिक रिकॉर्ड से हैं, जो बैंकों की देनदारियों को दिखाते हैं। इसमें वो पैसा शामिल नहीं है, जो भारतीय, एनआरआई या अन्य लोग तीसरे देशों की कंपनियों के नाम पर जमा करते हैं। स्विस अधिकारी कहते हैं कि वे भारत के साथ टैक्स चोरी व धोखाधड़ी के विरूद्ध लड़ाई में सहयोग करते हैं।

आईडीएफ का दावा

## 'हमारे सटीक हमले में कुद्स फोर्स के दो टॉप कमांडरों की मौत'

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को दावा किया कि उसके सटीक हमलों में वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी सईद इजादी और कुद्स फोर्स के वेपन ट्रांसफर यूनिट कमांडर बेहनाम शाहरियारी की पश्चिमी ईरान में मौत हो गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, आईडीएफ ने बताया, "ईरानी शासन के इजरायल को नष्ट करने की योजना के संस्थापक सईद इजादी को आईडीएफ के सटीक हमले में मार गिराया गया। इजादी, कुद्स फोर्स के (फिलिस्तीन कोर) कमांडर भी थे, जो ईरानी शासन और हमास के बीच एक मुख्य समन्वयक और 7 अक्टूबर के नरसंहार के मुख्य संचालकों में से एक थे।" आईडीएफ ने बताया कि इजादी ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ कमांडर्स और हमास के प्रमुख लोगों के बीच सैन्य समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



# सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था : डार

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि, '6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। कहा जाता है कि सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है।



पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज ने 4 जून को खुलासा किया था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ऐसे ठिकानों पर हमला किया था, जिनका भारतीय वायु सेना या सैन्य अधिकारियों ने जिक्र नहीं किया था।

यह जानकारी पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनयान उन मार्सूस से जुड़े दस्तावेज में सामने आई है। पाकिस्तान की तरफ से जारी दस्तावेज के मुताबिक भारत ने पेशावर, झंग, हैदराबाद (सिंध), गुजरात (पंजाब), बहावलनगर, अटक और चोर पर भी हमले किया था।

### इशाक डार के दो बड़े खुलासे...

#### भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया

इशाक डार ने कहा कि पीएम शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोल आउट करना है। हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया।

#### सऊदी अरब ने तनाव कम करने की कोशिश की

डिप्टी पीएम डार ने कहा, "भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्ध विराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरूर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भी एक इंटरव्यू में स्वीकार किया कि भारत ने ब्रह्मोस मिसाइलों से रावलपिंडी एयरपोर्ट सहित कई जगहों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने 10 मई को सुबह 4:30 बजे जवाबी हमला करने की योजना बनाई थी, लेकिन भारत की दूसरी लहर के हमलों (9-10 मई की रात) ने पाकिस्तान की योजना बिगाड़ दी।




### अनुपम खेर ने न्यूयॉर्क में मनाया योग दिवस, कहा-

# 'भारत का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात'

बॉलीवुड के अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर, जो वर्तमान में न्यूयॉर्क में हैं, ने बिग एपल के टाइम्स स्क्वायर में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर को भारतीय संस्कृति और योग की महत्ता को वैश्विक स्तर पर फैलाने का एक शानदार मौका बताया।

अनुपम ने इंस्टाग्राम पर शनिवार सुबह टाइम्स स्क्वायर में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से कई वीडियो और तस्वीरें शेयर कीं।

एक वीडियो में अनुपम खेर कहते हुए सुनाई दे रहे हैं: "नमस्ते, इस दुनिया की सबसे प्रसिद्ध जगह पर योग करते देखना बहुत अच्छा लगता है। मैं बचपन से अपने दादा जी को योग करते हुए देखता आया हूं। योग सिर्फ हमारे शरीर के लिए अच्छा नहीं है, बल्कि हमारे मन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। यह एक शानदार पहल थी।"

दूसरी तस्वीरों और वीडियो में अनुपम खेर को टाइम्स स्क्वायर में लोगों के साथ योग करते हुए देखा जा सकता है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए अनुपम ने कैप्शन में लिखा, "टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में योग: मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात थी कि मैं भारत की तरफ से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस प्रसिद्ध जगह पर मौजूद रहा। धन्यवाद मुझे इस खास आयोजन में बुलाने के लिए। इस शानदार माहौल में योग करना अद्भुत एहसास था। जय हिंद।"

